
* *

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

रविवार 17 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 329 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



## लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

### चार राज्यों के विधानसभा चुनावों की भी घोषणा

**देश में आदर्श आचार संहिता लागू**

# 7 दौर का दंगल
# 4 जून को किसका मंगल

### लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम

1 **पहला चरण**
मतदानः 19 अप्रैल
राज्यः 21
लोकसभा सीटेंः 102

2 **दूसरा चरण**
मतदानः 26 अप्रैल
राज्यः 13
लोकसभा सीटेंः 89

3 **तीसरा चरण**
मतदानः 7 मई
राज्यः 12
लोकसभा सीटेंः 94

4 **चौथा चरण**
मतदानः 13 मई
राज्यः 10
लोकसभा सीटेंः 96

5 **पांचवां चरण**
मतदानः 20 मई
राज्यः 8
लोकसभा सीटेंः 49

6 **छठा चरण**
मतदानः 25 मई
राज्यः 7
लोकसभा सीटेंः 57

7 **सातवां चरण**
मतदानः 1 जून
राज्यः 8
लोकसभा सीटेंः 57

**नतीजे**
4 जून 2024

शुभम संदेश नेटवर्क

चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल से सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे. वोटों की गिनती 4 जून को होगी. लोकसभा चुनावों के साथ ही झारखंड की गांडेय सीट समेत देश के विभिन्न राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे. इसके साथ ही चार राज्यों के विधानसभा चुनावों की भी घोषणा की गई है. इसके तहत अरुणाचल प्रदेश की 60 और सिक्किम की 32 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा. इसी तरह आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 147 विधानसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होगा. इन राज्यों के नतीजे भी लोकसभा चुनाव के परिणाम के साथ ही घोषित किए जाएंगे. आम चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है. करीब तीन महीने तक पूरा देश चुनाव मोड में रहेगा. इस दौरान पहले से चल रहे विकास कार्य चालू रहेंगे, लेकिन किसी तरह की नयी योजना घोषित नहीं हो सकेगी. बहुत जरूरी होने पर ही चुनाव आयोग के निर्देश पर ही तबादले हो सकेंगे.

### कोई लालच दे तो यहां करें शिकायत

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि चुनाव में बाहुबल, पैसा, गलत सूचना और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से निपटने को लेकर चुनाव आयोग प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि नागरिकों को कोई भी शिकायत है तो वो सीविजिल ऐप से भेज सकते हैं. इसमें कहीं भी कोई पैसा बांटने का केस है, चुनावी लालच दिया जाने का मामला है, तो बस तुरंत एक फोटो लीजिए और टेक्स्ट लिखिए और हमें भेज दीजिए. हम तुरंत ऐक्शन लेंगे.

## करीब तीन महीने तक चुनाव मोड में देश




### यहां होंगे एक दिन में मतदान- कुल 22 राज्य

अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दमनदीव और नगर हवेली, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, लक्षदीप, लद्दाख, मिजोरम, मेघालय, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, पंजाब, तेलंगाना, उत्तराखंड.

- **यहां होंगे दो चरण में मतदान** - 4 राज्य : कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा, मणिपुर.
- **यहां होंगे तीन चरण में मतदान**- 02 राज्य : छत्तीसगढ़, असम
- **यहां होंगे 4 चरण में मतदान**- 03 राज्य : झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश
- **यहां होंगे 5 चरण में मतदान**- 02 राज्य : महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर
- **यहां होंगे 7 चरण में मतदान** - 03 राज्य : उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल

### झारखंड में कब कहां चुनाव

| चरण | तारीख | लोकसभा क्षेत्र |
|---|---|---|
| चौथा | 13 मई | सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू |
| पांचवां | 20 मई | चतरा, कोडरमा, हजारीबाग |
| छठवां | 25 मई | गिरडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर |
| सातवां | 01 जून | राजमहल, दुमका, गोड्डा |



### कब कब हुए लोकसभा चुनाव

| वर्ष | कुल सीटें | वोट पड़े | सबसे बड़ी पार्टी | प्रधानमंत्री बने |
|---|---|---|---|---|
| 1951-52 | 489 | 44.87% | कांग्रेस | जवाहर लाल नेहरू |
| 1957 | 494 | 45.44% | कांग्रेस | जवाहर लाल नेहरू |
| 1962 | 494 | 55.42% | कांग्रेस | जवाहर लाल नेहरू (1964) |
| 1967 | 520 | 61.04% | कांग्रेस | इंदिरा गांधी |
| 1971 | 518 | 55.27% | कांग्रेस | इंदिरा गांधी |
| 1977 | 542 | 60.49% | जनता पार्टी | मोरारजी देसाई |
| 1980 | 529 | 56.92% | कांग्रेस | इंदिरा गांधी |
| 1984 | 541 | 64.01% | कांग्रेस | राजीव गांधी |
| 1989 | 529 | 61.95% | जनता दल | वीपी सिंह |
| 1991 | 534 | 56.73% | कांग्रेस | पीवी नरसिम्हा राव |
| 1996 | 543 | 57.94% | भाजपा | अटल बिहारी वाजपेयी |
| 1998 | 543 | 61.97% | भाजपा | अटल बिहारी वाजपेयी |
| 1999 | 543 | 59.99% | भाजपा | अटल बिहारी वाजपेयी |
| 2004 | 543 | 58.07% | कांग्रेस | मनमोहन सिंह |
| 2009 | 543 | 58.21% | कांग्रेस | मनमोहन सिंह |
| 2014 | 543 | 66.44% | भाजपा | नरेंद्र मोदी |
| 2019 | 543 | 67.40% | भाजपा | नरेंद्र मोदी |




### एनडीए के मुद्दे

- मोदी की गारंटी
- परिवारवाद
- यूपीए शासन का भ्रष्टाचार
- गैर भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार
- विकास का परसेप्शन
- सीएए लाने, राम मंदिर बनाने की उपलब्धि
- विकसित देश बनाने का भरोसा


### इंडिया के मुद्दे

- इलेक्टोरल बॉण्ड घोटाला
- सरकार की कॉर्पोरेटपरस्ती
- अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई
- महंगाई
- बेरोजगारी
- जाति जनगणना का वादा

**▪ लोकसभा चुनावों के साथ ही झारखंड की गांडेय सीट समेत देश के विभिन्न राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे**


### इस चुनाव में 96.8 करोड़ मतदाता, 2019 के मुकाबले 6% बढ़े

विश्व में सबसे बड़ा मतदाता वर्ग भारत में है. देशभर में कुल 96.88 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं. पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ है जबकि महिला मतदाता 47.1 करोड़ हैं. देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया गया है. इस दौरान आयोग ने आम चुनावों के लिए पंजीकृत मतदाताओं के आंकड़े भी जारी किए. ईसीआई के अनुसार, देश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 96.88 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं.



### सात करोड़ वोटर बढ़े

कुल वोटर
**97 करोड़**



महिला वोटर 47.10 करोड़ | पुरुष वोटर 49.7 करोड़

ट्रांसजेडर 48000

18-19 साल के वोटर 1.85 करोड़

- 21.5 करोड़ वोटर युवा हैं.
- 19 लाख सर्विस वोटर हैं.
- 19.74 करोड़ करोड़ वोटर 20-29 साल के.
- 19 लाख वोटर सर्विस वोटर हैं.
- 88.35 लाख वोटर विकलांग हैं.
- 1.85 करोड़ वोटर 80 साल से अधिक उम्र के.
- 2.38 लाख वोटर 100 साल से अधिक उम्र के.
- 1.84 करोड़ वोटर पहली बार मतदान करेंगे.

### किस दल के कितने सांसद

| दल | सांसद | दल | सांसद |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 290 | भाकपा | 02 |
| कांग्रेस | 48 | सपा | 02 |
| डीएमके | 24 | अकाली दल | 02 |
| टीएमसी | 22 | आप | 01 |
| वाईएसआर कांग्रेस | 22 | एजेएसयू | 01 |
| शिव सेना | 19 | एआईएडीएम | 01 |
| जदयू | 16 | एआईयूडीएफ | 01 |
| बीजू जनता दल | 12 | जनता दल (से) | 01 |
| बसपा | 10 | झामुमो | 01 |
| टीआरसी | 08 | केरल कांग्रेस | 01 |
| एलजेपी | 06 | मिजो नेशनल फ्रंट | 01 |
| आरसीपी | 05 | नगालैंड पीपुल्स फ्रंट | 01 |
| भाकपा (मा) | 03 | एनपीपी | 01 |
| निर्दलीय | 03 | एनडीपीपी | 01 |
| आईयूएमएल | 03 | रिसोपा | 01 |
| जेकेएन कांफ्रेंस | 03 | शिरोमणि अकाली दल | 01 |
| टीजीपी | 03 | एसकेएम | 01 |
| एआईएम | 02 | वीसीके | 01 |
| अपना दल | 02 | ............ | |


### आचार संहिता के प्रावधान

- कोई भी प्रत्याशी सरकारी गाड़ी, हवाई जहाज या आवास का इस्तेमाल चुनाव प्रचार में नहीं कर सकता.
- **कोई भी प्रत्याशी सरकारी सिस्टम का इस्तेमाल नहीं करेगा.**
- कोई भी प्रत्याशी वोटरों को पैसों का प्रलोभन नहीं दे सकते.
- **राजनीतिक दल, प्रत्याशी, नेता या कार्यकर्ताओं को रैली या सभा करने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी.**
- सार्वजनिक धन का इस्तेमाल किसी भी पार्टी या नेता को फायदा पहुंचाने के लिए नहीं किया जा सकता.
- **केंद्र व राज्य सरकार के मंत्री आधिकारिक दौरे पर चुनाव प्रचार के काम नहीं करेंगे.**
- केंद्र व राज्य सरकार के मंत्री चुनाव प्रचार के दौरान सरकारी तंत्र या सरकारी कर्मियों की मदद नहीं लेंगे.
- **आचार संहिता लगे होने पर चुनाव कार्य में लगे अफसरों का तबादला नहीं की जा सकती.**
- सरकारी विज्ञापनों पर रोक लग जाता है.

| एनडीए में 39 दल | इंडिया में 39 दल |
|---|---|
| 1 भाजपा | 1 कांग्रेस |
| 2 शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) | 2 समाजवादी पार्टी |
| 3 राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) | 3 द्रविड़ मुनेत्र कड़गम |
| 4 राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी | 4 शिवसेना (उद्धव गुट) |
| 5 एआईडीएमके | 5 भाकपा (मा) |
| 6 अपना दल | 6 एनसीपी (शरद पवार गुट) |
| 7 नेशनल पीपुल्स पार्टी | 7 राष्ट्रीय जनता दल |
| 8 एनडीपीपी | 8 भारती कम्युनिस्ट पार्टी |
| 9 आजसू | 9 आम आदमी पार्टी |
| 10 सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा | 10 इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग |
| 11 मिज़ो नेशनल फ्रंट | 11 झारखंड मुक्ति मोर्चा |
| 12 इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा | 12 रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी |
| 13 नगा पीपुल्स फ्रंट, नागालैंड | 13 भाकपा (एमएल) एल |
| 14 रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) | 14 जेकेएनसी |
| 15 असम गण परिषद | 15 केरल कांग्रेस (एम) |
| 16 राष्ट्रीय लोकदल | 16 वीसीके |
| 17 पट्टली मक्कल काची | 17 एमडीएमके |
| 18 तमिल मनीला कांग्रेस | 18 केरल कांग्रेस |
| 19 यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल | 19 अपना दल (के) |
| 20 सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी | 20 भारत की किसान व श्रमिक पार्टी |
| 21 शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) | 21 ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक |
| 22 महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी | 22 पीडीपी |
| 23 जननायक जनता पार्टी | 23 एमएमके |
| 24 प्रहर जनशक्ति पार्टी | 24 केएमडीके |
| 25 राष्ट्रीय समाज पक्ष | 25 रायजोर दल |
| 26 जन सुराज्य शक्ति पार्टी | 26 असम जातीय परिषद |
| 27 कुकी पीपुल्स एलायंस | 27 अंचलिक गण मोर्चा |
| 28 यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (मेघालय) | 28 ऑल पार्टी हिल लीडर्स कांफ्रेंस |
| 29 हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी | 29 वंचित बहुजन अघाड़ी |
| 30 निषाद पार्टी | 30 बीजीपीएम |
| 31 अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस | 31 गोवा फॉरवर्ड पार्टी |
| 32 हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) | 32 मक्कल नीधि मय्यम |
| 33 जन सेना पार्टी | 33 इंडियन सेक्यूलर फ्रंट |
| 34 हरियाणा लोकहित पार्टी | 34 पीएलपी |
| 35 भारत धर्म जन सेना | 35 जातीय दल असम |
| 36 केरल कामराज कांग्रेस | 36 जनवादी पार्टी (सो) |
| 37 पुथिया तमिलगम | 37 जोरम नेशनलिस्ट पार्टी |
| 38 लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) | 38 मिजोरम पीपुल्स कांफ्रेंस |
| 39 गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट | 39 महान दल |

### इंडिया गठबंधन (कुल सीटें- 374)

| | | |
|---|---|---|
| झारखंड-14 | चंडीगढ़-01 | तमिलनाडु-39 |
| बिहार-40 | मध्य प्रदेश-29 | बंगाल-42 |
| यूपी-80 | महाराष्ट्र-48 | हरियाणा-10 |
| दिल्ली-07 | गुजरात-26 | गोवा-02 |




### इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तरप्रदेश -80** | कांग्रेस-03 | कांग्रेस-01 | कांग्रेस-02 | **बिहार-40** |
| सपा 63 | **हरियाणा-10** | **गुजरात-26** | आप-00 | राजद-28 |
| कांग्रेस-17 | कांग्रेस-09 | कांग्रेस-24 | **एमपी-29** | कांग्रेस-09 |
| **दिल्ली-07** | आप-01 | आप-02 | कांग्रेस-28 | माले-02 |
| आप-04 | **चंडीगढ़-01** | **गोवा-02** | सपा-01 | भाकपा-01 |

### एनडीए की सीट शेयरिंग

| | |
|---|---|
| **बिहार-40** | हम-01 |
| भाजपा-22 | रालोसपा-01 |
| जदयू-14 | **यूपी-80** |
| लोजपा आर-04 | ............ |

▪ *आरएलडी, राष्ट्रीय लोकदल समता पार्टी, अपना दल (सोनीलाल), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (ओम प्रकाश राजभर) के बीच होगी शीट शेयरिंग.*

### बिहार की 40 सीटों पर कब होगा मतदान

| चरण - | लोकसभा क्षेत्र - | मतदान की तारीख |
|---|---|---|
| पहला - | औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई - | 19 अप्रैल |
| दूसरा - | किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, बांका - | 26 अप्रैल |
| तीसरा - | झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया - | 7 मई |
| चौथा - | दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर - | 13 मई |
| पांचवां - | सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण, हाजीपुर - | 20 मई |
| छठा - | वाल्मिकी नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, महाराजगंज, सिवान - | 25 मई |
| सातावां - | नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद - | एक जून |

इन राज्यों के नतीजे भी लोकसभा चुनाव के परिणाम के साथ ही घोषित किए जाएंगे.

**▪ अरुणाचल प्रदेश की 60 और सिक्किम की 32 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा. इसी तरह आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 147 विधानसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होगा.**

### चुनावी फैक्ट

**10.50** लाख बूथों पर मतदान होगा

**55** लाख ईवीएम का इस्तेमाल होगा

**1.50** करोड़ चुनाव अधिकारी तैनात होंगे

## चुनाव आयोग की घोषणा

# नफरत भरे भाषणों पर इस बार होगी सख्ती

शुभम संदेश नेटवर्क

चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी. आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इसका ऐलान किया. इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनावी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और आयोग की पूरी




योजना बताई. चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि आयोग पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए पूरी तैयार कर चुका है. इतना ही नहीं, इस बार निर्वाचन आयोग नेताओं पर सबसे ज्यादा सख्त रहेगा और मतदाताओं को सबसे ज्यादा सहूलियत दी जाएगी. मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह हम लोगों के लिए ऐतिहासिक क्षण है. 2024 दुनिया के लिए भी चुनावों का साल है.

### नेताओं का बाहुबल-धनबल काम नहीं आएगा

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव में हिंसा कोई स्थान नहीं होना चाहिए. इस बार नया प्रयोग किया जा रहा है. जो भी हमें सख्ती से करना होगा, हम करेंगे. हर जिले में एक कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है. वहां टीवी, सोशल मीडिया, वेब कास्टिंग, 1950 हेल्पलाइन और शिकायत पोर्टल होगा. इस पर निगरानी के लिए हर जिले के ऐसे कंट्रोल रूम में एक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा. जहां भी शिकायत मिलेगी, वहां सख्त कार्रवाई होगी. जिन लोगों के पास गैर जमानती वॉरंट हैं और जो हिस्ट्रीशीटर्स हैं, उन पर देशभर में कार्रवाई की जा रही है.

### झूठ के बाजार में रौनक बहुत होती है

राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग समेत किसी की भी आलोचना करने की पूर्ण स्वतंत्रता है, लेकिन फेक न्यूज, अफवाहें फैलाने की आजादी नहीं है. हर राज्य के अधिकारियों को अधिकार दिया गया है, ताकि वे आपत्तिजनक बयानों से जुड़ी पोस्ट हटाने को कह सकें. अगर कोई झूठा नरैटिव फैला रहा है, तो हम उसका पुरजोर मुकाबला करेंगे. चुनाव आयोग की वेबसाइट पर झूठ बनाम हकीकत नाम से श्रृंखला शुरू की जाएगी.

### नीतिगत फैसलों पर लगा ब्रेक, ढाई करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट

# आचार संहिता लागू होने के चंद घंटे पहले सीएम ने की धुंआधार बैटिंग

रवि भारती। रांची

लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है. चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही कोड ऑफ कंडक्ट लागू हो गया है. अब नीतिगत फैसलों पर ब्रेक लग गया है. शनिवार को चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने से पहले चंपाई सरकार ने धुंआधार बैटिंग की. चाईबासा में 2 अरब, 31 करोड़ रुपए की 135 योजनाओं का शिलान्यास किया. 1 अरब 7 करोड़ रुपए की 27 योजनाओं का उद्घाटन किया और लाभुकों के बीच 173 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियां बांटी. फिर कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्तावों को हरी झंडी दी. जिसमें दर्जनों सड़क और पेयजलापूर्ति की योजनाएं शामिल रहीं. इससे पहले भी सीएम ने धुआंधार जनसभाएं कर सरकारी की उपलब्धियां और भविष्य की योजनाएं लोगों के बीच रखीं.



***20 मई को गांडेय विधानसभा सीट के लिए भी होगा उपचुनाव***

***झारखंड में चार चरणों में होगा लोकसभा चुनाव***

**झारखंड में 2 करोड़ 53 लाख 86 हजार 152 वोटर**

झारखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 53 लाख 86 हजार 152 है, जिसमें 1 करोड़ 24 लाख 48 हजार 225 महिला और एक करोड़ 29 लाख 37 हजार पुरुष मतदाता शामिल हैं. थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 469 है. झारखंड में पहली बार वोट देने वालों की संख्या 21 लाख 67 हजार 270 है, इनकी उम्र 18 साल से 22 साल के बीच है.

**2019 के चुनाव में कई दिग्गजों को मिली थी करारी हार**


2019 के लोकसभा चुनाव में कई दिग्गज नेताओं को करारी हार मिली थी. दुमका सीट से पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरन, कोडरमा में पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबूलाल मरांडी, रांची में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, जमशेदपुर में वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन, धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी और नामी क्रिकेटर रहे कीर्ति झा आजाद, सिंहभूम से पूर्व सांसद लक्ष्मण गिलुआ और गोड्डा से पूर्व मंत्री प्रदीप यादव चुनाव हार गये थे.

**बीजेपी अब तक कर चुकी है 11 उम्मीदवारों की घोषणा**

बीजेपी ने अब तक अपने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है. इनमें रांची, हजारीबाग, राजमहल, दुमका, गोड्डा, कोडरमा, जमशेदपुर, खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू शामिल हैं. बीजेपी ने अब तक 11 सीटों में दो पूर्व सांसदों का टिकट काटा है. इनमें हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत हैं. चतरा, धनबाद और गिरिडीह की सीटों से उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं. गिरिडीह की बात करें तो पिछली बार वह सीट आजसू के खाते में गयी थी और चंद्रप्रकाश चौधरी ने वहां जीत हासिल की थी. चतरा में वर्तमान सांसद सुनील सिंह और धनबाद से सांसद पीएन सिंह हैं.

**झारखंड में गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा अभी तक नहीं हुई है**

झारखंड में इंडिया गठबंधन में सीटों का फार्मूला हो चुका है. लेकिन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा अब तक नहीं हुई है. जानकारी के अनुसार जल्द ही उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी. फिलहाल गठबंधन के तहत जो फॉर्मूला तय हुआ है उसके अनुसार कांग्रेस सात, झामुमो पांच, राजद और वामदल एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे.



**चुनावी अखाड़े में भाजपा के ये हैं उम्मीदवार**

| | |
|---|---|
| राजमहल | – ताला मरांडी |
| दुमका | – सुनील सोरेन |
| गोड्डा | – डॉ निशिकांत दुबे |
| सिंहभूम | – गीता कोड़ा |
| कोडरमा | – अन्नपूर्णा देवी |
| रांची | – संजय सेठ |
| जमशेदपुर | – विद्युत वरण महतो |
| खूंटी | – अर्जुन मुंडा |
| लोहरदगा | – समीर उरांव |
| पलामू | – विष्णु दयाल राम |
| हजारीबाग | – मनीष जायसवाल |

**20 मई को गांडेय सीट के लिए होगा उपचुनाव**


झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 मई को 4 सीटों पर होगा. जिसमें सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में वोट डाले जाएंगे. दूसरे चरण का मतदान 20 मई को 3 सीटों पर होगा, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में वोट डाले जाएंगे. तीसरे चरण का मतदान 25 मई को 4 सीटों पर होगा, जिसमें गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में वोट डाले जाएंगे. चौथे चरण का मतदान 1 जून को 3 सीट के लिए होगा, जिसमें राजमहल, दुमका और गोड्डा में वोट डाले जाएंगे. वहीं गांडेय विधानसभा सीट के लिए भी उपचुनाव कराया जाएगा. लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण की वोटिंग के दौरान ही यहां विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे. यह सीट डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफा देने से खाली हुई है. डॉ सरफराज अहमद झारखंड से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं. गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे.

---

**ब्रीफ खबरें**

### ओरमांझी समेत 15 अंचलों के सीओ बदले

**रांची।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है. राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित और पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे 15 अंचलाधिकारियों की ट्रांसफर - पोस्टिंग की है. इसकी अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गयी. उज्जल सोरेन को ओरमांझी सीओ बनाया गया है. विजय कुमार दास को टंडवा, सुनील कुमार को सरायकेला, धर्मेंद्र कुमार दुबे को गोविंदपुर का सीओ बनाया गया है.



खूंटी से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को पूर्व सांसद 'पद्म भूषण' कड़िया मुंडा से उनके अनगड़ा स्थित घर जाकर आशीर्वाद लिया.

### डीसी ने लोस चुनाव को लेकर की बैठक

**रांची ।** रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी व प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक की. इस दौरान कोषांग द्वारा किये जा रहे कार्यों पर चर्चा की गयी. बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडे आदि शामिल थे.

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी ने भाजपा पर साधा निशाना, की आलोचना

# भाजपा लोकतंत्र की हत्या की साजिश रचने में व्यस्त : कल्पना

प्रमुख संवाददाता। रांची

जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने शनिवार को भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि पूंजीपतियों के चंदे और चुनावी बॉण्ड पर निर्भर भगवा दल लोकतंत्र की हत्या की साजिश रचने में व्यस्त है, जबकि उनके पति 45 से अधिक दिनों से अन्यायपूर्ण कारागार में हैं.

कल्पना सोरेन ने चार मार्च को गिरिडीह जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 51वें स्थापना दिवस समारोह में राजनीतिक यात्रा शुरू की. उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही विरोधियों द्वारा एक साजिश रची गई थी. कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था. कल्पना ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, हेमंत जी को अन्यायपूर्ण कारावास में रहते हुए 45 दिन से अधिक हो गए हैं...आज हाथी उड़ाने वाले लोग (भाजपा) चुनावी बॉण्ड और पूंजीपतियों से प्राप्त अन्य चंदे की मदद से लोकतंत्र की हत्या की साजिश रचने में व्यस्त हैं.

झारखंड में रघुवर दास के नेतृत्व वाली पिछली भाजपा सरकार के शासनकाल के दौरान फरवरी 2017 में रांची में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभंकर उड़ता हुआ हाथी था. कल्पना ने पोस्ट में कहा कि भाजपा का जनजातियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक वर्गों से कोई लेनादेना नहीं है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि क्या वह झारखंड की किसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी क्योंकि



विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से अब तक उम्मीदवारों की सूची का ऐलान नहीं किया गया है. मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को कहा था कि संसदीय चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी. अंतिम रूप से अभी निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि झामुमो जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र सहित पांच सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगा और सिंहभूम (सुरक्षित) सीट पर भी चुनाव लड़ सकता है. कल्पना ने अपनी पोस्ट में कहा, मैं उनसे (हेमंत सोरेन) सप्ताह में एक बार कुछ समय के लिए मिल पाती हूं. वह अपने पिता और मां के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहते हैं. राज्य के बारे में पूछने के साथ-साथ वह हमारे बच्चों के बारे में भी पूछते हैं. राज्य के लोगों के प्रति हेमंत जी का प्यार और समर्पण मुझे ताकत प्रदान करता रहता है.

इस अन्यायपूर्ण कारावास में भी, वह मुस्कुराते हैं और कहते हैं कि आप एक मां हैं, आप हर चीज का ख्याल रखेंगी. कल्पना ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हेमंत जी ने महिला कांस्टेबल की सुविधाओं के संबंध में सरकार को अनुरोध भेजा था. पोस्ट में कहा गया है, झारखंड सहित देश की जेलों में बंद कैदियों में सबसे ज्यादा संख्या आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों की है. मुझे याद है कि मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत जी ने ऐसे कुछ कैदियों को रिहा करने का निर्देश भी दिया था. कल्पना ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने पांच फरवरी को अपना बहुमत साबित करने के बाद और उनके पति ने झारखंड विधानसभा में एक उग्र भाषण दिया था. कल्पना सोरेन ने घोषणा की कि अन्याय और दमन के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी. कल्पना को पहले मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था, लेकिन उन्हें शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के विरोध का सामना करना पड़ा। कल्पना ने कहा था, मैंने लड़ाई लड़ी है और लड़ती रहूंगी! हमने जीत दर्ज की है और हम जीतेंगे. उन्होंने पोस्ट किया था, जब तक झारखंड के योद्धा (हेमंत सोरेन) केंद्र और भाजपा की साजिश को हरा कर हमारे साथ नहीं आ जाते, तब तक मैं उनका अकाउंट संभालूंगी. हमारे बहादुर पूर्वजों ने अन्याय और दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अब फिर से इसका समय आ गया है. आपका प्यार और आशीर्वाद वैसे ही बने रहे. एमटेक और एमबीए की पढ़ाई कर चुकीं कल्पना सोरेन ने अपनी स्कूली शिक्षा ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपदा में पूरी की. उन्होंने भुवनेश्वर में रहकर इंजीनियरिंग और एमबीए की डिग्री प्राप्त की.

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम गठबंधन सरकार ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों के समर्थन से बहुमत हासिल किया था, जबकि 29 विधायकों ने विरोध में मतदान किया था. विश्वास मत से पहले सदन में बोलते हुए हेमंत सोरेन ने कहा था, 31 जनवरी भारत के इतिहास में एक काला अध्याय था. राजभवन के इशारे पर एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया था...भाजपा नहीं चाहती कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री झारखंड में पूरे पांच साल पूरे करे. उन्होंने अपने शासनकाल में भी इसकी अनुमति नहीं दी. हेमंत ने कहा था, मैं अब आंसू नहीं बहाऊंगा. मैं उचित समय पर सामंती ताकतों को करारा जवाब दूंगा. हेमंत सोरेन ने भाजपा को अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए तो वह राजनीति छोड़ देंगे. हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था, जिससे अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि कल्पना सत्ता संभालेंगी. लेकिन उनके परिवार में दरार उभर आई और उनकी भाभी और झामुमो विधायक सीता सोरेन ने कल्पना को मुख्यमंत्री बनाने के किसी भी कदम का खुले तौर पर विरोध किया.

पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा की विधवा सीता सोरेन ने कहा था, मैं पूछना चाहूंगी कि केवल कल्पना सोरेन ही क्यों, जो विधायक भी नहीं हैं और उनके पास कोई राजनीतिक अनुभव भी नहीं है...किस परिस्थिति में उनका नाम उछाला जा रहा है, जबकि पार्टी में इतने सारे वरिष्ठ नेता हैं. हेमंत सोरेन ने पहले अपनी पत्नी के गांडेय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलों को खारिज कर दिया था और इसे भाजपा की 'कल्पना' करार दिया था. लेकिन दिसंबर में सत्तारूढ़ झामुमो के गांडेय से विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से अटकलें फिर शुरू हो गईं. भाजपा ने दावा किया कि अहमद को पद छोड़ने के लिए मजबूर किया गया ताकि सोरेन की पत्नी ईडी के समन से संबंधित किसी भी स्थिति में गांडेय से चुनाव लड़ सकें.

### मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

# बर्खास्त इंजीनियर को सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त जमानत

लीगल रिपोर्टर। रांची/ दिल्ली

**खास बातें**

- हर तारीख पर सशरीर कोर्ट में हाजिर होना होगा
- मोबाइल नंबर की जानकारी ईडी अफसरों को देनी होगी

बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद सिन्हा को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है. करीब 5 वर्षों से जेल की सलाखों के पीछे रहने के बाद शीर्ष अदालत ने राम विनोद सिन्हा को इस शर्त पर बेल दी है कि वे हर तारीख पर अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर होंगे. अदालत ने यह भी शर्त रखी है कि वह जमानत पर रहने के दौरान जिस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करेंगे, उसकी जानकारी ईडी के अधिकारियों को मुहैया करायेंगे. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की खंडपीठ में राम विनोद सिन्हा की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता पांडेय नीरज रॉय और अधिवक्ता रचिता राय ने बहस की. भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिन्हा के खिलाफ खूंटी में करीब 17 मामले दर्ज हैं, जिसकी जांच एसीबी कर रही है. ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साथ-साथ कई गड़बड़ियां करने के आरोपी बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा को 18 जून 2020 को कोलकाता से गिरफ्तार किया था. बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद सिन्हा पर खूंटी जिला परिषद के मनरेगा योजना से जुड़े 18 करोड़ 76 लाख रुपये के फर्जीवाड़ा का आरोप है.

### झारखंड हाईकोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा, कहा

# सहमति से बना शारीरिक संबंध दुष्कर्म नहीं हो सकता

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें रेप के आरोप में एक युवक को दोषी करार देते हुए सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी थी. दरअसल पाकुड़ सिविल कोर्ट ने मोहिदुल नाम के एक युवक को रेप के आरोप में दोषी करार दिया था. पाकुड़ सिविल कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ मोईदुल ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल की थी. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की आदलात ने दोनों पक्षों की



बहस सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि सभी तथ्यों को देखने के बाद यह स्पष्ट होता है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध नहीं बनाये. युवती की सहमति से ही शारीरिक संबंध बनाया गया, इसलिए इसे रेप नहीं माना जाएगा. प्रार्थी मोईदुल की ओर से अधिवक्ता जसविंदर मजुमदार ने बहस की. वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पंकज कुमार मिश्रा ने बहस की.

# अगर-मगर, किंतु-परंतु पर लगा विराम, 20 मई को गांडेय में उपचुनाव

प्रमुख संवाददाता। रांची

चुनाव आयोग ने शनिवार को गांडेय विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी है. उपचुनाव 20 मई को होगा. अब अगर मगर, किंतु-परंतु पर विराम लग गया है. पिछले साल झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने गांडेय सीट से इस्तीफा दे दिया था. इस्तीफे के बाद सत्ता के गलियारों में इसकी चर्चा तेज हो गई थी. कहा जा रहा था कि अगर किसी परिस्थिति में तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन को ईडी गिरफ्तार कर लिया, तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को गांडेय सीट से चुनाव लड़ाया जा सकता है. वहीं बीजेपी ने तर्क दिया था कि सरफराज के इस्तीफे के बाद झारखंड विधानसभा की अवधि एक वर्ष से भी कम है, इस कारण अब वहां उप चुनाव नहीं हो सकता. इस मसले को बीजेपी ने चुनाव आयोग के समक्ष भी रखा था. लेकिन इन सभी कयासों पर विराम लग गया है.

**31 दिसंबर को सरफराज का इस्तीफा हुआ था स्वीकार :** झामुमो के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद का इस्तीफा स्पीकर ने 31 दिसंबर 2023 को स्वीकार कर लिया था. इस संबंध में झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी की गयी थी. फिलहाल डॉ सरफराज अहमद झारखंड से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं.

### राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए डॉ सरफराज अहमद

गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद डॉ सरफराज अहमद को झारखंड से राज्यसभा के लिए गठबंधन का साझा प्रत्याशी बनाया गया था. दो सीटों के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष से एक-एक प्रत्याशी होने के नाते ये निर्विरोध निर्वाचित किए गए. बीजेपी से जहां डॉ प्रदीप वर्मा, वहीं गठबंधन से डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए. डॉ सरफराज अहमद ने कांग्रेस से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी. पहली बार उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव जीता था. 2009 में फिर से कांग्रेस के ही टिकट पर गांडेय विधानसभा से चुनाव जीता था. 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-झामुमो गठबंधन में सीटों के बंटवारे में गांडेय विधानसभा की सीट झामुमो के खाते में चली गयी थी. इसके बाद उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया था और फिर गांडेय सीट से चुनाव जीता.



### रांची ट्रैफिक एसपी को ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एक आईपीएस और चार डीएसपी का तबादला किया गया है . इससे संबंधित आदेश झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दिया. जारी आदेश के मुताबिक, रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित पीयूष पांडेय को जैप 10 होटवार रांची का कमांडेंट बनाया गया है, जबकि रांची ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल को रांची ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. डीएसपी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित बैजू उरांव को पलामू डीआइजी ऑफिस में पदस्थापित किया गया है. मुख्यालय डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित पवन कुमार को सिमडेगा डीएसपी,जबकि साहेबगंज डीएसपी के पद पर पदस्थापित बहामन टूटी को डीएसपी आईआरबी 9 गिरिडीह बनाया गया है और आईआरबी 9 डीएसपी के पद पर पदस्थापित किशोर तिर्की को डीएसपी साहेबगंज के पद पदस्थापित किया गया है.

CLASSIFIED















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 17 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 329 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# गांवों में खोले जा रहे डिग्री कॉलेज, विकास को दे रहे नया आयाम: सीएम

शुभम संदेश टीम। रांची/चाईबासा

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज और राज्य बनता है. शिक्षा एक ऐसा जरिया है जो आपके भविष्य की दिशा तय करता है. व्यक्ति के समग्र विकास के लिए अच्छी शिक्षा अति आवश्यक है. यही वजह है कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है. मुख्यमंत्री शनिवार को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज एवं विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि अब आपको कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है. आपके गांव या आसपास में डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है, जहां आप अपनी पढ़ाई कर सकते हैं. इसके लिए अब आपको शहरों का रुख नहीं करना होगा. ग्रामीण इलाकों में बच्चों को प्राइमरी से लेकर कॉलेज तक की बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है.

## ग्रामीण बच्चों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं



### प्राइमरी स्कूल से ही बच्चों को मिलेगी मातृभाषा में शिक्षा

जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है. इस कड़ी में अब प्राइमरी स्कूल से कुड़ुख, हो, मुंडारी और संथाली जैसी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की जा रही है. इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति के निर्देश दे दिए गए हैं. हमारी सरकार जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को संरक्षित करने के साथ उसे अलग पहचान देने की दिशा में काम कर रही है.

### सरकार विकास को दे रही हर दिन नया आयाम

झारखंड राज्य के गठन के बाद 19 वर्षों तक यहां के विकास की किसी को चिंता नहीं रही. यहां के खनिज संसाधनों का दोहन होता रहा. आदिवासी- मूलवासी के हितों की अनदेखी होती रही. लेकिन, वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद हेमंत बाबू ने अपने कुशल नेतृत्व से राज्य के विकास को नई दिशा दी. आज हमारी सरकार उसी रास्ते आगे बढ़कर विकास को एक नया आयाम दे रही है.

**02** अरब, 31 करोड़ की 135 योजनाओं का किया शिलान्यास

**01** अरब 7 करोड़ रुपये की 27 योजनाओं का किया उद्घाटन

**173** करोड़ रुपए की परिसंपत्ति लाभुकों के बीच बांटी

### जरूरत के अनुरूप बन रही हैं योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है. आपके दु:ख-दर्द को भली-भांति समझते हैं. ऐसे में आपकी उम्मीद और जरूरत के अनुरूप योजनाएं बनाकर उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं. उन्होंने कहा कि लोगों के रोटी- कपड़ा और मकान जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं. राज्य के ग्रामीण इलाकों में 15 हज़ार किलोमीटर सड़कों का जाल बिछ रहा है. खेतों में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई है. आज हर परिवार में पेंशन पहुंच रहा है. 30 लाख परिवारों को 125 यूनिट बिजली का लाभ मिल रहा है. 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास के तहत तीन कमरे का पक्का मकान दे रहे हैं. ऐसी और अनेकों योजनाएं हैं, जो आपको सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है.

### शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की कई योजनाएं

शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं. यहां के शिक्षण संस्थानों को जरूरी संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. गरीब बच्चों को अपने ही गांव -घर में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गए हैं. आर्थिक तंगी से बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है. छात्राओं को सावित्रीबाई किशोरी सावित्री योजना से जोड़ा जा रहा है. गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए विद्यार्थियों को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए 15 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण दिया जा रहा है. मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है. यहां के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप राज्य सरकार दे रही है.

### परंपरा- अस्मिता बचाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

जनजातीय भाषा- संस्कृति परंपरा, जल- जंगल जमीन, सामाजिक-धार्मिक स्थलों और आदिवासियों - मूलवासियों की अस्मिता बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. हमारी सरकार इसके साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देगी. ये हमारी धरोहर है। इसे देश- दुनिया में अलग पहचान दिलाएंगे.

### 162 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने 2 अरब, 31 करोड़, 19 लाख 58 हज़ार 673 रुपए की लागत से 135 योजनाओं का शिलान्यास किया जबकि 1 अरब 7 करोड 23 लाख 24 हज़ार 186 रुपये की 27 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ. वहीं, लाभुकों के बीच 1 अरब 72 करोड़ 80 लाख 70 हज़ार 533 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ. मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक जोबा मांझी, सुखराम उरांव और श्री दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन और कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त और डीआईजी समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे.

## 37.7 लाख बच्चों को मिलेगा स्कूल बैग

# खर्च होंगे 57 करोड़

## कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्तावों पर लगी मुहर



### चंपाई सरकार का मास्टर स्ट्रोक

1. जज उत्तम आनंद की आश्रित पत्नी को अनुकंपा पर सहायक निबंधक के पद पर मिलेगी नौकरी
2. गोला-मुरी फोर लेन सड़क के चौड़ीकरण के लिए 333.17 करोड़
3. झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त अब 65 साल तक कर सकेंगे काम
4. झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 के गठन को मिली मंजूरी
5. गर्म पोषाहार के लिए साल में चार बार होगी गैस की रिफिलिंग
6. मिलेट योजना के लिए 50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत
7. किसान समृद्धि योजना के लिए 80 करोड़ रुपये की मंजूरी

प्रमुख संवाददाता। रांची

चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले चंपाई सरकार ने मास्टर स्ट्रेक खेला है. शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी. सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के कुल 37.7 लाख बच्चों को प्रति वर्ष स्कूल बैग देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी. इस पर 57 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. कक्षा एक से दो तक के बच्चों के लिए प्रति बैग की कीमत 140 रुपये, कक्षा तीन से पांच वर्ग तक के बच्चों की बैग की कीमत 150 और छह से आठ वर्ग तक के बच्चों के लिए प्रति बैग की कीमत 160 रुपये होगी. झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 के गठन को स्वीकृति दी गई. गोला-मुरी रोड चौड़ीकरण (फोर लेन) के लिए 333.17 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी.

**जज उत्तम आनंद के आश्रित को सहायक निबंधक के पद पर नौकरी**

जज उत्तम आनंद की आश्रित पत्नी कृति सिन्हा को सहायक निबंधक (राजपत्रित पद) पद पर अनुकंपा पर नियुक्त करने का फैसला लिया गया. झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति नियमावली में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी. इसके तहत निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल की तीन से बढ़ाकर चार साल व अधिकतम उम्र सीमा 64 से बढ़ाकर 65 साल की गयी है. सर्ड को स्वायत्ता प्रदान करते हुए इसका नाम बदल कर राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान करने की स्वीकृति दी गयी.

### जलापूर्ति योजनाओं को मिली मंजूरी

- जलजीवन मिशन के तहत पांचा जलापूर्ति के लिए 5.97 करोड़ की स्वीकृति
- पांकी में ग्रामीण जलापूर्ति के लिए 53.52 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति
- साहिबगंज में मेगा जलापूर्ति के लिए दो अरब नौ करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति
- देवघर के देवीपुर में ग्रामीण जलापूर्ति के लिए 37.72 करोड़ की स्वीकृति
- जामताड़ा शहरी जलापूर्ति के लिए 1.23 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मिली
- कई सड़कों के निर्माण की मिली मंजूरी
- पूर्वी सिंहभूम में ओडिशा सीमा पर 14.75 किमी सड़क के लिए 67.97 करोड़
- दुमका में मटिहारी सड़क, लंबाई 14.68 किमी, 66.67 करोड़ की स्वीकृति
- पश्चिम सिंहभूम में रायगढ़ पथ के लिए 45.69 करोड़ की स्वीकृति
- अनगड़ा -राहे पथ पर पुल निर्माण के लिए 112.11 करोड़ की स्वीकृति
- दुमका-रामपुर हाईवे के लिए 301.98 करोड़
- गोड्डा में पथरा चौक पर 14.16 किमी सड़क के लिए 86.13 करोड़ स्वीकृत
- दुमका में चंद्रदीप-मोहनपुर सड़क के लिए 77.56 करोड़ की स्वीकृति
- मधुपुर -गिरिडीह सड़क के लिए 35.95 करोड़ की स्वीकृति
- गोविंदपुर-गिरिडीह सड़क निर्माण पर 52.50 करोड़ खर्च किए जाएंगे
- तेनुघाट-पिछरी सड़क योजाना पर 90.86 करोड़ खर्ची किए जाएंगे
- दुमका में सिगरीहर पथ चौड़ीकरण के लिए 162.89 करोड़
- भुरकुंडा पतरातू सड़क पर पुल निर्माण के लिए 108.53 करोड़
- बरवाडीह- चकला सड़क के लिए 69.59 करोड़
- गोला -मुरी फोर लेन सड़क चौड़ीकरण के लिए 333.17 करोड़ स्वीकृत

### रूंगटा माइंस को राजनगर में जमीन

सरायकेला के राजनगर में रूंगटा माइंस को 5.33 एकड़ जमीन 30 साल के लिए लीज पर बंदोबस्ती का फैसला हुआ. राजनगर में ही रूंगटा मांइस को विस्तार के लिए 23.06 एकड़ जमीन 30 साल के लिए लीज पर दी गयी. गंभीर बीमारी योजना के तहत अभिज्ञा गुप्ता को अधिक राशि देने का निर्णय हुआ. लिपिक कन्हैया सिंह की सेवा नियमित करते हुए वित्तीय लाभ देने का निर्णय हुआ. रामकृष्ण मिशन विवेकानंद केंद्र को हर साल दी जानेवाली अनुदान राशि 2.94 करोड़ से बढ़ा कर 3.52 करोड़ करने की मंजूरी दी गयी. पकरी-बरवाडीह में ग्रिड सब स्टेशन के लिए 33.30 करोड़ की मंजूरी मिली.

### सैनेटरी पैड योजना को मंजूरी

मिशन शक्ति के तहत वन स्टॉप कार्ययोजना मार्ग निर्देशिका में संशोधन पर मुहर लगाते हुए बच्चियों के लिए सैनेटरी पैड योजना को भी मंजूर किया गया. लातेहार के बूढ़ा पहाड़ पर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की स्वीकृति दी गयी. सीएस कार्यालय, वित्त विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और कल्याण विभाग में तकनीकी सहायता के लिए मेसर्स नज लाइफ स्कील फाउंडेशन का चयन किया गया.

### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव : सीएम

रांची। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन तैयार है. सभी सीटें गठबंधन जीतेगा. हेमंत के दुमका से चुनाव लड़ने के सवाल पर सीएम ने कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में हमने विधानसभा चुनाव लड़ा था. लोस चुनाव भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे. हेमंत ने झामुमो के हर कैडर, हर नेता को तैयार किया है और वह चुनाव की तैयारी में जुटा है. जल्द ही गठबंधन के नामों की घोषणा कर दी जाएगी. सीएम शनिवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे. राजनाथ सिंह के झारखंड दौरे पर सीएम ने कहा जिसके मन में भय होता है वह निकल कर सामने आ जाता है और यही राजनाथ सिंह के साथ भी हुआ है. राहुल गांधी की रैली में शामिल होने के सवाल पर कहा कि हम कल बताएंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश हमारा परिवार नाम से एक गीत लॉन्च किया है, इस पर चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में अलग-अलग समुदाय, अलग-अलग भाषा और संस्कृति है, उसे छुपाने के लिए इस तरह की बात की जा रही है, जो लोगों के समझ से परे है.

धैया के आवास कासा क्रिस्टा और झरिया के हेटलीबांध में ईडी की टीम ने दी दबिश

# शराब और बालू कारोबारी पुंज सिंह के ठिकानों पर ईडी की रेड

- देर शाम तक दोनों ठिकानों को खंगालती रही जांच एजेंसी, कई दस्तावेज साथ लेकर लौटी
- बिना ई-चालान के बालू ढुलाई में 161 करोड़ की गड़बड़ी के मामले में कार्रवाई, बिहार में भी चल रही छापेमारी

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के चर्चित शराब कारोबारी पुंज सिंह के दो ठिकानों पर शनिवार को ईडी की टीम ने दबिश दी. पटना ईडी की टीम अहले सुबह करीब साढ़े छह बजे झरिया के हेटलीबांध और धैया स्थित आवास कासा क्रिस्टा पहुंची. दोनों जगहों पर घंटों तक तलाशी ली. ईडी के साथ सीआरपीएफ के जवान और बेंककर्मी भी साथ थे. धैया आवास में ताला लगा था, इस कारण टीम वहां प्रवेश के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि झरिया वाले मकान में पुंज सिंह के भाई सत्येंद्र सिंह रहते हैं, वहां टीम ने पहुंच कर घर को खंगालना शुरू कर दिया. दोनों स्थानों पर रेड के दौरान टीम ने कई दस्तावेजों को जब्त किया है. कंप्यूटर आदि भी खंगाले गए हैं. लेकिन पुंज सिंह और उनके भाई सत्येंद्र सिंह दोनों छापेमारी टीम के सामने नहीं आए.

बताते चलें कि पुंज सिंह ने हाल के कुछ सालों में बिहार में बालू का कारोबार शुरू किया था. बालू के कारोबार में हाथ डालने के बाद पुंज सिंह ईडी की नजरों में आए थे. बिहार के आरा कोइलवर में भी ईडी की टीम ने दबिश दी है. इन स्थानों पर रेड के पीछे कारण बालू में करीब 161 करोड़ रुपए का घोटाला है. इस घोटाले को लेकर पूर्व में भी बिहार की ईडी टीम धनबाद आ चुकी है. इस मामले में कुछ लोग पूर्व में ही जेल भेजे जा चुके हैं.

पुंज सिंह बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद के एक करीबी के बेहद खास माने जाते हैं. उनके साथ ही मिल कर पुंज सिंह ने बालू का कारोबार किया था. इनकी कंपनी ब्राडसन प्राइवेट लि. के खिलाफ बिना ई चालान के ही बालू ढुलाई कर 161 करोड़ घोटाला करने का आरोप लगा था. इस मामले में कंपनी से जुड़े कई लोग पूर्व में ही जेल जा चुके हैं. कंपनी के पार्टनर धैया निवासी सुरेंद्र जिंदल, जेपी नगर निवासी बबन सिंह, पालीटेक्निक रोड निवासी जगनारायण सिंह और उनके पुत्र सतीश सिंह को ईडी ने पूर्व में ही जेल भेजा है.




### तीन घंटे इंतजार के बाद आई चाबी



पुंज सिंह के धैया वाले मकान कासा क्रिस्टा में जांच एजेंसी अहले सुबह पहुंची तो मकान बंद मिला. कई घंटे तक इंतजार करना पड़ा. लगभग तीन- घंटे तक टीम ने मकान मालिक के आने को लेकर इंतजार किया. इसके बाद टीम को चाबी पहुंचाई गई. फिर ईडी ने मकान को खंगालने का काम शुरू किया. वहीं झरिया में टीम ने मकान के हर कमरे की तलाशी ली, साथ ही मकान के ऊपर लगे पानी टैंकों को भी खंगाला. इसके अलावा झरिया वाले मकान के अहाते में ही कई किराएदार भी रहते हैं, छापेमारी के दौरान इन किराएदारों को भी बाहर निकलने नहीं दिया गया.

# स्कूल का छज्जा गिरने से छात्र की मौत

## हंगामा, आक्रोशित लोगों ने स्कूल के बाहर लगाया जाम

- कई घंटों तक बंद रहा आवागमन, पुलिस तैनात

संवाददाता। झरिया



शनिवार को केसी गर्ल्स हाईस्कूल का छज्जा टूट कर गिरने से 8वीं का छात्र प्रिंस कुमार साव गंभीर रूप से घायल हो गया. बाद में उसकी मौत हो गयी. कुछ छात्रों व स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में उसे पास के ही एक नर्सिंग होम ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दूसरे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया. वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया. मौत की खबर सुनने के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजनों ने घटना के लिए शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है. मृत छात्र के परिजनों का आरोप है कि स्कूल का भवन जर्जर होने के कारण यह घटना घटी. प्रिंस की परीक्षा का सेंटर केसी गर्ल्स स्कूल, झरिया में पड़ा था, वह डीएवी का छात्र था. आक्रोशित लोगों ने स्कूल के सामने सड़क जाम कर दी और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की. पुलिस अधिकारी परिजनों को समझा बुझा कर जाम हटाने का प्रयास कर रहे थे. लेकिन खबर लिखने तक जाम लगा हुआ था. मृत छात्र के दो छोटे भाई व एक बड़ी बहन हैं. मृत छात्र बहुत ही गरीब परिवार से आता था. उसके पिता प्रदीप साव ऑटो चला कर अपने परिवार का भरण- पोषण करते हैं. पुत्र की मौत के बाद पूरा परिवार टूट चुका है.

**अच्छी खबर** छात्रों की मास्टर्स की पढ़ाई में भी सहयोग करेगी टाटा कंसल्टेंसी कंपनी

# नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के 10 छात्र 3 लाख के पैकेज हुए लॉक

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

आईटी क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठित कम्पनी टाटा कन्सलटेंसी सर्विसेज और नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की प्लेटमेंट इकाई की ओर संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय में रोजगार सत्र का आयोजन किया गया. इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अंतर्गत संचालित विविध पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. रोजगार सत्र में बीसीए अंतिम वर्ष के 10 विद्यार्थी रोजगार प्राप्त करने में सफल हुए हैं. विश्वविद्यालय के प्लेटमेंट इकाई के पदाधिकारी ने बताया कि सभी चयनित विद्यार्थी अमान अहमद, प्रिया, उमेश महतो, मुस्कान, ओवैस रजा, मोहम्मद जावेद, आसिफ रजा, आकाश शर्मा, आकाश उपाध्याय और पीयूष कुमार्वारा का टीसीएस द्वारा आईटी स्नातक प्रशिक्षु के पद पर वार्षिक 3 लाख के वेतनमान के अनुबंध पर चयन किया गया है.

चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रसन्नता का विषय है कि उन्हें न केवल कम्पनी द्वारा रोजगार का प्रस्ताव दिया गया है, बल्कि भविष्य में उच्चतर शिक्षा में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को कम्पनी की ओर से ही एमसीए की पढ़ाई करने का अवसर भी दिया जाएगा. विद्यार्थियों को कम्पनी की विभिन्न शाखाओं में पदास्थापित किया जाएगा, जहां भविष्य में विद्यार्थियों को अपने कौशल और अनुभव के आधार पर पदोन्नति के पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे.

### आगे और मिलेंगे रोजगार

इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए विवि के आईटी विभागाध्यक्ष प्रो रंजन मिश्रा ने कहा कि टीसीएस द्वारा आयोजित इस रोजगार सत्र में हिस्सा लेने के लिए बच्चों में विशेष रुझान देखने को मिला. भविष्य में अधिक से अधिक छात्र रोजगार प्राप्त करने में सफल होंगे. ये चयन न केवल उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करता है, बल्कि उनकी शैक्षणिक तैयारियों और उन्हें तकनीकी कौशल में दक्ष बनाने के पीछे की गई प्रध्यापकों की मेहनत को भी दर्शाता है.



### विश्वविद्यालय के लिए ये बड़े सम्मान की बात : कुलसचिव

इस उपलब्धि पर के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि यह लिए गर्व और सम्मान का विषय है कि हमारे छात्र बड़ी कम्पनियों में रोजगार पा रहे हैं. तकनीकी पक्ष अधिक समृद्ध हो रहा है. इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नवीन कौशलों और नवाचारों के विषय में जानने और सीखने के लिए तत्पर रहें. विश्वविद्यालय में आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और वर्तमान आवश्यकताओं के अनुकूल वातावरण है.

# तीन दिनों से मां की लाश के साथ रह रहा था बेटा

- मुहल्ले वालों ने किया पुलिस को फोन, किसी तरह उठवाई लाश
- बेटा का कहना था कि मां अभी भी है जिंदा, लोग बता रहे मानसिक बीमार है बेटा

संवाददाता। धनबाद



जेसी मल्लिक मास्टर पाड़ा में उपाध्याय भवन में सौरभ उपाध्याय नामक युवक अपनी मां आशा उपाध्याय और मौसी बीणा उपाध्याय के साथ रहता है. सौरभ के पिता बंगाल में नौकरी करते हैं. मुहल्ले के लोगों ने बताया कि दो दिनों से सौरभ के मकान से काफी दुर्गंध आ रही थी. जब लोगों ने पता किया तो जानकारी मिली कि शुक्रवार को सौरभ अपनी मां को लेकर एसएनएमएमसीएच गया था, उसका कहना था कि मां बीमार है. इधर कुछ लोगों का कहना है कि उसकी मां की मौत हो चुकी थी, दबाव बनाने पर सौरभ मां को लेकर अस्पताल चला गया था, लेकिन बिना डाक्टर को दिखाए ही वापस आ गया. वापस लाकर उसने मां को फिर से कमरे में रख दिया, हालांकि आसपास के घरों तक शव के सड़ने की दुर्गंध पहुंचने लगी.

**बाथरूम में गिर हो गई थी घायल:** सौरभ की मौसी ( 75 ) वीणा उपाध्याय ने बताया कि लगभग दस दिनों पूर्व उनकी छोटी बहन आशा बाथरूम जाने के क्रम में गिर गई थी. इसके बाद से वह काफी सोती रही थी, कई दिनों तक लगातार सोती थी, कभी कभार उठकर कुछ कहती थी. वीणा को भी नहीं पता था कि आशा की मौत हो चुकी है. आशा ने वहां पहुंचे पत्रकारों से पूछा कि क्या उसकी बहन की मौत हो चुकी है, फिर उन्हें बताया गया कि हां, उनकी बहन की मौत हो गई है. इधर पुलिस के पहुंचने के बाद भी कई घंटों तक सौरभ किसी को घर में प्रवेश करने नहीं दे रहा था, अंत में उसे डाक्टर के पास भेजने की बात कही गई, कहा गया कि जाकर डाक्टर को लेकर आओ, तब फैसला करेंगे कि मौत हुई है या नहीं, इस बात पर वह मुहल्ले के एक युवक के साथ घर से बाहर गया और फिर लोगों ने उसकी मां के शव को कमरे से बाहर निकाला. हालांकि सौरभ के कई नजदीकी रिश्तेदार भी वहां मौजूद थे. स्थानीय पूर्व पार्षद प्रियरंजन समेत कई लोगों ने शव को निकाल कर अंतिम संस्कार के लिए भिजवा दिया.

### दुर्गंध से पूरे मुहल्ले के लोग परेशान थे

**धनबाद।** वह इंजीनियरिंग की डिग्रीधारक है. उम्र 35 की होगी. देखने से भी पूरी तरह स्वस्थ है, लेकिन अपनी मां की लाश को पिछले कई दिनों से घर पर रखे हुए था. मां की लाश सड़ रही थी और दुर्गंध से पूरे मुहल्ले के लोग परेशान थे. लोग बेटे को मां का अंतिम संस्कार करने को कह रहे थे, लेकिन बेटा एक ही रट लगाए था कि उसकी मां अभी जिंदा है, यहकर वह मां की लाश को घर पर रखे हुए था. अंत में मामले की खबर पुलिस को दी गई और मुहल्ले के लोगों ने मिलकर लाश को किसी तरह घर से निकालकर अंतिम संस्कार के लिए भेजा. यह अजीब मामला धनबाद शहर के जेसी मल्लिक रोड का है.

# पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है शांतिपूर्ण चुनाव : बीडीओ

संवाददाता। मैथन



निरसा विधानसभा निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह एग्यारकुण्ड प्रखंड के बीडीओ मधु कुमारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर एग्यारकुण्ड प्रखंड सभागार में शुक्रवार की देर शाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में निरसा विधानसभा क्षेत्र के सभी थानों एवं ओपी प्रभारी मौजूद थे. बीडीओ मधु कुमारी ने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है. इसके लिए प्रखंड क्षेत्र के सभी थानों व ओपी क्षेत्र के वैसे लोगों की सूची बनाकर कार्रवाई करने की जरूरत है, जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया गया. कहा गया कि क्रिटिकल एवं वीएम बूथों की रिर्पोट 20 मार्च तक हर हाल में दे दें. पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि अभी तक कुल 425 लोगों के खिलाफ धारा 107 के तहत निरोधात्मक कारवाई की गई है. जिसमें निरसा थाना क्षेत्र में 11, चिरकुंडा थाना में 52, मैथन ओपी में 27, कुमारधुबी ओपी में 116, गलफरबाड़ी ओपी में 39, पंचेत ओपी में 51, कालुबथान ओपी में 69 एवं एमपीएल ओपी में 60 लोगों के खिलाफ धारा 107 के तहत मामला दर्ज कराया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### भू माफिया के खिलाफ ग्रामीणों ने बैठक की

बरवाअड्डा। बरवाअड्डा क्षेत्र में भू-माफिया द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने और ग्रामीणों को डराने धमकाने के विरोध में शनिवार को सुसनीलेवा में भेलाटांड़, बगुला, सुसनीलेवा, काशीटांड़ एवं बरवाअड्डा के ग्रामीणों की एक बैठक मासस नेता गणेश प्रसाद चौरसिया की अध्यक्षता में शनिवार को हुई. बैठक में मुख्य रूप से रेखा मंडल, कंसारी मंडल, प्रफुल्ल मंडल, शनिचर किस्कू, मधु महतो, बासुदेव हाजरा, विश्वनाथ हेम्ब्रम समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.

### जिप सदस्य ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**महुदा।** जिला परिषद सदस्य सह उप समिति कृषी एंव उद्योग विभाग के अध्यक्ष आशा देवी ने काण्डरा पंचायत के हरिजन टोला मे पीसीसी पथ का, कुंजी ग्राम के नवाकनारी टोला स्थित गाभा तालाब, लोहापट्टी के बाघजोबरा तालाब, एवं धर्माबाँध पंचायत के उपर देवघरा का बड़ा तालाब में स्नान घाट का शिलान्यास किया. मौके पर जिप प्रतिनिधी गणेश महतो, राजिव सिंह, मनसु राम महतो, किशोर कुमार दास, राज कुमार दास, मन्टु दास, उमेश दास, बब्लु दास, प्रमिला देवी, अर्चना देवी, रानी देवी उपस्थित थी.

### बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड के बीडीओ मधु कुमारी ने शनिवार को कुमारधुबी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान मतदान केंद्रों में कई खामियां एवं गंदगी देख नाराजगी व्यक्त की. दो दिनों के अंदर सभी केंद्रों की साफ सफाई, रंग रोगन, शौचालय, बिजली व पानी की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया. दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचने की व्यवस्था करने की बात कही. कहा कि 22 मार्च तक हर हाल में सभी मतदान केंद्रों को अप टू मार्क करने का निर्देश दिया गया है. मौके पर प्रमोद कुमार झा, मो. मुस्तकीम, संजय यादव, पवन कर्ण, कालीचरण कुमार उपस्थित थे.

### जिला परिषद बोर्ड की बैठक स्थगित की गई

**धनबाद।** जिला परिषद बोर्ड की शनिवार को प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी गई है. इस संबंध में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद सादात अनवर ने बताया कि शनिवार को जिला परिषद बोर्ड की बैठक जिला परिषद के सभागार में आहूत थी, परंतु निर्वाचन संबंधी अपरिहार्य कारणों से जिला परिषद अध्यक्षा की अनुमति से उक्त बैठक को स्थगित कर दिया गया है.

## मधुबन : उत्पाद विभाग की टीम पर हमले का मामला

# पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी जल्द गिरफ्त में होंगे आरोपी

संवाददाता। मधुबन



सिनीडीह में उत्पाद अधिकारियों को बंधक बनाने और जब्त शराब छीनने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये शुक्रवार की देर रात मधुबन पुलिस ने ताबड़तोड़ कई स्थानों में छापामारी की. हालांकि पुलिस को अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है. घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार चल रहे हैं. लेकिन पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

**सीजर सूची फाड़ दी थी :** मालूम हो कि मधुबन की एक दुकान में बड़े पैमाने पर हो रहे अबैध अंग्रेजी शराब की बिक्री की सूचना पर शुक्रवार की शाम छापेमारी करने पहुंचे उत्पाद विभाग की टीम को धंधेबाजों ने बंधक बनाकर जब्त शराब को छीनकर सीजर सूची फाड़ दी थी. घंटों बंधक बने उत्पाद टीम को मधुबन पुलिस ने पहुंचकर मुक्त कराया था. मामले में सूत्र बताते हैं कि उक्त अबैध शराब की दुकान लंबे समय से संचालित की जा रही थी. धंधेबाज दुकान को संचालित करने के लिये मोहरे के रूप में एक दिव्यांग व्यक्ति को चुना है, जबकि वास्तव में उक्त अबैध शराब के धंधे का संचालन कुछ स्थानीय दबंग किस्म के लोग करते है,

**कीमती ब्रांड के असली और नकली शराब :** लोगों की मानें तो उक्त अबैध शराब दुकान में सभी तरह की कीमती ब्रांड के असली और नकली दोनों तरह की अंग्रेजी शराब 24 घंटे उपलब्ध होती है. इन धंधेबाजों की दबंगता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि छापेमारी में शामिल उत्पाद विभाग के चार अंचल निरीक्षकों बाघमारा, कतरास, सिंदरी और पुटकी सहित आधा दर्जन आरक्षियों को बंधक बनाकर जब्त शराब को छीनकर सीजर लिस्ट को फाड़ दिया. इन धंधेबाजों की संलिप्तता अबैध कोयला, लोहा, शराब और साइबर अपराध जैसे धंधों से जुड़ा हुए हैं. जिसमें एक सत्ता पक्ष के सफेदपोश का भी संलिप्तता है.

### खास बातें

- घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे हैं
- उत्पाद विभाग की टीम को बंधक बना लिया था

### सफेदपोश के इशारे पर विरोध का कयास

शिकायतकर्ता ने अपने लिखित आरोपपत्र में इसका जिक्र करते हुए कहा है कि धंधेवाज उत्पाद विभाग की कार्रवाई का विरोध करते हुए मोबाइल पर किसी से लाइनअप हो रहे थे. कयास लगाया जा रहा है कि उस सफेदपोश नेता के इशारे पर छापामारी टीम के साथ घटना हुई. तीन नामजद सहित दस अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज, बाघमारा के सअनि जॉय हेम्ब्रम के लिखित शिकायत पर मधुबन पुलिस ने शुक्रवार को सिनीडीह के शोकिल यादव, संजय रवानी, विजय साव सहित अन्य 10 अज्ञात के विरुद्ध सरकारी कार्य मे बाधा डालने, उत्पाद बल के साथ बलप्रयोग व धक्का मुक्की करने, जब्त शराब को बलपूर्वक छीनने, छापामार दल को बंधक बनाने, जाति सूचक शब्दों इस्तेमाल करने तथा सीजर लिस्ट को फाड़ने का कांड अंकित किया गया है.

## पत्नी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए सिर कुचल दिया था

# दोषी करार, सजा 21 को तय होगी

संवाददाता। धनबाद

अपनी पत्नी की चाकू से काटकर हत्या करने और साक्ष्य छुपाने की नीयत से सिर मुसल से कुचल देने के मामले में शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी ओडिशा निवासी देवेंद्र साव को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी मृतक के भाई अमन कुमार वर्मा की शिकायत पर धनसार थाने में 29 सितंबर 2020 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक मृतका पिंकी की शादी देवेंद्र के साथ वर्ष 11 में हुई थी. शादी के बाद दोनों को दो बच्चे भी हैं. आरोप था कि देवेंद्र अपनी पत्नी पर शक करता था और इस कारण उसे बराबर मारपीट और प्रताड़ित करता था. 29 सितंबर 2020 को उसे सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या हो गई है. जब वह बहन के घर गया तो देखा कि दरवाजा खुला था और उसकी बहन मरी पड़ी थी. उसके दोनों बच्चे भी नहीं थे. घटना स्थल से खून से सना चाकू मिला था.

### नीरज हत्याकांड, चंदन सिंह का आवेदन खारिज

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्याकांड की सुनवाई शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मो. जावेद एवं अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने बहस की. उभय पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने चंदन सिंह की याचिका खारिज कर दी है. 29 फरवरी को सतीश उर्फ चंदन की ओर से आवेदन देकर कहा गया था कि राम आह्लाद राय के घर से पुलिस ने कुछ प्लेट, बल्ब व बर्तन बरामद किए थे और उसका फिंगर प्रिंट लिया था. इसलिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को गवाही के लिए अदालत में बुलाया जाए. 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे. वह ड्राइवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे. पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे.

# जेपीएससी परीक्षा के दौरान 65 सेंटर पर रहेगी निषेधाज्ञा

संवाददाता। धनबाद

झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेपीएससी) रविवार को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में संचालित की जाएगी. अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि में धारा 144 दं.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है. अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा दो पाली में संपन्न होगी. प्रथम पाली सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से चार बजे तक होगी.

### विधि व्यवस्था बनाए रखना जरुरी

सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है. इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगना, लाउडस्पीकर का उपयोग करना एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा. उन्होंने कहा कि उपरोक्त निषेधाज्ञा परीक्षा अवधि तक लागू रहेगी.

### बिजली चोरी के आरोप में 42 पर एफआईआर

**धनबाद।** महाप्रबंधक अशोक सिन्हा के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा शनिवार को बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया. बिजली चोरी मामले में विभाग ने धनबाद सर्किल में 42 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है. विभाग ने धनबाद सर्किल में कुल 296 जगहों में रेड की गई. जिसमें 6 लाख 92 हजार रुपये फाइन की गई है. बता दें कि धनबाद डिवीजन में 47 जगहों पर हुई छापेमारी में 9 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है. इसके साथ ही एक लाख 67 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. वहीं गोविंदपुर में 63 जगहों पर छापेमारी कर 8 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है और एक लाख 83 हजार का फाइन किया गया है। निरसा में 107 जगहों पर हुए छापेमारी में 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई.

# भुरुंगिया मेरी सफलता की पावन धरती है : जिप अध्यक्ष

संवाददाता। महुदा



जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने शनिवार भुरुंगिया बस्ती में पीसीसी पथ एवं नाली का किया शिलान्यास किया. अपने संबोधन में शारदा सिंह ने कहा कि भुरुंगिया बस्ती मेरे जीवन की सफलता की पावन धरती है. मैं एक गृहणी का काम छोड़कर पहली बैठक यहीं पर की थी. मेरे जिला परिषद क्षेत्र -21 में सबसे अधिक मत यहां से मिले, यहां का प्यार और स्नेह को हम कभी नही भुल पाएंगे. आपलोगों की बदोलत आज आपके यहां जिप अध्यक्ष के रूप में शिलान्यास करते हुए गर्व महसूस हो रहा है. कार्यक्रम को भाजपा महुदा मण्डल के अध्यक्ष शैखर सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा महुदा मंडल अध्यक्ष बिरजू रवानी ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता शिबू रवानी एवं संचालन पलटु रवानी ने किया. मौके पर वार्ड प्रतिनिधि रंजीत रवानी, आदेश रवानी, समाजसेवी बड़ा बिरजू रवानी, दिनेश रवानी, प्रेमलाल रवानी, मोहन रवानी, मनोज रवानी, पशुपति रवानी, तीरथ रवानी, सुभाष रवानी, सनीचर रवानी, प्रकाश रवानी, वार्ड सदस्य नेहा देवी, रजनी देवी, कविता देवी, चम्पा देवी, ललिता देवी, कमल देवी, ममता देवी, प्रिया देवी, छ्वी देवी, रबनी देवी, मुन्दरी देवी, कुन्ती देवी, सहित अन्य मौजूद थे.

### समाजिक कार्यकर्ता ने चौक का किया उद्घाटन

**कतरास।** कतरास बाजार स्थित राहुल चौक से भगत सिंह चौक के बीच वाले मार्ग का शनिवार को दर्जनों लोगों की उपस्थिति में नामकरण करते हुए रामकृष्णा चौक रखा गया. जिसका उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता राजेश स्वर्णकार ने नारियल फोड़कर किया. उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राजेश स्वर्णकार ने कहा कि चौक का नामकरण होने से नये लोगों को इस जगह आने में सुविधा होगी और आने वाले समय में इस जगह का और विकास होगा. उन्होंने कहा कि रामकृष्ण परमहंस मां काली के परम भक्त थे. इसलिए उक्त मार्ग का नाम भी काफी आध्यत्मिक है. मौके पर लखी महतो, सुरेश प्रमाणिक एस एन नियोगी, प्रदीप गुप्ता, संजय साव, विमल रजवार, संतोष प्रमाणिक, अभिजीत सेंगुप्ता, अशोक पाण्डेय कंसी नाथ शर्मा, गोपाल बोस मानबोध स्वर्णकार उपस्थित थे.

## धनबाद में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण में वोटिंग

# 25 मई को मतदान, गिनती 4 जून को

संवाददाता। धनबाद

चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई. जिसके बाद शनिवार को समाहरणालय में धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चुनाव की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान धनबाद में छठे चरण में 25 मई को होगा. 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगी. जिसके लिए 6 मई को नोमिनेशन किया जाएगा. 7 मई को स्क्रूटनी की जाएगी. नाम वापसी के लिए 9 मई की तिथि निर्धारित की गई है. 25 मई को वोट डाले जायेंगे एवं 4 जून को वोटों की गिनती होगी. कहा कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है. चुनाव आयोग की ओर से इसकी घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. जिसके अंतर्गत कोई भी नए विकास कार्य पर रोक रहेगी. आचार संहिता को लेकर सभी इनफोर्समेंट एजेंसी जैसे इनकम टैक्स, एक्साइज, रेलवे, आरपीएफ आदि के साथ बैठकर बैठक की गई है. 72 घंटों के अंदर सभी राजनीतिक पोस्टर, बैनर, दीवार पेंटिंग हटाने की सूचना जारी कर दी गई है.



**50 हजार से ज्यादा नकद लेकर चलने पर रहेगी पाबंदी:** वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद 50 हजार से अधिक लेकर चलनेवाले लोगों पर कार्रवाई होगी. सीविजिल एप के माध्यम से मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए तीन सदस्यीय 21 टीम बनाई गई है. चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए अपराधकर्मियों को चिह्नत किया गया है. जिन लोगों पर तीन से अधिक केस दर्ज है, उसपर सीसीए लगाने की तैयारी चल रही है.

### 16 हजार मतदानकर्मी करायेंगे चुनाव

25 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव के दौरान 16 हजार मतदानकर्मी तैनात रहेंगे। चुनाव के लिए 2539 वूथ बनाएं गए हैं. जो 1271 भवनों में स्थित रहेंगे। जिसमें शहरी क्षेत्र में बूथों की संख्या 1177, एवं ग्रामीण में 1362 है. लोकसभा चुनाव 2024 में धनबाद लोकसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 22 लाख 54 हजार 445 है. जिसमें पुरुषों की संख्या 11 लाख 81 हजार 197 और महिलाओं की संख्या 10 लाख 73 हजार 170 है. इसके साथ ही थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 78 है. दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 27 हजार 493 और 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के 6838 मतदाता हैं.

## कतरास
## दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग, प्रतिनिधिमंडल डीएसपी से मिला

# कार्रवाई नहीं हुई तो होगा जोरदार आंदोलन

संवाददाता। कतरास



नीचे देवघरा के आदिवासी युवतियों के साथ धर्माबांध पुलिस की बर्बरतापूर्ण घटना से आदिवासी समाज में आक्रोश है. समाज की ओर से चेतावनी दी गई है कि अगर इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आदिवासी समाज सड़क पर उतर कर जोरदार आंदोलन करेगा. दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई को लेकर शनिवार को सोनोत संथाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सनातन सोरेन के नेतृत्व में समाज का एक प्रतिनिधिमंडल बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज से मिला और घटना की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही मामले में एक लिखित शिकायत देकर दोषी एसआई दिग्विजय सिंह सहित तीन आरक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. वहीं प्रतिनिधिमंडल को डीएसपी ने जांचोपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

**घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट:** जानकारी देते हुए सनातन सोरेन ने कहा है कि धर्माबांध पुलिस ने 13 मार्च की रात धर्माबांध ओपी के छोटा बाबू दिग्विजय सिंह (एसआई) अपने तीन पुलिसकर्मी के साथ पेट्रोलिंग वाहन से नीचे देवघरा पहुंचे और शराब माफिया के इशारे पर फागू मांझी के घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की. फिर घर में तोड़फोड़ कर शराब की तलाशी करने लगे. जब घर से शराब बरामद नहीं हुई तो दिग्विजय सिंह ने फागू मांझी के 17 वर्षीय नाबालिग लड़की शकुंतला कुमारी, 19 वर्षीय विरासमुनी कुमारी व पुत्र अघनू मांझी को जबरन घसीटते हुए पुलिस वाहन में बैठाकर सुनसान जगह पर ले गए. जिसकी लिखित शिकायत ओपी पुलिस को दी गई है. बावजूद अब तक दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है. पुलिस की इस तरह की बर्बरता किसी भी सूरत में आदिवासी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा.

### खास बातें

- पुलिस पर आदिवासी युवतियों के साथ बर्बरता का आरोप
- घटना को लेकर समाज के लोगों में आक्रोश

### छानबीन कर कारवाई की जाएगी : डीएसपी

मामले को लेकर बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है. घटना की छानबीन कर जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी.

### डॉग कैचरों को लगाई फटकार



**धनबाद।** पशु प्रेमी राणा सिंह ने शनिवार को चांदकुइयां पशु चिकित्सकालय जाकर डॉग कैचरों को कड़ी फटकार लगाई. राणा सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि डॉग कैचरों की टीम धनबाद में कई स्थानों से आवारा पशुओं को पकड़कर बंध्याकरण के लिए ले जा रहे हैं, इस क्रम इन्हें बेहद अमानवीय तरीके से वाहन में लोड किया जा रहा है. धनबाद में किसी व्यक्ति ने इस अमानवीय व्यवहार की वीडियो बनाकर उन्हें भेजी थी.

# मजदूरों की समस्याओं पर जल्द पहल का आश्वासन

बरोरा /कतरास।



बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह ने मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को बरोरा क्षेत्र संख्या एक के महाप्रबंधक से वार्ता की. 17 सूत्री मांगों में हॉस्पिटल कॉलोनी की बाउंड्री वाल की मरम्मत, सीसीटीवी कैमरे लगवाने, आवासों की मरम्मत, नाली और सेप्टिक टैंक की सफाई, स्ट्रीट लाइट लगाने, माइनोप कंपनी में नियोजन सहित अन्य मांग शामिल हैं. रणविजय सिंह ने सभी समस्याओं को बिंदुवार तरीके से महाप्रबंधक को अवगत कराया. जिसपर महाप्रबंधक ने जल्द पहल करने का आश्वासन दिया. मौके पर यूनियन के बरोरा क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव महेश कुमार, कृष्णा कुमार, विशाल कुमार, रामजी साव, टीपी पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, शिवधर सिंह, अरविंद भारती, विशाल सिंह, भोला दूबे, बसंत परमार विनय पाण्डेय, शंकर महतो, विष्णु कुमार सहित कंपनी के अधिकारी मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### साहिबगंज सदर एसडीओ ने पदभार ग्रहण किया



**साहिबगंज ।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में शनिवार को ओमकार नाथ स्वर्णकार ने पदभार ग्रहण किया. वे 119वें सदर एसडीओ होंगे. वर्तमान एसडीओ रवि जैन ने ओमकार नाथ स्वर्णकार को एसडीओ कार्यालय में कायर्यभार सौंपा. पदभार लेने के बाद एसडीओ ओमकार नाथ स्वर्णकार ने कहा कि विधि व्यवस्था संधारण करना, वरीय पदाधिकारियों द्वारा जो भी निर्देश दिये जाएंगे, उनका अनुपालन करूंगा.

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**गोड्डा ।** ईंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालीस वर्षीय युवक की मौत हो गई. घटना ललमटिया बोआरीजोर मुख्य मार्ग की है. ईंट से लदा हुआ ट्रैक्टर बोआरीजोर की ओर जा रहा था इसी क्रम में ग्राम पहाड़पुर के पास पहुंचने पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे ओर से जा रहे युवक दुल्लू मुर्मू को अपनी चापेट में ले लिया. घटना की सूचना पर बोआरीजोर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर युवक को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई.

### शस्त्रों का सत्यापन कराने का निर्देश

**बोकारो ।** लोकसभा चुनाव को लेकर 18 से 24 मार्च तक शस्त्रों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है. उपायुक्त विजया जाधव ने शनिवार को इस बाबत पत्र जारी कर दिया है कहा गया है कि चुनाव शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तियों एवं शस्त्रों का सत्यापन व निरीक्षण किया जाना है. शस्त्रों का सत्यापन, निरीक्षण के उपरान्त शस्त्र संबंधित थाना, पुलिस केन्द्र, बोकारो, वैद्य शस्त्र दुकान में जमा करना है.

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**साहिबगंज ।** सड़क हादसे में घायल एक महिला की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. मालूम हो कि बरहेट प्रखंड में शुक्रवार को पंचकठिया और रांगा के बीच टोटो और कार के बीच टक्कर हो गई थी. जिसमें नौ लोग घायल हो गए थे. जिसमें तीन गंभीर रूप से घायलों को बहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया था. जिसमें हरिश्चंद्रपुर निवासी शोभा बेवा( 60) की दुमका स्थित फूलो झानो अस्पताल में इलाज के क्रम में शनिवार को मौत हो गई.

### निशिकांत दस मई को नामांकन करेंगे

**गोड्डा ।** गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान सांसद निशिकांत दुबे दस मई को करेंगे नामांकन करेंगे. मालूम हो कि देश में आम चुनाव कराने की घोषणा कर दी गई है. गोड्डा लोकसभा चुनाव के लिए सात मई को अधिसूचना जारी की जायेगी .जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चौदह मई तक होगी. पंद्रह मई को स्क्रूटनी होगी और नाम वापसी की तिथि सत्रह मई होगी.

### साहिबगंज डीएसओ ने योगदान दिया

**साहिबगंज ।** शनिवार को उपायुक्त कार्यालय में नए जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर जे के मिश्र ने अपना योगदान दिया. वहीं पूर्व में जे के मिश्रा ने सरायकेला में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे. मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज जिला के बोरियो प्रखंड अंचल पदाधिकारी के रूप में पूर्व में भी अपनी सेवा दे चुके हैं.

---

**नियमों को ताख पर रखकर हो रहा था तालाब जीर्णोद्धार का काम , ग्रामीणों ने किया विरोध**

# प्रमुख ने दीवार तोड़वाई, गुणवत्तापूर्ण कार्य का आदेश

**संवाददाता । गिरिडीह**

बिरनी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिमराढाब में इन दिनों तालाब (जीर्णोद्धार) का पुनर्निर्माण किया जा रहा है . जिसकी प्राकल्लित राशि 98 लाख रुपए है, जिसमें भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप है.शुक्रवार को कनीय अभियंता की मौजूदगी में ग्रामीणों की मांग पर बिरनी प्रमुख रामू बैठा ने पूर्व में किये गए कार्य को तोड़कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का आदेश दिया.

बताया गया कि नियम को ताख पर रखकर जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा था. इसकी नींव का निर्माण ही घटिया तरीके से किया गया है . गाडवाल में पत्थर का इस्तेमाल होता है, लेकिन पत्थर की जुड़ाई सीमेंट से



नहीं की जा रही है. बल्कि सिर्फ पत्थर पर पत्थर रख दिया जा रहा है. न ही पत्थर से पत्थर के गेप को बंद किया जा रहा है न ही मसाला डाला जा रहा है. दीवार के दोनों तरफ हल्का मसाला से प्लास्टर कर दीवार खड़ी कर दी जा रही है.

**खास बातें**

- 98 लाख की लागत से हो रहा तालाब का जीर्णोद्धार
- 2009 में बना तालाब पहले ही बारिश में बह गया था

#### जोड़ाई में सीमेंट का इस्तेमाल नहीं

ग्रामीणों के अनुसार यह निर्माण कार्य किसकी निगरानी में हो रहा है . यह किसी को पता नहीं है . जब संवेदक से ग्रामीणों ने बात की तो उन्होंने कहा कि बात हो गई है . अब किससे बात हुई, यह किसे को पता नहीं . ग्रामीणों ने चल रहे निर्माण कार्य में गाड़वाल के पत्थर को उठाकर देखा तो नीचे मसाला नहीं था . सिर्फ पत्थर रखकर धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहा था . बता दें कि बीते वर्ष 2009 में यह तालाब का निर्माण कराया गया था, जो पहली बारिश 2011 में ही बह गया था . जब स्थानीय लोगों में तरह-तरह के चर्चा होने लगी तो विधायक विनोद कुमार सिंह ने ग्रामीणों के बीच संवेदक को ब्लैकलिस्टेड करने का हवाला देकर लीपापोती की गई . बीते 18 दिसम्बर 2023 पुनः योजना का शिलान्यास किया गया . जिसकी लागत 98 लाख है . संवेदक से दूरभाष पर बातचीत कर मामले से अवगत कराया गया . ग्रामीणों ने कहा कि जब तक विभाग के अधिकारी जांच नहीं कर लेते हैं तब तक काम बंद रहेगा .

---

# ठगी करनेवाले चार साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए

**संवाददाता । गिरिडीह**

**खास बातें**

- राशन कार्ड बनाने के नाम पर किया करते थे ठगी
- मोबाइल, एटीएम कार्ड सहित कई सामान बरामद हुए

गिरिडीह पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. इन्हें जेल भेज दिया गया है. उनके पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड सहित कई सामान बरामद किया गया है. जानकारी के अनुसार गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिंब एप्प के माध्यम से सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी ठगी का कार्य कर रहे हैं . इनकी गिरफ्तारी को लेकर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया .

टीम ने कुल चार साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है,जिसमें धनबाद जिले के अमन सिंह,गिरिडीह जिले विजय कुमार महतो,गांडेय थाना क्षेत्र के मो सरीफ अंसारी और जामुआ थाना क्षेत्र के जियोटोल निवासी राहुल कुमार शामिल है . इसके पास से 6 मोबाइल,6 सीम कार्ड, एक एटीएम कार्ड,एक पासबुक, एक आधार कार्ड ओर एक पेन कार्ड बरामद किया गया है. बताया जाता है कि गिरफ्तार साइबर अपराधी डॉक्टर के पास नंबर लगाने और राशन कार्ड बनाने के नाम पर लोगों से ठगी कर रहे थे . छापेमारी दल में डीएसपी के अलावा साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, रोहित कुमार महतो ,पुनीत कुमार,गजेंद्र कुमार शामिल थे .

---

**मवेशी तस्कर के बड़े रैकेट का भंडाफोड़**

# गिरिडीह पुलिस ने मवेशी लदे 17 पिकअप वैन जब्त किये

- 17 पिकअप वैन में करीब 150 मवेशी लदे हुए थे

**संवाददाता । गिरिडीह**

गिरिडीह पुलिस ने मवेशी तस्कर के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड गैडा से मवेशी लदे 17 पिकअप वैन जब्त किये हैं. इन पिकअप वैन में करीब 150 मवेशी लदे थे. हालांकि सभी गाड़ियों के चालक मौके से फरार हो गये. एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों से भरी गाड़ियां पकड़े जाने की खबर से लोगों में आक्रोश है. गिरिडीह पुलिस ने जब्त सभी गाड़ियों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. जब्त की गयी कई गाड़ियों के शीशे भी टूटे हुए हैं. बताया जा रहा है कि तस्करी के दौरान दो मवेशी की मौत हो गयी है.

**ऐसे होती है मवेशियों की तस्करी:** बिहार के अलग-अलग स्थानों से मवेशी तस्कर पिकअप वैन और ट्रक से पशुओं को बंगाल भेजते हैं. पहले धंधा देर रात चलता था. रात के दो बजे से लेकर चार बजे तक कई वाहन गुजरते थे. इसमें से कई वाहनों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता भी हासिल की है. पुलिस की सक्रियता को देखते हुए तस्करों ने अब सब्जी वाहन का सहारा लेना शुरू कर दिया है. मवेशियों को पिकअप में लोड करने के बाद चारों तरफ सब्जी के कैरेट को बांध देते हैं, ताकि किसी को शक न हो कि वाहन में मवेशी लदे हैं. पशुओं को लेकर जाने वाली पिकअप वैन के आगे-पीछे अन्य वाहनों से तस्कर भी जाते हैं.

स्थानीय सहयोगी पुलिस पेट्रोलिंग की टीम पर नजर रखते हैं और मैसेज आगे बढ़ाते हैं. जिससे तस्कर सतर्क हो जाते हैं. वहीं कुछ घटना होने को स्थिति में मदद के लिए भी खड़े रहते हैं.



#### मवेशी तस्करी का सिंडिकेट है काफी बड़ा


जानकारी के मुताबिक, मवेशी तस्करी का सिंडिकेट काफी बड़ा है . इसका धंधा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश व झारखंड के कई जिलों में फैला है . पशु तस्कर बिहार के शेरघाटी, गया, शिवली और उत्तर प्रदेश के जौनपुर, गाजीपुर, कानपुर, इलाहाबाद व चंदौली से पशु को ट्रक में लोड कर जीटी रोड से और गिरिडीह जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से वेस्ट बंगाल स्लोटिंग के लिये ले जाते हैं . पिछले कुछ महीनों से गिरिडीह पुलिस की एक के बाद एक की जा रही कार्रवाई से मवेशी तस्करी के सिंडिकेट में शामिल लोग परेशान हैं .

---

## हथियार के बल पर घर में घुसकर डकैती, जांच में जुटी पुलिस

- डकैत घटना को अंजाम देने के दौरान घर में लगे सीसीटीवी और डीवीआर भी ले भागे

**साहिबगंज ।** रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिघी के शर्मापुर में शुक्रवार की रात तीन बाइक पर सवार होकर पहुंचे नकाबपोशों ने घर में घुसकर लाखों की डकैती कर ली. जानकारी के अनुसार यह घटना अवैध शराब बरामदगी के आरोपी अरविंद कुमार गुप्ता के घर मे घटी है. घटना की जानकारी मिलते ही बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा, रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार दल बल के



साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए. मकान मालकिन पूनम देवी ने बताया कि नकाबपोशों घर में घुसकर अरविंद कुमार के बारे में पूछताछ की फिर पिस्टल और चाकू दिखाकर घर के बच्चे सहित सभी सदस्यों को घर के एक कमरे में बंद कर दिया. साथ ही महिला एवं बच्चों के पहने हुए गहनों को उतरवाया और आलमारी की चाबी मांगी. फिर डरा धमका कर करीब 5 से 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण व 60 हजार नगदी के लेकर फरार हो गए.

डकैतों ने घटना को अंजाम देने के बाद जाते जाते घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर भी अपने साथ ले गए. हालांकि पुलिस मामले को लेकर गंभीरता से छानबीन में जुट गई है और छापेमारी अभियान चला रही है.

---

**झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023**

# परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा

**संवाददाता । पाकुड़**

- कार्यपालक दंडाधिकारी, अनुमंडल पाकुड़ ने परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में लगायी निषेधज्ञा,पत्र जारी
- 17 मार्च को सुबह 9 बजे से परीक्षा की समाप्ति तक संबंधित क्षेत्रों में निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी

झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आगामी 17 मार्च 2024 को होना है. परीक्षा दो पाली में होगी. प्रथम पाली पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 12.00 बजे (दो घंटे) एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक संचालित होगी. परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं. जिसमें पांच या पांच से अधिक की संख्या में व्यक्तियों के साथ किसी भी स्थान विशेष पर एकत्रित होना, भ्रमण करना अथवा भीड़ लगाना निषिद्ध है.

किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा निषेधाज्ञा क्षेत्र अंतर्गत किसी प्रकार का कोई आग्नेयास्त्र परंपरागत हथियार तथा लाठी, डंडा, भाला, तीर-धनुष, फर्सा, इत्यादि में से काई भी हथियार लेकर चलना, भ्रमण करना, प्रदर्शन करना अथवा उसका व्यवहार किया जाना निषिद्ध है. निषिद्ध क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के साथ तथा किसी भी प्रकार का कोई जूलूस, रैली, सभा, धरना एवं प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन किया जाना निषिद्ध है.

परीक्षा एवं परीक्षा केन्द्र के कर्तव्यों से संबंधित व्यक्तियों, कर्मियों, परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति अथवा व्याक्तियों के निषिद्ध क्षेत्र अंतर्गत प्रवेश कर भ्रमण करने अथवा किसी परीक्षार्थी परीक्षार्थियों को अनुचित रीति से सहायता अथवा सहयोग किया जाना निषिद्ध है.

### साहिबगंज : वन स्टॉप वाहन की मिली सौगात

**साहिबगंज ।** शनिवार को समाहरणालय से उपायुक्त हेमंत सती ने हरी झंडी दिखाकर महिला जनकल्याण के लिए सखी वन स्टॉप वाहन को रवाना किया.वहीं झारखंड महिला विकास समिति झारखंड द्वारा मिशन शक्ति योजना के उपयोजना सामर्थ्य अंतर्गत संचालित वन स्टॉप वाहन है.वन स्टॉप सेंटर (सखी) का उद्देश्य सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे सहायता उपलब्ध कराना है. वन स्टॉप सेंटर योजना (सखी), निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा और अपराध को रोकने और पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को सहायता प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. प्रभावित महिलाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत रुप से सहायता प्रदान करने के लिए वन स्टॉप सेंटर सिद्धू कान्हू स्टेडियम के पास संचालित है.

---

**जमुआ में भाकपा माले कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न**

# देश में अराजकता का माहौल कायम हो गया है : विनोद सिंह

**संवाददाता । जमुआ (गिरिडीह)**



कोडरमा के जमुआ प्रखंड स्थित जमुआ डाक बंगला में भाकपा माले की शाखा आरवाईए और आइसा ने छात्र-युवा पंचायत का आयोजन किया. जिसमें छात्र-नौजवानों ने मोदी सरकार द्वारा देश में दिए जा रहे बयान का जवाब मांगा है. उनका कहना है कि मोदी सरकार देश में नफरत फैला रही है. बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में सरकार के दस साल का हिसाब करने का संकल्प लिया.छात्र-युवा पंचायत में मुख्यरूप से बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह और आरवाईए के झारखंड राज्य अध्यक्ष संदीप जयसवाल शामिल रहे. इस दौरान विनोद सिंह ने कहा कि पूरे देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है. भाजपा धार्मिक उन्माद फैलाकर पुनः सत्ता पर काबिज होने की जुगत में है.इलेक्टोरल बांड के जरिये पाकिस्तानी कम्पनी से भी चंदा लेने वाली भाजपा देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है, इसे समझा जाना चाहिए. संदीप जायसवाल ने कहा कि देश मे बेरोजगारी चरम पर है, भाजपा कभी भी इस सवाल पर बात नहीं करती है, लिहाजा देश के छात्र और नौजवान चुनाव का एजेंडा तय करने के लिए गोलबंद हो रहे हैं. बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मो. असगर अली ने की और संचालन प्रखंड अध्यक्ष ललन ने किया.


---

**लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित**

# तय समय में कार्य पूरा करने का निर्देश

**संवाददाता । पीड़टांड़ (गिरिडीह)**

आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई . बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने की. मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बैठक की गई . बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी दी गई . बैठक में बीडीओ ने चुनाव के मद्देनजर गठित सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए . लोकसभा चुनाव से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया गया कि तय समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण कर लें, ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की छोटी से छोटी कमियां न रहे . साथ ही विधि-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दी गई.



#### ससमय प्रतिवेदन समर्पित करें

मनोज कुमार मरांडी ने कहा कि संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का कारण ज्ञात करते हुए उनसे समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर ससमय प्रतिवेदन समर्पित करें . साथ ही मतदान केंद्रों पर आवश्यक सारी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करें, ताकि महिला, दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता सुगमतापूर्वक अपने मत का प्रयोग कर सकें . बीडीओ ने कहा कि सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करे . बूथों का भ्रमण करते हुए डिस्पैच सेंटर से लेकर बूथ तक रूट मैप तैयार करने का भी निर्देश दिया गया .

### लोस चुनाव रणनीति को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**पाकुड़ ।** शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई. बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की ओर से कैंडिडेट कोई भी रहे कांग्रेसी उन्हें जिताने का और उनके लिए प्रचार प्रसार करेंगे. साथ ही भाजपा को हर हाल में शिकस्त देने का प्रयास करेंगे. इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह पाकुड़ जिला प्रभारी तनवीर आलम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखण्ड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष मान्सारुल हक, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला परिषद सदस्य मानजुला हाँसदा उपस्थित थे.

---

**भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने गिनाई उपलब्धियां**

# लाभार्थियों के बीच चलाया अभियान

**संवाददाता । बोकारो**

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने शनिवार को चास प्रखंड के काशीझरीया पंचायत अंतर्गत कुरमा गांव में केन्द्रीय योजनाओं के लाभार्थिंयों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान कुमार अमित ने इस गांव के लाभार्थियों के घर घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश के साथ-साथ केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताया. अमित ने लाभार्थियों से मोदी सरकार के समर्थन में मिस्ड कॉल भी करवायी एवं लाभार्थियों के दरवाज़ों पर पार्टी का स्टिकर भी चिपकाया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के कारण आज केन्द्र सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ गांव के लोगों को मिल रहा है. मोदी सरकार के नीतियों के कारण हीं इन योजनाओं से बिचौलियों का प्रभाव समाप्त हुआ है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान राशि सभी किसानों के खातों तक सीधे पहुंच रही है.



#### अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया

इस दौरान कुमार अमित ने कुरमा गांव निवासी और बोकारो के शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले एसएस कॉलेज चास के पूर्व प्राचार्य गुणाराम महथा, चिकित्सा क्षेत्र में सेवा देने वाले बबलू प्रमाणिक, कृषि क्षेत्र से हरिपद गोप और सेवा के लिए भोला प्रमाणिक के घर जाकर इनलोगों को अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया . अमित ने लोगों से गांव की अन्य समस्याओं को भी जाना और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील भी की . इस दौरान भाजपा के किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हरिपद गोप, पिंड्राजोरा मंडल महामंत्री रतन महतो, चास के महामंत्री प्रकाश प्रमाणिक, सुजीत बाउरी, लालबाबू, चंद्रप्रकाश, राकेश बाउरी, पंकज तुरी, किशोर बाउरी उपस्थित थे .

---

**गिरिडीह**

**झंडा मैदान में हुआ किसान मेला-सह-फसल प्रदर्शनी का आयोजन, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़**

# मेला बहुत ही लाभकारी है, इसका और प्रचार-प्रसार हो : मुनिया देवी

- जिप अध्यक्ष मुनिया देवी व कृषि पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन

**संवाददाता । गिरिडीह**

स्थानीय झंडा मैदान में शनिवार को जिला स्तरीय किसान मेला-सह-फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी एवं जिला कृषि पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मेला परिसर में कृषि विभाग के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र एफपीओ खाद बीज भंडार सहित कुल 18 स्टॉल लगाए गये हैं. मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए बहुत लाभकारी है. इसका अधिक प्रचार प्रसार करते हुए किसानों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है. कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार ने तकनीकी ढंग से खेती करने की सलाह देते हुए कहा कि यदि किसान अपने छिड़काव की विधि समय पर करें तो किसानों को अधिक लाभ होगा. कहा गया कि खेती सिंचाई पर ही निर्भर है इसके लिए चेक डैम,तालाब, कूप जैसी योजनाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है.

**मुख्य रुप से किसानों के लिए कार्य :** जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा परियोजना के निदेशक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आत्मा परियोजना मुख्य रूप से जिले में किसानों के लिए कार्य कर रही है. प्रखंड स्तर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान मित्र कार्य कर रहे हैं. आत्मा द्वारा कृषि विभाग एवं कृषि संबंध विभाग फ्लैगशिप स्कीम के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, सॉयल हेल्थ कार्ड, देशी प्रशिक्षण कार्यक्रम, एसटीआरवाई प्रशिक्षण इत्यादि कार्यक्रम करते हुए किसानों के बीच प्रचार प्रसार एवं प्रशिक्षण कार्य करता हैं.उन्होंने किसानों को आत्मनिर्भर होने की भी सलाह दी.



#### वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह

जिला उद्यान पदाधिकारी वरुण कुमार, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी आकाश सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार आदि ने अपने सम्बोधन में किसानों को स्वावलंबी बनने और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी . कहा गया कि वैज्ञानिक विधि से खेती कर किसान 5 से 7 गुना मुनाफा बढ़ा सकते हैं . इसके अलावा कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा रमेश कुमार ने विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे किसान मित्रों को विस्तार पूर्वक जानकार दी . मेला के दौरान लगे फसल प्रदर्शनी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाना है .

---

# कार्य पर लौटने को लेकर बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन

**जमुआ(गिरिडीह) ।**

जमुआ प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष शाहनवाज आलम के नेतृत्व में शनिवार को जमुआ बीडीओ कमलेंद्र सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में बताया कि पूरे राज्य के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक अपने विभिन्न मांगों को लेकर विगत 253 दिनों से हजारों की संख्या में राजभवन रांची के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे थे. जिसके आलोक में कैबिनेट की बैठक में सरकार द्वारा उनके विभिन्न मांग को पूरा करते हुए पूरे राज्य के लगभग 17000 स्वयं सेवकों का नाम बदलकर पंचायत सहायक कर दिया गया एवं उनका मासिक मानदेय के रूप में प्रत्येक महीने पच्चीस सौ रुपये देने की बात कही गई .



इस संबंध में जमुआ के पंचायत सहायकों ने बीडीओ कमलेंद्र सिन्हा से मिलकर उनके समक्ष खुशी का इजहार करते हुए मिठाई खिलाई एवं ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि हम लोग अपने कार्य पर लौट चुके हैं. पंचायत सहायक के सदस्यों को सरकार की योजनाओं के कार्य में लगाया जाए.

### रानी सती मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा, निशान ध्वज के साथ शामिल होंगे 500 से अधिक श्री श्याम भक्त

# आज शहर में निकलेगी श्री श्याम प्रभु की भव्य निशान शोभायात्रा

संवाददाता। हजारीबाग



देश भर में फाल्गुन महीने में श्री श्याम प्रभु की आराधना विशेष रूप से की जाती है. जिले में भी श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा. इस कड़ी में 17 मार्च को श्री श्याम फाल्गुन निशान शोभायात्रा मालवीय मार्ग स्थित रानी सती मंदिर से निकाली जाएगी. निशान शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व श्री श्याम प्रभु की पूजा-अर्चना की जाएगी.

इसके बाद मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकल कर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए मुनका बगीचा पहुंच कर संपन्न होगी. इस शोभायात्रा में 500 से अधिक श्री श्याम भक्तों के शामिल होने का अनुमान है. महिलाएं लाल-पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता-पजामा पहन कर शामिल होंगे. वहीं 18 मार्च को मुनका बगीचा में संध्या छह बजे से श्री श्याम फाल्गुन कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया है. इस आयोजन में बनारस की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पायल बनारसी, सरोज लक्खा एवं पिंटू शर्मा अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाएंगे. साथ ही स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी भजन की प्रस्तुत दी जाएगी.

भजन संध्या के दौरान बाबा का खजाना, बाबा का अभिषेक, भव्य दरबार, मनमोहक श्रृंगार, अखंड ज्योत, गजरोत्सव, फूलों की होली, इत्र वर्षा की जाएगी. अंत में महाआरती के साथ भजन संध्या संपन्न होगा, जिसके बाद सभी श्री श्याम प्रेमियों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा. भजन संध्या में छप्पन भोग एवं सवामणि का भोग बाबा श्याम को चढ़ाया जाएगा. श्री श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने कहा कि वर्ष 2011 से लगातार हर वर्ष शहर में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. बाबा श्री श्याम की कृपा से इस बार भी श्री श्याम महोत्सव ऐतिहासिक होगा.

**तैयारी पूरी**

- मुनका बगीचा में श्री श्याम फाल्गुन कीर्तन महोत्सव कल
- 13 सालों से श्री श्याम भक्त परिवार कर रहा है आयोजन

**तैयारी को अंतिम रूप देती नजर आईं महिलाएं**

कार्यक्रम को संपादित करने श्याम भक्त परिवार को महिलाओं का साथ और सहयोग भरपूर मिल रहा है. शनिवार को मिला श्री श्याम मंदिर परिसर में महिलाएं एकत्रित होकर तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटी थीं. महिलाएं निशान ध्वज को तैयार करने के साथ ही आपस में श्री श्याम भजन गा रही थीं. वहीं सभी श्याम प्रेमियों में महोत्सव को लेकर भारी उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा था. सभी लोग भव्य निशान शोभायात्रा की तैयारी में जुटे थे.

# लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगाने पर संविदा कर्मियों में नाराजगी

- सीईसी ने चुनाव में संविदा कर्मियों के इस्तेमाल पर लगा रखी है रोक
- संविदा कर्मियों को जिला प्रशासन के अगले कदम का इंतजार है

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में इलेक्शन ड्यूटी के लिए कई संविदा कर्मचारी और आउटसोर्सिंग कंपनी के लोगों को पत्र थमा दिया गया है. इस मामले पर कुछ संविदा कर्मियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिले में स्थाई कर्मियों के रहते हुए भी उनलोगों को चुनाव ड्यूटी दे दी जाती है. वहीं स्थाई कर्मी शादी, बीमारी आदि का बहाना बना कर चुनाव ड्यूटी से अपना नाम हटवा लेते हैं, जो कि गलत है.

अब जब भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संविदा और आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे कर्मियों को चुनाव ड्यूटी नहीं देने का आदेश दिया गया है, तो देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले पर क्या निर्णय लेता है. उन कर्मियों का यह भी कहना है कि अगर हमलोगों को चुनाव ड्यूटी दी गई, तो निर्वाचन आयोग से इसकी शिकायत की जाएगी. गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार ने संविदा कर्मियों और आउटसोर्सिंग वॉलेंटियर्स को चुनाव ड्यूटी से दूर रखने की बात कही है. उन्होंने कहा है कि राज्य और जिला इस बात को सुनिश्चत करेंगे कि चुनाव की किसी प्रक्रिया में संविदा कर्मियों का इस्तेमाल न हो.

## ब्रीफ खबरें

### कूद ओवरब्रिज के पास छात्रा का शव बरामद

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र के कूद ओवरब्रिज के पास शनिवार को एक नाबालिक लड़की का शव पुलिस ने बरामद किया है. मृतका की पहचान कटकमदाग थाना क्षेत्र के यशवंत नगर निवासी पुष्पा कुमारी के रूप में हुई है. वह कार्मल स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा थी. आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से लड़की की मौत हुई है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. लोगों का कहना था कि इतने सुनसान इलाके में बैग लेकर छात्रा कैसे पहुंची, यह समझ से परे है. लोगों में आत्महत्या करने को लेकर भी चर्चा हो रही है. वहीं पुलिस का कहना है कि छात्रा की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है या नहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कहा जा सकता है.

### अंडर 14 क्रिकेट मैच में प्रिंस ने दिखाया हुनर

**टाटीझरिया।** जेएससीए के बैनर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हजारीबाग जिला अंडर 14 टीम के खिलाड़ी प्रिंस कुमार यादव ने शानदार प्रदर्शन किया है. वह टाटीझरिया निवासी नारायण यादव के पुत्र हैं. साहेबगंज के विरुद्ध खेलते हुए प्रिंस ने सात ओवर में दो मेडन ओवर देकर चार विकेट चटकाए और अपनी टीम को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उसे मैन ऑफ द मैच का खिताब और पांच हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया. आरजी क्रिकेट एकेडमी के कोच गोपाल कुमार, टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, डहरभंगा मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव ने प्रिंस के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. बता दें कि यह मैच कोडरमा के चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेला गया था.

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक की पहचान भुईयां टोली निवासी प्रवीण कुमार पासवान के रूप में की गई है. पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बताया गया है कि आरोपी युवक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था. इस संबंध में नाबालिग के घर वालों ने लिखित आवेदन देकर कोर्रा थाना में मामला दर्ज कराया था. पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से आरोपी युवक को नया बस स्टैंड हजारीबाग से पकड़ा. उसके पास से नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया गया. इस कार्रवाई में अनुसंधानक एसआई रोशन कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

### 44,904 नये मतदाता पहली बार करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

# हजारीबाग में 20 मई को मतदान

संवाददाता। हजारीबाग



चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेस वार्ता की. उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य में कुल पांच चरणों में चुनाव होंगे. इसमें कोडरमा एवं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण यानी 20 मई को मतदान होगा. निष्पक्ष मतदान हेतु 10,758 मृत मतदाता, 13,927 स्थानांतरित मतदाता एवं 4,650 डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है.

कोई भी मतदाता छुटे नहीं, इस थीम पर कार्य करते हुए लगभग 96,490 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है. इसमें 18-19 आयु वर्ग के 44,904 नये मतदाता पहली बार मतदान में हिस्सा लेंगे. जिले भर में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 21,205 और 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 11,483 है. जिले में महिला मतदाताओं की संख्या में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. वर्तमान में जिले का जेंडर रेशियो 947 की तुलना में 938 है. अगले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए 7863 नये मतदाताओं को मतदाता सूची में निबंधन करने हेतु प्रपत्र 6 अग्रिम रूप में भरा गया है.

वैसे दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता, जो घर पर मतदान करना चाहेंगे, उनके लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा का प्रावधान किया जा रहा है. वहीं, मतदान केंद्र आने के इच्छुक दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं को व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. उपायुक्त ने बताया कि हजारीबाग जिला से बरकट्ठा, बरही, मांडू व हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान पदाधिकारियों की नियुक्ति कर ली गई है. पीठासीन पदाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को 18 मार्च से प्रशिक्षण दिया जाएगा.

**1668 मतदान केंद्रों के लिए 268 सेक्टर बनाए गए :** डीसी ने कहा कि हजारीबाग जिला प्रशासनिक क्षेत्र में अवस्थित 1668 मतदान केंद्रों के लिए 268 सेक्टर बनाया गया है. आदर्श आचार संहिता के तहत निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु स्वैतिक निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, उड़नदस्ता दल, विडियो निगरानी दल एवं लेखा दल का गठन किया गया है. कोई भी मतदाता या आम नागरिक वोटर हेल्पलाइन ऐप या टॉल फ्री नंबर 1950 के माध्यम से अपने बीएलओ एवं मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. धन-बल का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक कर उन्हें सी-विजिल में सक्रिय कर दिया गया है.

**चुनाव जानकारी**

- 96,490 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा
- महिला मतदाताओं की संख्या में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**हजारीबाग लोकसभा में मतदाताओं की संख्या**

| विस | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | सर्विस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| बरही | 1,69,445 | 1,59,548 | 01 | 498 | 3,29,492 |
| बड़कागांव | 1,79,165 | 1,85,210 | 12 | 582 | 3,64,969 |
| रामगढ़ | 1,79,804 | 1,72,354 | शून्य | 314 | 3,52,472 |
| मांडू | 2,20,498 | 2,06,721 | 14 | 448 | 4,27,681 |
| हजारीबाग | 2,20,079 | 2,07,936 | 04 | 1,483 | 4,29,502 |
| कुल | 9,68,991 | 9,31,769 | 31 | 3325 | 19,04,116 |

**गंभीरता से करें निर्वाचन संबंधी कार्य : चंदन कुमार**

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ. विमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई. इस दौरान उड़नदस्ता दल, स्टेटिक सर्विलांस दल, वीडियो सर्विलांस दल, वीडियो व्यूइंग दल एवं एमसीएमसी कोषांग के अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य पूरी गंभीरता से करने का निर्देश दिया गया.

वहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित मामलों को लेकर सी विजिल एप तथा ईएसएमएस पोर्टल के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई. सभी को उनके क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के सभी प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने एवं किसी भी तरह से अवहेलना से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया. डीसी व एवं एसपी ने सभी दलों एवं संबंधित कोषांग के अधिकारियों को जल्द से जल्द अपने-अपने दल/कोषांग की बैठक कर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करने को कहा. साथ ही आगे किए जाने वाले कार्यों को लेकर कार्य योजना तैयार रखने का निर्देश दिया. बैठक में डीडीसी, एसडीओ, जिला स्तरीय वरीय अधिकारी मौजूद थे.

### डीसी ने मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व केंद्राधीक्षकों को दिए निर्देश

# 28 केंद्रों पर जेपीएससी परीक्षा आज

संवाददाता। रामगढ़



झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त ने समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की. इसमें मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षक और अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारी मौजूद थे. इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं एसपी डॉ. विमल कुमार ने निष्पक्ष और कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने परीक्षा कार्य में लगे सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ परीक्षा संपन्न कराने को कहा है. साथ ही झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा को लेकर जारी दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी. बता दें कि रविवार को होने वाली परीक्षा को लेकर जिले में कुल 28 केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षा में कुल 8668 अभ्यर्थी शामिल होंगे.

**दिशा निर्देश**

- कदाचारमुक्त परीक्षा के संचालन पर दिया गया जोर
- जेपीएससी परीक्षा में कुल 8668 अभ्यर्थी शामिल होंगे

**एसपी ने विधि व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश**

परीक्षा के मद्देनजर एसपी ने शहर के सार्वजनिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों आदि में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. वहीं अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने कदाचारमुक्त परीक्षा कराने को कहा. इस संबंध में उन्होंने आवश्यक जानकारी भी दी.

# ढुठुवा तालाब में 80 लाख की लागत से बनेगा गार्डवाल

संवाददाता। रामगढ़

आजसू पार्टी की स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी ने शनिवार को दुलमी प्रखंड के ढुठुवा तालाब में गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस अवसर पर पूर्व जिप अध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, आजसू पार्टी के वरीय नेता चंदर महतो सहित अन्य मौजूद थे. शिलान्यास कार्यक्रम के बाद विधायक ने ग्रामीणों से मिल कर उनका हाल भी जाना. ढुठुवा तालाब के लगभग 300 मीटर गार्डवाल का निर्माण कार्य डीएमएफटी फंड से लगभग 90 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा. मौके पर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो, पंसस गोपाल प्रसाद, बाल कृष्ण ओहदार, मनोज महतो, देव किशोर महतो, सत्यनारायण महतो, विशेश्वर महतो आदि थे.

**शिलान्यास कार्यक्रम**

- रामगढ़ की आजसू विधायक सुनीता चौधरी ने रखी नींव
- आधारशिला रखने के बाद ग्रामीणों से मिल कर जाना हाल

### राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर हटाए

**केरेडारी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के तारीखों के घोषण के साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है. इसी मद्देनजर प्रखंड कार्यालय एवं ग्राउंड में लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर को हटाया गया. झारखंड में लोकसभा के चुनाव चार चरणों में होंगे. 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में चुनाव होंगे. 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में चुनाव होंगे. 25 मई को गिरिडीह, रांची, धनबाद, और जमशेदपुर में चुनाव होंगे. एक जून को गोड्डा, राजमहल और दुमका में चुनाव होंगे. वहीं, चार जून को एक साथ परिणाम आएंगे.

### सीसीएल की ओर से आयोजित ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# जोड़ाकाराम की टीम बनी विजेता

संवाददाता। चरही



सीसीएल हजारीबाग एरिया के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सीएसआर की ओर से आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई. इस प्रतियोगिता में कुल 29 ग्रामीण टीमों ने हिस्सा लिया था. इसमें मांडू प्रखंड की एफसी जोड़ाकारम की टीम विजेता और चुरचू प्रखंड की जरबा की टीम उप विजेता रही.

विजेता और उप विजेता टीमों को मुख्य अतिथि सीसीएल रांची के कार्मिक निदेशक हर्षनाथ मिश्रा ने मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि सीसीएल कोल उत्पादन के साथ ही साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का भी ध्यान रखती है. इसके तहत कई सामाजिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण सुविधा प्राप्त कर सकें. इसी उत्तरदायित्व के तहत सीसीएल शुरू से ही ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं का हुनर निखारने के लिए ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है, ताकि ग्रामीण युवा खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकें. मंच संचालन एरिया के अधिकारी वरूण कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सीसीएल हजारीबाग एरिया के एजीएम नागेंद्र कुमार ने किया. इससे पूर्व स्कूली छात्र-छात्राओं ने ढोल-नगाड़े की थाप पर आदिवासी पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया. वहीं डीएवी केदला की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया.

इस अवसर पर सीसीएल हजारीबाग एरिया के महाप्रबंधक केके सिन्हा, एसओपी पल्लव चक्रवर्ती, तापिन साउथ परियोजना पदाधिकारी एमके पांडेय, सीएसआर के नोडल पदाधिकारी पीयूष कुमार, खान प्रबंधक भूषण कुमार, पवन कुमार सिंह, इरशाद अहमद, निशांत कुमार, उमेश चंद्रा, एनके दुबे, रवि सिंह, एसीसी मेंबर बसंत कुमार, खुशिलाल महतो, अकल उराव, बलभद्र दास, रणविजय सिंह, किसुन महतो, अमरजीत कुमार आदि मौजूद थे.

**हुनर निखरा**

- दोनों टीमों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया
- सीसीएल सामाजिक दायित्व के लिए तत्पर : हर्षनाथ

### राजागढ़ बिगहा में महायज्ञ का शुभारंभ

**चौपारण।** राजागढ़ बिगहा में श्री हनुमत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित लक्ष्मी नृसिंह यज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पंचम वार्षिक उत्सव शनिवार को शुरू हुआ. कोडरमा स्थित ध्वजधारी धाम के महंत चक्रपाणि महाराज ने धर्म का ध्वज फहरा कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया.कलश यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला यादव व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए. 1001 कलश के साथ निकली कलश यात्रा, जीटी रोड़ होते हुए ताजपुर स्थित छठ तालाब पहुंची. यज्ञाचार्य पं. सोमनाथ शुक्ल व सह आचार्य पं. बाल मुकुंद आचार्य ने जलभरी का कार्य संपन्न कराया. कलश यात्रा में जीवंत झांकिया काफी आकर्षित कर रही थी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि राजागढ़ बीते कुछ वर्षों से श्रद्धालुओ के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है. पूर्व विधायक ने संस्थान के सक्रिय सदस्य आंनद चंद्रवंशी, विजय गुप्ता, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, शशि शेखर, बीरबल साव, कुमार राहुल को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी.

### गर्मी आने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, बीमारी का खतरा

# शहरवासियों का जीना मुहाल

संवाददाता। हजारीबाग



गर्मी के दस्तक देते ही शहरी क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है. इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. रात तो दूर, दिन में भी मच्छरों के आतंक से लोगों का जीना मुहाल है. मच्छरों से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के मच्छर मारक दवाओं का उपयोग कर रहें हैं, लेकिन इसका भी ज्यादा प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है. मौसम विभाग ने पहले ही संकेत कर दिया है कि इस बार मार्च से मई माह तक प्रचंड गर्मी पड़ेगी.

ऐसे में भीषण गर्मी के साथ मच्छरों का बढ़ता प्रकोप लोगों के लिए खतरे की घंटी है. शहरी क्षेत्र के तालाबों और पोखरों में घरों के गंदे पानी के जमा होने से मच्छरों को पनपने का मौका मिल रहा है. साथ ही शहर के वार्डों की नालियां गंदगी से बजबजा रही है. इस कारण भी मच्छरों की संख्या बढ़ रही है. अगर समय रहते व्यापक उपाय नहीं गया, तो मच्छर के काटने से होने वाली कई बीमारियां यथा डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के प्रकोप से लोगों को जूझना पड़ेगा. इधर, जनप्रतिनिधियों ने मलेरिया नियंत्रण विभाग से क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव और मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण करने की मांग की है.

तीन दशक पूर्व गर्मी के दस्तक देने के पहले ही मलेरिया नियंत्रण विभाग द्वारा क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव युद्ध स्तर पर हो जाता था. उसका परिणाम भी देखने को मिलता था और क्षेत्र में मच्छड़ कम पाए जाते थे. वहीं आज सुविधाएं बढ़ी हैं, स्वास्थ्य विभाग में निचले स्तर तक स्वास्थ्य प्रदाता कार्यरत हैं. मगर, अब डीडीटी का छिड़काव नहीं होता है, जिससे मच्छड़ों का प्रकोप काफी बढ़ गया है.

> शहर में बढ़ते मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा फॉगिंग मशीन के माध्यम से छिड़काव किया जाएगा. नगर निगम के पास तीन फॉगिंग मशीन है.
>
> – शैलेश कुमार, नगर आयुक्त

**रोकथाम जरूरी**

- नाली के गंदे पानी में मच्छरों को मिल रहा पोषण
- क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव करने की उठी मांग

**कार्यक्रम**

### 'महिला समावेशन' विषय पर विभावि एलुमनाई संघ का समारोह संपन्न, महिला सशक्तीकरण पर जोर

# समाज की मुख्यधारा में महिलाओं का समावेशन अहम : डॉ. मंजुला

संवाददाता। हजारीबाग



विनोबा भावे विश्वविद्यालय एलुमनाई संघ द्वारा 'महिला समावेशन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम का शनिवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया. इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार में संघ के अध्यक्ष डॉ. मंसूर आलम फाखरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि हिंदी विभाग से सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. मंजुला सांगा मौजूद थीं.

उन्होंने आधुनिक दौर में महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत समाज की मुख्य धारा में महिलाओं के समावेशन के महत्व को रेखांकित किया. विशिष्ट अतिथि डॉ. मार्गरेट लकड़ा ने कहा कि आज के दौर में महिलाओं के समावेशन के बिना किसी भी क्षेत्र में पूर्ण सफलता नहीं पायी जा सकती है. सभा को संबोधित करते हुए इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार ने एलुमनाई संघ के आयोजन की सराहना की. संघ के सचिव डॉ. सन्नी मेहता ने एलुमनाई संघ के महत्व एवं इसके भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की. इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्ज्वलन तथा आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर पुष्प अर्पण से किया गया.

कुलगीत की प्रस्तुति के बाद अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया. स्वागत संबोधन शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. कुमारी भारती सिंह और संचालन संघ की उपाध्यक्ष डॉ. अमिता कुमारी ने किया. मौके पर आइक्यूएसी निदेशक डॉ. सादिक रजजाक, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज कुमार सिंह, मानव शास्त्र विभाग से डॉ. विनोद रंजन, हिन्दी विभाग से डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत, शिक्षा शास्त्र विभाग से डॉ. शालिनी अवधिया, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, सीएनडी विभाग से डॉ. जया सिन्हा के अलावा विभिन्न विभाग के विद्यार्थी व पूर्ववर्ती छात्र शामिल रहे.

**आयोजन सफल**

- महिलाओं के बिना सफल हो पाना संभव नहीं : डॉ. मार्गरेट
- एलुमनाई संघ के महत्व एवं भावी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**विजेताओं को दिया गया स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र**

इस अवसर पर 14 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता के तीनों विधाओं के विजेताओं को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया. मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रश्मि कुमारी (शिक्षाशास्त्र विभाग) द्वितीय मनी ज्योत्सना (सीएनडी विभाग) और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से पूजा कुमारी (इतिहास विभाग) और आरफा फातिमा (शिक्षाशास्त्र विभाग) रहीं. वहीं, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नूपुर माला (शिक्षाशास्त्र विभाग), द्वितीय पुष्पा दीप (रसायन शास्त्र) व तृतीय पुरस्कार शगुफ्ता जबीन खान (यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज) को दिया गया. पेंटिंग प्रतियोगिता में अदिति (शिक्षाशास्त्र विभाग), सृष्टिशंकर (यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज) व मनी ज्योत्सना शाह (सीएनडी विभाग) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला.

# अंबा की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई भाजपा: जगतनंदन

संवाददाता। बड़कागांव

अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज की प्रखंड इकाई ने योगेंद्र साव और अंबा प्रसाद पर ईडी की कार्रवाई की निंदा की है. बड़कागांव प्रखंड तैलिक साहू समाज के अध्यक्ष जगतनंदन प्रसाद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हमारे स्वजाति नेता पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू और विधायक अंबा प्रसाद की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबरा गई है. राजनीतिक दबाव बनाकर उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है.

उन्होंने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा. समय आने पर तैलिक साहू समाज इसका जवाब देगा. प्रखंड अध्यक्ष के अलावा प्रखंड सचिव कैलाश साव, प्रखंड कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार, उपाध्यक्ष मोहन साव, जिला सचिव धनेश्वर साहू, प्रखंड उप सचिव पदुम साव, त्रिलोकी साव, शिवनारायण साव, चंदर साव, दिनेश साव उर्फ दीपू, प्रेम साव, भुनेश्वर साव, दिनेश प्रसाद, राजेश कुमार, सोना साव, कमल साव, रमन साव, विनय साव, अशोक साव, रीझन साव, शंभू नाथ साहू, दीपक साव,

**समाज प्रतिक्रिया**

- तैलिक साहू समाज ने की ईडी की कार्रवाई की निंदा
- कहा- आगामी लोकसभा चुनाव में समाज देगा जवाब

**उपलब्धि :** ई-कचरा प्रबंधन कंपनी हुलाडेक के द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

# करीम सिटी कॉलेज को मिला 'हुलाडेक' का रिमार्केबल डेडिकेशन अवार्ड

आनंद मिश्रा । जमशेदपुर

ई-कचरा प्रबंधन कंपनी 'हुलाडेक' के तत्वावधान में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कोलकाता के धोनो धन्यो सभागार में किया गया. इसमें जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज को प्रथम पुरस्कार मिला. समारोह में हुलाडेक की ओर से कॉलेज को रिमार्केबल डेडिकेशन पुरस्कार प्रदान किया गया. करीम सिटी कॉलेज की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के प्रेसिडेंट मानव घोष ने यह पुरस्कार ग्रहण किया. हुलाडेक एक ऐसी कंपनी है जिसकी शाखाएं देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं और ई-वेस्ट



सामग्री संग्रह कर रीसाइकलिंग का कार्य करती हैं. कॉलेज की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ डॉ मोहम्मद रेयाज ने शुभकामनाएं दी. इस अवसर डॉ आले अली, सैयद साजिद परवेज,डॉ बीएन त्रिपाठी, डॉ आफताब आलम खान, डॉ तनवीर जमाल काजमी उपस्थित थे.

**खास बातें**

- 2023 में भी कॉलेज को मिला था प्रथम पुरस्कार
- एनएसएस के प्रेसिडेंट मानव घोष ने ग्रहण किया पुरस्कार

**कई उपलब्धियां हासिल कर रहा है कॉलेज : मो. रेयाज**

प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने कहा कि करीम सिटी कॉलेज न केवल पठन-पाठन, बल्कि समय के साथ कई क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है. ई-वेस्ट मैटेरियल कलेक्शन के संबंध में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली एवं एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज ने बताया कि कॉलेज में ई-कचरा प्रबंधन के लिए एक विभाग स्थापित कर दिया गया है. पिछले वर्ष 2023 में भी ई- कचरा प्रबंधन के लिए करीम सिटी कॉलेज को प्रथम पुरस्कार मिल चुका है.

## एनटीटीएफ गोलमुरी के 17 छात्रों का वॉल्वो में चयन, 3.50 लाख पैकेज

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल सेंटर में वोल्वो आईचर कंपनी की ओर से कैंपस सिलेक्शन किया गया. कंपनी की ओर से संस्थान के 17 छात्रों को विभिन्न पदों के लिए चुना गया. सर्वप्रथम कंपनी द्वारा दो राउंड रिटन टेस्ट व इंटरव्यू लिया गया. फिर छात्रों की तकनीकी क्षमता परखी गई.

परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 17 छात्रों का मल्टी ब्रांड व मल्टी डिवीजन कंपनी वोल्वो आईचर द्वारा अंतिम रूप से चयन किया गया.



छात्रों की सफलता और मेहनत से पूरा संस्थान गौरवान्वित है. इंदौर स्थित वोल्वो कंपनी ने एनटीटीएफ के डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच के 12 विद्यार्थी सपना कुमारी, कुमारी अदिति, सुमन कुमारी, रिया कुमारी, ममता महतो, विवेक पूर्ति, अनुराग शर्मा, मुकेश कुमार, अमन कुमार, संदीप पॉल, ऋषि कुमार, सुमित कुमार तिवारी का चयन किया.

वहीं डिप्लोमा इन टूल एंड डाई इंजीनियरिंग ब्रांच से चार विद्यार्थी देबांजन सेन, अनीश कुमार, गिरिराज ढोके, ऋषि कुमार एवं डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से जयंत कुमार का चयन हुआ है. सभी चयनित विद्यार्थी सत्र 2021-24 के फाइनल ईयर के हैं. इन सभी विद्यार्थियों को इंदौर स्थित वॉल्वो कंपनी द्वारा 3.50 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया है. संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं. कैम्पस प्लेसमेंट में संस्थान की प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला महतो ने सहयोग किया. संस्थान के उप प्राचार्य रमेश राय, हरीश, दीपक सरकार, मंजर, लक्ष्मण, दीपक ओझा, आचार्य समेत सभी प्रशिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** तीसरा चंद्र है. पराक्रम से धन प्राप्ति सुगम होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. निवेश, यात्रा व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे.

**वृषभ** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें.

**मिथुन** प्रसन्नता रहेगी. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** विवाद को बढ़ावा न दें. पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. उतार-चढ़ाव बना रहेगा.

**सिंह** यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. भाग्य का साथ मिलेगा. प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी. घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी.

**कन्या** आर्थिक नीति में परिवर्तन सफल रहेगा, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी. भाई-बंधुओं का सहयोग प्राप्त होगा.

**तुला** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी. कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं. सावधान रहें.

**वृश्चिक** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां. कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा. अतिविश्वास हानि देगा.

**धनु** मित्रों व संबंधियों के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी. जोखिम न उठाएं.

**मकर** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा लाभदायक रहेगी. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें. प्रमाद से बचें.

**कुंभ** परीक्षा व प्रतियोगिता में लाभ की स्थिति निर्मित होगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सामाजिक कार्य में रुचि बढ़ेगी.

**मीन** बुरी खबर मिल सकती है. पुराना रोग उभर सकता है. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी.

**लोस चुनाव:** 1977 में पहली बार अस्तित्व में आया कोडरमा लोकसभा क्षेत्र

# 13 चुनावों में भाजपा ने छह बार कोडरमा पर जमाया कब्जा

- **कोडरमा लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है :** कोडरमा, हजारीबाग और गिरिडीह
- **लोस क्षेत्र में 6 विधानसभा की सीटें हैं :** कोडरमा, बरकट्ठा, धनवार, बगोदर, जमुआ और गांडेय

प्रवीण कुमार । रांची

अभ्रक खनन के लिए दुनिया भर में कोडरमा जिला प्रसिद्ध रहा है. इसी



तरह राज्य की राजनीति में भी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र चर्चित रहा है. छह विधानसभा क्षेत्र वाला कोडरमा लोकसभा सीट कोडरमा जिला समेत हजारीबाग और गिरिडीह जिले के कुछ इलाकों को मिलाकर बना है. इस संसदीय क्षेत्र में कोडरमा, बरकट्ठा,धनवार, बगोदर, जमुआ और गांडेय विधानसभा क्षेत्र आते हैं. कोडरमा लोकसभा सीट के इतिहास की बात करें, तो इसका गठन 1977 में हुआ था .फिलहाल इस सीट से सांसद बनीं अन्नपूर्णा देवी मोदी सरकार में मंत्री हैं. बाबूलाल मरांडी के भाजपा में शामिल होने के बाद यह सीट भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित सीट मानी जा रही है.

**किस विधानसभा क्षेत्र में किस दल का कब्जा**

| | |
|---|---|
| कोडरमा | भाजपा |
| जमुआ | भाजपा |
| धनवार | भाजपा |
| बरकट्ठा | निर्दलीय |
| बगोदर | भाकपा माले |
| गांडेय | झामुमो विधायक के इस्तीफे के बाद रिक्त |

रीतलाल प्रसाद वर्मा इस सीट से छह बार चुनाव जीते (1977 से 1999 तक)

## अब तक कैसा रहा किसका प्रदर्शन

### 1977 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव

1977 में कोडरमा लोकसभा के लिए पहला चुनाव हुआ. भारतीय लोकदल के रीतलाल प्रसाद वर्मा 64.8 % वोट लाकर चुनाव जीते. वहीं कांग्रेस के चपलेंदु भट्टाचार्य को 20.4 % वोट मिला था.

### 1980 में वर्मा दुबारा जीते चुनाव

1980 के लोकसभा चुनाव में रीतलाल प्रसाद वर्मा जनता पार्टी से चुनाव लड़े. उन्हें 39.5% वोट मिले और चुनाव जीत गये, जबकि कांग्रेस के जावेद वारसी को 31.3 % वोट मिले.

### 1984 में पहली दफा कांग्रेस ने जीती सीट

1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के तिलकधारी सिंह ने इस सीट से जीत हासिल की थी. उन्हें 57% वोट मिले थे . वहीं भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा को 26.6% वोट मिले थे.

### 1989 में भाजपा के टिकट से रीतलाल प्रसाद वर्मा फिर जीते

1989 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा को 44.5 % वोट मिले और वे चुनाव जीत गये. वहीं कांग्रेस को 25.8 % वोट और झारखंड मुक्ति मोर्चा को 20.3 % वोट मिले.

### पहली बार 1991 में जनता दल प्रत्याशी मुमताज अंसारी जीते

1991 के लोकसभा चुनाव में जनता दल ने यहां से जीत दर्ज की. जनता दल के मुमताज अंसारी को 32.6 % वोट मिले. वहीं भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा को 29.7 फीसदी वोट मिले. कांग्रेस के तिलकधारी प्रसाद सिंह को 25.7 % वोट मिले.

### 1996 में फिर जीते रीतलाल प्रसाद वर्मा

1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा एक बार फिर यहां से जीते. उन्हें 38.7 प्रतिशत वोट मिले. जनता दल के रमेश प्रसाद यादव को 31.2 %, कांग्रेस के उमेश चंद्र अग्रवाल को 11% और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सालखन सोरेन को 7.5 % वोट मिले.

### 1998 के चुनाव में फिर जीती भाजपा

1998 के लोकसभा चुनाव में यह सीट एक बार फिर भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा 41.2 फीसदी वोट के साथ विजयी रहे. दूसरे स्थान पर राष्ट्रीय जनता दल के आबिद हुसैन को 26.8 % वोट मिले. वहीं कांग्रेस के तिलकधारी प्रसाद सिंह को 18 % वोट मिले.

### 1999 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी तिलकधारी सिंह जीते, भाजपा हारी

1999 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के तिलकधारी प्रसाद सिंह ने 45.4 %वोट लाकर चुनाव जीता. वहीं भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा को 43.8% वोट मिले थे.

### 2004 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की एक मात्र सीट भाजपा ने ही जीती

झारखंड गठन के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव 2004 में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर बाबूलाल मरांडी ने जीत हासिल की. 2004 में कोडरमा लोकसभा सीट ही एकमात्र ऐसी सीट थी, जहां भाजपा ने चुनाव जीता. दूसरे स्थान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की चंपा वर्मा रहीं थी.

### बाबूलाल ने भाजपा से इस्तीफा दिया , उपचुनाव में फिर से जीते

2006 में कोडरमा लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव हुआ था. बाबूलाल मरांडी ने भाजपा से इस्तीफा देकर बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ा था. वे उपचुनाव में विजयी हुए थे.

### 2009 के चुनाव में बाबूलाल मरांडी ने जेवीएम से हासिल की जीत

2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से अलग होकर अपनी पार्टी बनाने वाले बाबूलाल मरांडी एक बार फिर कोडरमा लोकसभा सीट से विजयी हुए. झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को 25.6 % वोट मिले. दसरे स्थान पर रही भाकपा-माले को 19.3% वोट मिले, जबकि भाजपा को 14.8 % और राष्ट्रीय जनता दल को 14.2 % वोट मिले.

### 2014 में मोदी लहर का मिला फायदा

2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर थी, जिसका फायदा भाजपा को मिला. भाजपा उम्मीदवार रवींद्र कुमार राय ने कोडरमा लोकसभा सीट से चुनाव जीता. उन्हें कुल 35.7 % वोट मिले, जबकि माले के राजकुमार यादव दूसरे स्थान पर रहे.

### 2019 में राजद नेता अन्नपूर्णा देवी को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया, जीत गईं

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना उम्मीदवार बदल दिया और राष्ट्रीय जनता दल की नेता अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. पार्टी ने अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा सीट से प्रत्याशी बनाया. अन्नपूर्णा देवी 62.3 % वोट के साथ विजयी रहीं. दूसरे स्थान पर बाबूलाल मरांडी रहे. बाबूलाल की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा को 24.6 % वोट मिले.

आधी आबादी के सशक्तीकरण में को-ऑपरेटिव की भूमिका अहम

## को-ऑपरेटिव आंदोलन है सुरक्षित : डॉ. नंदिनी आजाद

संवाददाता । रांची

ताइवानडोंग हुआ कैंपस क्रेडिट यूनियन, ताइवान ने इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र के एनजीओ सीएसडब्ल्यू 68 में भाग लिया और महिला आर्थिक सशक्तिकरण के विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की. सम्मेलन की मुख्य वक्ता भारत की डॉ नंदिनी आजाद थी. डॉ. आजाद ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सहकारिता नेटवर्क ने अबतक 267 व्यवसायों को महिलाओं के अनुकूल बनाकर उसे सहकारिता सेक्टर को सौंपा है. व्यवसाय में निरंतर प्रगति पूरी दुनिया में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही है.

सम्मेलन का उद्देश्य जमीनी संगठनों से अपने अनुभव साझा करना है जिससे वैश्विक स्तर पर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता की जा सके और कैंपस में जमीनी स्तर पर महिलाओं की आवाज़ को समर्थन दिया जा



सके. सम्मेलन में भारत, हांगकांग, ब्रिटेन और ताइवान में सहकारिता आंदोलन में गहराई से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है, ताकि इस मंच से वह अपना प्रेरक यात्रा-सारांश साझा कर बता सकें कि विभिन्न स्थानों पर सहकारी आंदोलन के जरिये आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं का कैसे सशक्तीकरण किया गया और उद्देश्य के रास्ते में आनेवाली कठिनाइयों का कैसे और क्या हल निकाला गया. डॉ. आजाद ने कहा कि महिला को-ऑपरेटिव को सशक्त कर हम एक साथ मिलकर संपन्नता की ओर यात्रा कर रहे हैं. सम्मेलन में एशिया प्रांत के 26 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया.

## खिलाड़ियों को सरकार दे रही है बेहतर सुविधा : मिथिलेश

संवाददाता । गढ़वा

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत ग्राम अटौला में चार करोड़ रूपये से अधिक की लागत से सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा. झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. इसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा.

विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस स्टेडियम में बाउंड्री का कार्य के के साथ मैदान में मिट्टी कटिंग, फिलिंग कर इसे समतल बनाया जाएगा. इसमें सिलेक्शन-1 घास लगाया जाएगा. स्टेडियम में एक पवेलियन बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा. जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों के लिए अटैच्ड टॉयलेट के साथ ड्रेसिंग रूम की सुविधा होगी. साथ ही इसमें 100 लोगों को बैठने की कवर्ड रूफ व्यवस्था भी होगी. तीन-तीन सौ क्षमता की दो गैलरी का निर्माण किया जाएगा. इसके नीचे बाथरूम सहित सात-सात कमरे होंगे. ताकि टीमों को यहां ठहराया भी जा सके. इसके अलावा बोरवेल एवं अन्य सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

मिथिलेश ने कहा कि काफी लंबे समय से उदय तिवारी एवं स्थानीय लोग इस क्षेत्र में एक बेहतर स्टेडियम निर्माण की मांग कर रहे थे. उन्होंने पूर्व में आश्वासन दिया था, वह आज पूरा हो गया है. अब चेचारिया, खोरीडीह एवं अन्य नजदीकी पंचायतों के खिलाड़ियों, बच्चों को न सिर्फ खेलने की सुविधा मिलेगी बल्कि इस क्षेत्र से अच्छे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का एवं यहां बेहतर मैच देखने का भी अवसर मिलेगा. मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रही है.

### घर से सोने के जेवरात समेत रुपये की चोरी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत गुलाब बाग फेज वन में किराए के मकान में रहने वाली रुकसाना परवीन के मकान में चोरी हुई. चोरों ने रुकसाना के घर से सोने के जेवरात समेत नगद रुपये



की चोरी की. घटना की सूचना मिलने पर रुकसाना ने इसकी जानकारी मानगो पुलिस को दी. सूचना पाते ही मानगो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. रुकसाना ने बताया कि वह आदित्यपुर में कार्य करती है. शुक्रवार देर शाम जब वह काम से लौटकर घर का दरवाजा खोलकर कमरे में गई तो कमरे का नजारा देखकर दंग रह गई.

## सैकड़ों नेता भाजपा में शामिल हुए

संवाददाता । रांची

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. बिरसा उरांव, बेदिया विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, समाजसेवी डॉ. जयप्रकाश, भुइयां समाज कल्याण समिति कोल्हान क्षेत्र के उपाध्यक्ष पोरेश नायक, तांती समाज कोल्हान क्षेत्र के अध्यक्ष राशानंद कुमार तांती, समाजसेवी अशोक कुमार सहाय, छोटन लोहरा अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये. प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सभी नेताओं का स्वागत किया. साहू ने कहा कि परिवारवादी पार्टी कांग्रेस-झामुमो से लोगों का मोह भंग होता जा रहा है और बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता तक पार्टी छोड़ते जा रहे हैं. डॉ. बिरसा उरांव ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो आदिवासियों को दिग्भ्रमित कर रही है.

## विधायक ने किया 90 करोड़ रूपये की योजनाओं का शिलान्यास

**लातेहार।** विधायक बैद्यनाथ राम ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के हेरहंज, बालूमाथ व चंदवा प्रखंडों में कुल 90 करोड़ रूपये की योजनाओं का शिलान्यास किया. इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए वे कृतसंकल्प हैं. इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है. झारखंड सरकार हर गांव व हर टोले में विकास का खाखा तैयार किया है. हर



जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. इसी के तहत इन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है. विधायक ने कहा कि उन्होंने चुनाव पूर्व जो वायदे किये थे, उसे पूरा कर रहे हैं. लोगों ने इन योजनाओं की मांग कई बार की थी. मौके पर झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा, बीडीओ चंदन प्रसाद,अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, मो मीनू, रमेश तिवारी, ईश्वर उरांव, औरंगजेब खान, सुरेश गंझु, रंजीत उंराव, अंकित पांडेय, मो सरफराज, मो आशु व तनवीर आलम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

**विरोध** उपवास कार्यक्रम में कोडरमा जिला के साथ रांची जिला समिति भी हुई शामिल

# हमारे लाखों कार्यकर्ता बन चुके हैं हेमंत सोरेन: झामुमो

संवाददाता । रांची

रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष शनिवार को उपवास कार्यक्रम झामुमो कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडे की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ, जिसमें कोडरमा जिला के साथ रांची जिला समिति भी शामिल हुई. झामुमो कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडे ने कहा उपवास कार्यक्रम में आज हम कोडरमा जिले से आए हुए हैं.

भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा आपके सामने है. केंद्र की भाजपा सरकार ने ईडी का सहारा लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फंसाने का काम किया है. इन्होंने एक हेमंत सोरेन को



जेल में डाला है, पर यहां लाखों हेमंत सोरेन सड़क पर हैं. झारखंड मुक्ति मोर्चा का हौसला कभी कम नहीं होगा. रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार का जो चेहरा है, वह आज जनता के सामने है. केंद्रीय जांच एजेंसियों के सहारे जो राजनीतिक स्वार्थ साधना हो या कॉरपोरेट लूट करना हो आज सब जनता के सामने है.

**खास बातें**

- झामुमो कोडरमा जिलाध्यक्ष ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता
- बीरेंद्र पांडे ने कहा झामुमो का हौसला कभी कम नहीं होगा

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा जिला से केंद्रीय सदस्य गोपाल यादव, गंगाधर यादव, इस्लाम अंसारी, बैजनाथ मेहता, रांची जिला से केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, कोडरमा जिला प्रवक्ता शशि कांत पांडेय, कुदुस अंसारी, अंतु तिर्की, रांची जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, सचिव डॉ हेमलाल मेहता, संयुक्त सचिव सुकुआ मुंडा, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष चंद्र देव यादव, युवा अध्यक्ष बासुदेव यादव, आफताब आलम समेत अन्य लोग शामिल थे.

## चार दिवसीय पुतुल यात्रा कार्यक्रम कल से

संवाददाता । धनबाद

देश में विलुप्त होती कठपुतली परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए धनबाद में पहली बार भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और बीसीसीएल के तत्वावधान में चार दिवसीय पुतुल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन सोमवार से होगा. धनबाद के गांधी सेवा सदन में शनिवार को पुतुल यात्रा कार्यक्रम के आयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी, इंद्रजीत सिंह और पंकज कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि विश्व कठपुतली दिवस पर धनबाद के कोयला नगर स्थित कम्युनिटी हॉल में 18 से 21 मार्च तक पुतुल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के 28 राज्यों के लगभग डेढ़ सौ कठपुतली




कलाकार हिस्सा लेंगे. चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को कठपुतली का इतिहास और इसकी भारतीय परंपरा से अवगत कराना है. इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाले कठपुतली कलाकार धागा कठपुतली, छड़ कठपुतली, छाया कठपुतली और दस्ताना कठपुतली के जरिए सीता हरण, रानी लक्ष्मी बाई, दी लिटिल ब्लू प्लेनेट, गुलिवर की यात्रा, अलादीन, नारायण की महिमा, वीर बजरंगबली, रामायण, सुंदरकांड, टाइमिंग ऑफ दी वाइल्ड, विष्णु प्रसाद राधा, दुर्योधन वध, आएशा जर्नी और कम्ब रामायण जैसे विषयों पर प्रस्तुति देंगे.

**खास बातें**

- कठपुतली परंपरा को पुनर्जीवित करना कार्यक्रम का उद्देश्य
- देश के 28 राज्यों से लगभग डेढ़ सौ कलाकार लेंगे हिस्सा

# तरह-तरह के डाले चारे, बैठे हैं सारे मछुआरे



◆ कविता कलम
**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

**कहीं** शांति नहीं. यहां वहां जहां तहां चहुंओर. बस शोर ही शोर. उपद्रव से कांप रहा धरती का हर छोर. कहीं अपराधों की दहाड़ है तो कहीं झूठ और बेईमानी का पहाड़. जहां भ्रष्टाचार और व्यभिचार चिग्घाड़ता है. उनपर नियंत्रण करने वाला तंत्र अपना पल्लू झाड़ता है. जहां निर्लज्जता पूर्वक पक्षपात किया जाता है, जहां न्याय बेबस होकर मिमियाता है. दूर-दूर तक फैला है निराशा का गहन अंधेरा. जहां सच्चे और ईमानदार लोगों पर है कुंठाओं का घेरा. जहां पहरेदार ही बन बैठा है लुटेरा और मचा रहा है चोर-चोर का शोर. जिसे करनी है रखवाली, वही अपने ही हाथों से उपवन को लूट रहा स्वयं ही माली. पाखंड सिर चढ़ कर बोल रहा है. जन साधारण के जीवन में जहर घोल रहा है. समय की घातक मार है. उसके आगे हर कोई लाचार है. कहीं शांति नहीं. सभी दिशाओं में बस शोर ही शोर है. जब सांसत में पड़ी हो तो ऐसे में कैसे हो शोर का संधान? लेकिन यह असंभव भी नहीं है. रांची के साहित्यरत्न



**डॉ. निवास चंद्र ठाकुर** ऐसे ही कवि हैं, जिन्होंने शोर के संधान यानी अन्वेषण का बीड़ा उठाया और काफी अनुसंधान के बाद रच दी यह कविता, जिसका शीर्षक है-शोर-संधान.


राज पथ का तुम सहारा, चरण वंदन है तुम्हारा
शोर अभिनन्दन तुम्हारा! शोर ज्यों बढ़ता रहा है
सीढ़ियां गढ़ता रहा है, नेता चढ़ता रहा है.
ऊंगली पत्थर किटकिटा कर
प्लेट पर चम्मच बजा कर पंच बन गए नेताजी.
ढोल ऊपर ताल दे और खंजड़ी पर करताल दे
सरपंच बन गए नेताजी.
फिर तो लाउडस्पीकर आए दूर तक नारे लगे
एमएलए बन गए नेताजी.
गरजे जब अखबार, उस सरकार में
तब मंत्री बन गए नेताजी.
गड़गड़ाए हेलिकॉप्टर, कांपा जब आकाश तो
मुख-मंत्री बन गए नेताजी.
हर दिशा से गूंजा फिर जब शोर, लाओ भोर, तब
परधान बन गए नेताजी.
फिर तो अनहद शोर चैनल तोड़ कर
छाते रहे सब नेताजी.
बढ़ चली देखो आजादी का शोर बढ़ता जा रहा है
नेता चढ़ता जा रहा है.
शोर का संधान कर! दण्डवत परनाम कर! फिर नेता का निर्माण कर!

कविवर डॉ. ठाकुर को हाल ही में इंडिया नेटबुक प्राइवेट लिमिटेड और पीपीए फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में साहित्यरत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया है. इस उपलब्धि के लिए शुभम संदेश की ओर से बार-बार बधाइयां. अभी तक उनके दो काव्य संकलन प्रकाशित हो चुके हैं. पहला है 'सूरज का आठवां घोड़ा' और दूसरा है 'भंवर में सत्य.' इसी दूसरी पुस्तक ने इन्हें इस सम्मान का हकदार बनाया है. वैसे इनका पहला काव्य संकलन भी सम्मान के योग्य है. डॉ. ठाकुर आकाशवाणी रांची और रांची दूरदर्शन में लंबी सेवा दे कर अवकाश प्राप्त कर चुके हैं. इन्होंने सेवानिवृत्ति से लगभग बीस वर्ष पूर्व 'हिंदी साहित्य में आकाशवाणी का योगदान' विषय में पीएचडी कर ली थी. इनका व्यक्तित्व अत्यंत सरल और सर्वग्राह्य है. ये हंसमुख, मृदुभाषी एवं मिलनसार और सबके अत्यंत प्रिय रहे हैं. अभी देश में फैले राजनीतिक प्रदूषण ने भी इन्हें आहत कर रखा है. इनकी पूरी व्यथा इस कविता में महसूस की जा सकती है,जिसका शीर्षक है-नारे.

कितना गर्मागर्म है नारा, नहीं कर्म ना मर्म का नारा
क्षेत्र वंश भाषाई नारा, शोर-भरा आकाश हमारा!
सेकुलर और धरम का नारा चलो उछाल चढ़ाएं पारा
गलबज्जों का वारा न्यारा, ऐसे में तो सत्य ही हारा!
हां जी, हम चहुं ओर बढ़े हैं, हम सब पर सेंसेक्स चढ़े हैं
प्रेम नेह सद्भाव समागम औंधे मुंह सब मंत्र गिरे हैं
जग कुटुंब अब कहां गंवारा!
तरह-तरह के डाले चारे, बैठे हैं सारे मछुआरे
आ री मछली, आ रे आ रे, अपना जाल है सबसे न्यारा!
सोने की चिड़िया तो हम कई बार बने, कई बार बने
कुछ तो कारण होंगे ही कई बार बंटे कई बार कटे!
सूली ऊपर सेज पिया की जागें अब भी क्या अलसाना
हंस बनें या बनें सूर्य खुद नयी सुबह हो नया तराना!
तोड़ें अपनी-अपनी कारा दृढ़ निश्चय से पर्वत हारा
कल के लिए आज ही सोचें कैसे जीते देश हमारा!
अब-भी कुछ-भी कहां मिटा है लाठी से, जल कभी कटा है!
ढूंढ के लाएं वो इकतारे गाएं कबीरा द्वारे-द्वारे!
प्रेम-गगन में बन ध्रुवतारा तम पर हो लघु-दीप हमारा
कल के लिए आज ही सोचें कैसे संवरे देश हमारा!

जहां तक प्रदूषण की बात है तो हमारा समाज भी उससे मुक्त नहीं है. हो भी कैसे सकता है, जहां राजनीति ने सभी कुओं में भंग घोल रखी हो. जहां मुंह में राम और बगल में छूरी हो. ऐसे में तो एक लाचार और बेबस नारी को पागल की उपाधि दे दी जाये तो आश्चर्य कैसा? रांची की कवयित्री **सविता सिंह मीरा** अपनी 'वो तो पागल है' शीर्षक रचना से उसी सामाजिक विद्रूपता पर प्रहार कर रही हैं. आइए, देखते हैं.

सुनसान सड़क पर कलेजे से लगाए
नवजात शिशु को, चली जा रही थी बेखौफ निडर,
ममता की प्रतिमूर्ति शिशु की मां थी.
रो नहीं रहा था, पीयूष नहीं पी रहा था,
बस वह दौड़ पड़ी, ढूंढने एक अस्पताल.
जो जगाये बच्चे को, वो स्तनपान करा सके.



मिला उसे अस्पताल चिकित्सक को बताया,
बच्चे को लिटाया, रुंधे कंठ से बोली
पी नहीं रहा है दूध कैसे मिटे उसकी भूख.
तभी आवाज आयी, अरे यह तो वही है
प्लेटफार्म वाली पागल,सप्ताह भर पहले,
जना है एक बच्चा.
ये ही इसकी जवानी की कहानी, जाने किसकी है निशानी.
कैसे हो तुम? पागल को भी नहीं बख्शा,
कैसे उसके गर्भ में, आया एक बच्चा? वह तो बच्चे की बचाने जान
दौड़ पड़ी उस सड़क पर जो था वीरान और सुनसान.
बच्चे ने आंखें खोली उसे सीने से लगाए
वह तो चल पड़ी निस्वार्थ भाव से मुस्काए.
तुमने तो उसकी जान लूट ली, और वो अपनी जान की
परवाह ना करते हुए अपनी जान को बचाने के लिए दौड़ पड़ी.
नियति तो देखो वही पागल है
जिसने बनाया पागल, वो स्वतंत्र, फब्तियां कस रहा.

मौसम का कोई ठिकाना नहीं, कब कौन सा रूप धारण कर ले. अभी तेज धूप निकली है. देखते ही देखते आकाश में गर्जते हुए मेघ छा जाएंगे और फिर वृष्टि की टापुर-टुपुर शुरू हो जाएगी, लेकिन मौसम के इस रूप में कवि मन मचल उठता है. अनकही अनुभूति की धारा बह निकलती है. ऐसे में अमूर्त शब्दों से एक कविता लिख डालना कोई खेल नहीं. ऐसा तो **रिंकू बैनर्जी** जैसी कोई कवयित्री ही कर सकती है. प्रस्तुत है रिंकू बैनर्जी की यह कविता, जिसका शीर्षक है-कोई खेल नहीं.



जब वृष्टि पड़े टापुर-टूपुर
और घन गरजे घुमड़-घोर
अनकही अनुभूति की
धारा जब बह निकलती है
उन लहरों के संग- तब
कुछ अमूर्त शब्दों से
एक कविता लिख डालना कोई खेल नहीं.
केरकेरिया नदी की सुनसान घाटी में/ कुछ आदिम चितेरों ने एक चित्र बनाया/पत्थर पर घायल सुअर का चित्र.
अनजाने ही उस मूक पशु की पीड़ा को आंकना कोई खेल नहीं.
यातना के अंकन को आंकना कोई खेल नहीं.
अंजलि में फूलों की तरह स्वयं को खिलाना कोई खेल नहीं.
नाद से, प्रवाह से, उगते सूरज की पवित्र लाली से,
पूनम की चांद से, टिमटिमाते तारों से-
हर ताल से ताल मिलाकर हर लय से लय मिलाकर
चलना कोई खेल नहीं.
खेल खेल में ऊंचाई को स्पर्श करना कोई खेल नहीं.

वाह रिंकू जी, आपने क्या कमाल की बात कही है- खेल-खेल में ऊंचाई को स्पर्श करना कोई खेल नहीं. भले ही खेल न हो, लेकिन हम कोशिश तो कर ही सकते हैं. कहा है न, कुछ भी असंभव है नहीं, जो ठान लीजिए. बस एक बार मेरा कहा मान लीजिए. बस, इसी के साथ चाहता हूं आपकी आज्ञा. जय हिंद! जय झारखंड!!

## सोने की ईंट

कंचन-सी गोरी
घूमने को मार्किट गई
उसे देख ख़ुद मार्किट घूम रही है।
कवियों ने कहा
स्वर्णिम उषा सुंदरी है
किरणों का पहने किरीट घूम रही है
स्वर्णकार बोले
लो सुमेरु तो पिघल गया
उछट उसी की कोई छींट घूम रही है
तस्कर लगा के घात
आपस में बात करें, साठ किलो सोने की
ये ईंट घूम रही है।

**- ओम प्रकाश आदित्य**

# शिक्षक नियुक्ति का गुणात्मक विश्लेषण



**हमारे** देश में एक सफल लोकतंत्र है. लोकतंत्र का अगर ठंढे दिमाग से विश्लेषण करें तो लगेगा कि कभी कभी लोकतंत्र भीड़तंत्र भी लगने लगता है. देश की जनसंख्या बढ़ी है और अधिकांश भौगोलिक क्षेत्र में बेरोजगारी भी बढ़ी है, पूरे देश में बेतहाशा पेड़ों की कटाई, जंगलों की सफाई और पहाड़ों के निर्मूलन से जल संकट नित्य बढ़ता जा रहा है. गर्मी आ रही है. पूरे देश के अखबारों में जल संकट की खबर छाई रहेगी. हमारे सरकारी शिक्षकों को पंचायत इलेक्शन, नगर नियम इलेक्शन, विधान सभा इलेक्शन, लोक सभा इलेक्शन, जनगणना, मध्याह्न भोजन बनवाने, प्रयुक्त बोरों को बेचने में सिद्धहस्तता हासिल रहता है, पढ़ाने में नहीं! यहां सोचने की बात है कि प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के प्रति भारत में चुनी हुई सरकारों का इतना तिरस्कार पूर्ण रवैया कब तक रहेगा? क्या यह संभव है कि शिक्षक नियुक्ति में योग्यता सबसे महत्वपूर्ण शर्त हो. प्राथमिक शिक्षक के लिए जमा दो में कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ तीन चार वर्ष का शिक्षक प्रशिक्षण आवश्यक हो, माध्यमिक शिक्षक के नियुक्ति के लिए 50 प्रतिशत के साथ स्नातक की योग्यता के बाद चार वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण आवश्यक हो और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के लिए कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ दो वर्षीय शिक्षण प्रशिक्षण आवश्यक हो. इसमें नियुक्ति में सरकारी आरक्षण का पालन अवश्य हो, पर योग्यता में एवं अंकों के प्रतिशत में कोई भी समझौता न हो! अब समय आ गया है कि देश की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के महत्व को समझा जाए. यदि ऐसा नहीं होता है तो आनेवाले कल के भारत की तस्वीर सपनों के भारत के बिल्कुल विपरीत होगी! शिक्षक नियुक्ति को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना देश के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ करना होगा. यह भी सोचने की बात है कि अगर प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन नहीं किया जाता है तो उच्च शिक्षा में प्रगति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है. एनसीईआरटी इसमें बहुत रचनात्मक सहयोग कर सकती है. उन्हें देश के प्रत्येक राज्य में एक-दो प्रशिक्षण संस्थान खोले जाने पर विचार करना चाहिए. उन संस्थानों में ही संभावित शिक्षकों के तीन, चार और दो वर्ष के पाठ्यक्रम चलाये जाएं. भोपाल, दिल्ली और भुबनेश्वर में स्थापित संस्थान अपनी उपयोगिता और गुणवत्ता साबित कर चुके हैं! हमारे देश में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों की गुणवत्ता ने शिक्षकों के प्रति विश्वास, आस्था और सम्मान को भी प्रभावित किया है. शिक्षकों के प्रति सम्मान की कमी ने बच्चों के आचार, व्यवहार और संस्कार को भी बुरी तरह प्रभावित किया है. पहले शिक्षकों के प्रति भय उस सम्मान के कारण होता था अब सम्मान ही नहीं रहा तो फिर भय कैसा? इस ह्रास का ही एक प्रभाव बच्चों के अपने माता-पिता के प्रति सम्मान, श्रद्धा के भाव में कमी के रूप में भी दिखाई दे रहा है. क्या आप सबों को भी इसके बारे में नहीं सोचना चाहिए?



◆ चौराहा
**प्रमोद कुमार झा**

# सीतामढ़ी : अतीत से वर्तमान तक




◆ यायावर
**डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय**

**सीतामढ़ी** का इतिहास हमेशा से गौरवशाली रहा है. प्राचीन काल से यह सामाजिक, पौराणिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक जागृति का केंद्र रहा है. सीतामढ़ी का स्थान हिंदू धर्मशास्त्रों में उच्चतम है. पौराणिक आख्यानों में सीतामढ़ी त्रेतायुगीन शहर के रूप में वर्णित है. विभिन्न धार्मिक ग्रंथों के अनुसार त्रेता युग में महाराज जनक की पुत्री सीता सीतामढ़ी के पुनौरा-धाम में ही धरती से प्रकट हुई थी. विष्णु पुराण के वर्णानुसार मिथिला में एक बार दुर्भिक्ष (अकाल) की स्थिति उत्पन्न हो गई. राजपुरोहितों ने मिथिला नरेश जनक को हल- कर्षण-यज्ञ करने की सलाह दी थी. राजपुरोहितों की आज्ञानुसार राजा जनक ने प्राचीन मिथिला राज्य के अंतर्गत पुनौरा नामक स्थान पर ही हल कर्षण यज्ञ संपन्न किया था .पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भी हल कर्षण यज्ञ भूमि तथा उर्विजा सीता के अवतीर्ण होने का स्थान यही है, जो उनके राजनगर से पश्चिम तीन योजन अर्थात् 24 मील की दूरी पर स्थित है. लक्ष्मणा (वर्तमान लखनदेई) नदी के तट पर उस यज्ञ का अनुष्ठान एवं संपादन बताया जाता है. हल कर्षण यज्ञ के परिणाम स्वरूप भूमि सुता सीता पुनौरा के पावन धरा धाम पर अवतीर्ण हुई थी. हल कर्षण यज्ञ संपन्न होते ही आकाश मेघाच्छन्न होकर मूसलाधार बरसाने लगा, जिससे प्रजा का दुष्काल तो मिटा, लेकिन मिट्टी के घड़े से निकली नवजात शिशु देवी सीता की वर्षा से रक्षा की समस्या महाराज जनक के समक्ष खड़ी हो गई. वहां वर्षा से बचने के लिए दूर दूर तक कोई घर नहीं था. राजकीय आदेश पर शीघ्रता से एक मड़ई तैयार की गई और उसके अंदर देवी सीता रखी गईं. कहा जाता है कि जहां पर सीता की वर्षा से रक्षा हेतु मड़ई बनायी गई-इस स्थान का नाम पहले सीता-मड़ई, कालांतर में सीतामही और फिर सीतामढ़ी पड़ा.ऐसी जनश्रुति है कि सीता जी के प्रकाट्य स्थल पर उनके विवाह के पश्चात् राजा जनक ने भगवान राम और जानकी की प्रतिमा लगवायी थी. सैकड़ो वर्ष पूर्व अयोध्या के एक संत ने ईश्वरीय प्रेरणा पाकर इन प्रतिमाओं को खोजा और उनका नियमित पूजन आरंभ करवाया था. यह स्थान आज जानकी कुंड के नाम से जाना जाता है. मैथिल कोकिल महाकवि विद्यापति रचित कई रचनाओं में सीतामढ़ी क्षेत्र का उल्लेख मिलता है और विद्यापति ने सीतामढ़ी का बड़ा ही सरस वर्णन अपनी कृतियों में किया है.

प्राचीन काल से सीतामढ़ी तिरहुत का अंग रहा है. महाकवि तुलसी ने मानस में जनक को तिरहुतिया राजा कहकर संबोधित किया है. उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने 1875 में प्रशासनिक सुविधा के लिए तिरहुत प्रमंडल का गठन कर मुजफ्फरपुर को प्रमंडल का मुख्यालय और जिला बना दिया, उसी वर्ष सीतामढ़ी को अनुमंडल (सब डिवीजन) बनाया गया था. इसके बाद 11 दिसंबर 1972 को मुजफ्फरपुर से अलग होकर बिहार के 27 वें जिला के रूप में सीतामढ़ी को स्थापित किया गया. सीतामढ़ी सीता की जन्म स्थली होने के कारण परम पावन और पुनीत है.



# गोभी और गधे का प्रेम



◆ नश्तर
**सुधीर राघव**



**विद्वानों** ने कहा है, एक बरस के मौसम चार! जो इनसे भी बड़े विद्वान हैं, वे पांचवां मौसम प्यार को मानते हैं. प्रेम करने वाले प्रेमी प्रेमिका कहलाते हैं. उनके किस्से मशहूर होते हैं. प्रेम हमेशा प्रेमी-प्रेमिका में ही माना जाता है, मियां-बीवी का प्यार मान्यता प्राप्त प्रेम नहीं है. पति-पत्नी का प्रेम बाकी समाज के लिए नीरस विषय है. पति-पत्नी एक दूसरे से प्रेम करते हैं, यह सुनना सभी के लिए बहुत बोरिंग है. पति-पत्नी के झगड़े मशहूर होते हैं. उनके कोर्ट-कचहरी के किस्से अखबारों में छपते है. इसलिए वे सदैव लड़ते झगड़ते ही दूसरों को अच्छे लगते हैं. अच्छा लगना कौन नहीं चाहता? पति-पत्नी भी सदैव इसलिए झगड़ा करते हैं कि दूसरों को अच्छा लगे.

प्रेम में बहुत वेरायटी है - मसलन देवर-भाभी का प्रेम, जीजा-साली का प्रेम, पड़ोसन का प्रेम, बाहर वाली का प्रेम, मोहल्ले का प्रेम, फेसबुक वाली का प्रेम आदि इत्यादि. आफिशियली तो प्रेम का मौसम वेलेंटाइन वीक से शुरू होता है और फाल्गुन भर चलता है. मगर सच्चे प्रेमी इसे फाल्गुन से भी आगे गर्मियों की शाम तक खींच ले जाते हैं. कुछ जो भोले पंछी होते हैं, उनका प्रेम दो-तीन साल भी चल जाता है. उसके बाद ब्रेक-अप पार्टी होती है. ब्रेक-अप का अर्थ प्रेम खत्म होना नहीं है, बल्कि इसका मतलब है कि अब जल्द नया प्रेम जीवन में आने वाला है. ठीक वैसे ही जैसे, व्हेन विंटर्स कम, कैन स्प्रिंग वी फार विहाइंड. अर्थात कड़ाके की ठंड भी आपकी उम्मीदों को नहीं तोड़ सकती. इस तरह ज्यादातर प्रेम का ब्रेक-अप में सुखद अंत होता है, मगर सभी कहानियां सुखांत नहीं होतीं. कुछ प्रेम संबंध शादी के रूप में खत्म होते हैं.

इस तरह जंगल के राजा गधे को अपने मालिक दुलीचंद सुनामी के आदेश पर नवयौवना महकती चमेली को छोड़कर फली-फूली गोभी से प्रेम करना पड़ा. इधर गधे और चमेली का ब्रेक-अप हुआ. उधर, गधे और गोभी का प्रेम शुरू. प्रेम के मामले में फली-फूली गोभी का अनुभव गधे से कहीं ज्यादा था. अनुभवी प्रेमिका पाकर गधा भी खुद को धन्य समझ रहा था. गोभी के प्रेम की सीमा नहीं थी. वह जितना प्रेम करती थी, उससे ज्यादा जताती थी. उसका इंस्टा अकाउंट गधे के साथ पाउटदार सेल्फी से भरा था. पूरे जंगल में बस दोनों के प्रेम की ही चर्चा हर जुबान पर थी. चुनाव करीब थे और जंगल के सारे मुद्दे गायब थे. हर जानवर गधे और गोभी की प्रेम कहानी के चटखारे ले रहा था. इस प्रेम कहानी के आगे विपक्ष को कोई पूछ भी नहीं रहा था. उत्साहित गधा फली-फूली गोभी की बाहों में बाहें डाले गा रहा था - जीत जाएंगे हम, अगर तू संग है...!

# निर्मला मिंज की कलाकृतियों में है रोजमर्रा की जिंदगी



◆ कला-संवाद
**मनोज कुमार कपरदार**









**प्रकृति** की शोभा के अनुकरण का नाम कला है. प्रकृति स्वाभाविक और अनियमित है. कला नियमबद्ध और कृत्रिम है. प्रकृति मनुष्यकृत सभी नियमों का उल्लघंन कर अपनी निरंकुश शोभा में विलास करती है और उन सभी अल्प सीमाओं के बंधनों का उपहास करती है, जिनसे मनुष्य उसे अपनी धृष्टता के कारण बांधना चाहता है. तभी तो एक युगांतरकारी शब्द के रूप में प्रकृतिवाद एक ऐसे आंदोलन का वर्णन करता है, जो 19वीं सदी के उत्तरार्ध और 20वीं शताब्दी की शुरुआत में साहित्य और दृश्य कलाओं पर हावी था. हालांकि, इस शब्द का उपयोग कभी-कभी उन कार्यों का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो शैली, इरादे और प्रस्तुति में प्रकृतिवाद के अनुरूप होते हैं. हालांकि वे अलग समय पर बनाए गए थे. प्रकृतिवादी कला की आवश्यक विशेषता वास्तविकता को यथासंभव सटीक, अलंकृत और वास्तविक रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास है. इसमें विशेष रूप से सामाजिक और मानवीय दुखों का चित्रण भी शामिल है. प्राकृतिक चित्रकला का एक विशिष्ट रूप निम्न सामाजिक वर्गों के जीवन के रोजमर्रा का दृश्य है. उस समय तक, इन्हें कला में केवल दृढ़ता से आदर्श और आदर्शवादी ध्यान मिला था. हालांकि, पूरी तरह से अवास्तविक रूपांकनों को भी प्राकृतिक रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है, उदाहरण के लिए अनुपात, रंग और दृष्टिकोण को प्रकृति के लिए सही दर्शाया गया है.

चित्रकार प्रकृति का प्रेमी और सुंदरता का उपासक होता है. तभी तो निर्मला मिंज जैसे कलाकार प्रकृति चित्रण के बाहर कहीं नहीं दिखती हैं. ये अपने आस पास के वातावरण को जिस तरह से महसूस करती हैं, उसे वैसे ही प्रस्तुत भी करती है. निर्मला मिंज अपनी कला के माध्यम से प्रकृति के महत्त्व को दिखाना चाहती हैं. वहां किसी से भेद भाव नहीं है. उसके लिए मनुष्य ही नहीं, सृष्टि के सभी जीव बराबर हैं. फिर न जाने हम उसे नष्ट कर देने पर क्यों आमादा हैं. एक कलाकार होने के नाते ये अपनी कृतियों में इन्हीं भावनाओं, मनःस्थितियों और अपने अंतर्द्वंद्व को व्यक्त करती हैं. कैनवस पर प्रकृति की आभा को उतारने वाले रंग इनके कार्य में मददगार होते हैं. कैनवास पर प्रकृति के अनेक रूपों को रचते हुए कलाकार को लगता है कि दुनिया को अगर बने रहना है तो उसे अपने सुखों के लिए प्रकृति की दुनिया को बिगाडना नहीं, संवारना होगा. इनकी कला यात्रा का लक्ष्य इसी संदेश को आम लोगों तक पहुंचाना है और इस कार्य के लिए इन्होंने कला को चुना है. इनके कार्य को इसी भाव के साथ के देखा जाना चाहिये.

निर्मला मिंज ने बचपन में अपने पिता से कला के प्रति प्रेरित हुईं. बचपन से ही इनकी रुचि जगी, जिसके कारण इन्होंने कठिनाइयों को झेलते हुए 1973 में कला एवं शिल्प महाविद्यालय पटना में नामांकन करवाया. 1980 में इन्होंने बीएफए किया. ये कभी जलरंग तो कभी तैल रंगों के माध्यम से पेंटिंग बनाती हैं. इनकी पेंटिंग की शुरुआत अकादमिक पद्धति से हुई, लेकिन बाद में इन्होंने अपनी कला का तंत्र बदल दिया और उसे अनुभूतिशील बनाया. इस परिवर्तन के बाद इनकी कलाकृतियों में वास्तववादी आकारों के साथ केवलाकार और रंग भाव भी आने लगा.





# आखर



प्रकृति में वसंत एक राग है, तो फागुन उस राग का सिरमौर है. तन में फग, मन में उमंग और चित में मृदंग की गूंज ही सगुन फागुन की पहचान है. पेड़ जब नए पत्ते धारण करते हैं, फूलों पर रंग और रस घूल जाता है, हवाओं में उल्लास का सुवास छा जाता है, ऐसे समय में अबीर और गुलाल लिए फागुन द्वार पर खड़ा हो जाता है.

## प्रेमराग की परिभाषा है फागुन

ललित निबंध

फागुन का आगमन वसंत के सुवास में होता है. सर्दी की विदाई बेला में तपन का एहसास ही फागुन है. इसके राग और रंग में मन को नया संगीत और हमारी आशा को एक नूतन एहसास मिलता है. फागुन के साथ ही वसंत, पतझड़, चैत, फाल्गुन तथा गरमी सब एक दूसरे से मिल जाते हैं और इस धरती को एक सुंदर बाग में बदल देते हैं जहां फूलों, पत्ते, रंगों, रसों, हवाओं के संग प्रकृति एक उत्कृष्ट काव्य की रचना करती है.



डा मयंक मुरारी

### जीवन यात्रा में ऋतुराग

भारतीय जीवन में ऋतुएं संगीत की तरह आती हैं और जीवन के तन-मन में पूरी तरह से रच बस जाती हैं. फिर जीवन यात्रा में ऋतुराग रचती रहती हैं ताकि भीतर के उदास मन को सृजन के फुहार से दूर कर सके. हजार सालों की इस सभ्यता में ऋतुओं ने भाव और कर्म को आधार दिया है. यही कारण है कि नीरसता और उदासी के किसी पल में ऋतुओं का सुवास उसके तम को पसरने नहीं देता है, बल्कि रसरंग से एक रास्ता दिखाता है. इतिहासकारों को लिखना पड़ता है कि भारतवर्ष पर प्रकृति का ऐसा वरदहस्त रहा है कि मानव को जीवन यापन की सामग्री देकर प्रतिकार में कुछ भी आशा नहीं करती है. ऋतुओं के कारण ही भारतीय चरित्र में सुविधा और सरलता के प्रति प्रेम का विकास हुआ. इस प्रवृति की स्वाभाविक प्रतिक्रिया एक ओर आत्मत्याग और संन्यास की भावना तथा दूसरी ओर समय पर कठोर श्रमसाध्य चेष्टा रही है.

### सात्विक अंतर्मन का निर्माण

प्रकृति के चाहे कितने ही रंग हों, कितने ही उत्सव हो लेकिन फागुन जैसा कोई नहीं भींगाता है. इस फुहार में तन, मन के साथ आत्मा भी भींग जाती है. माना गया है कि जैसा ऋतु वैसा मन. जैसा मन वैसा वचन. ऋतु अगर फागुन हो, तो जीवन सगुण हो जाता है. यह सगुण हमारे लिए सात्विक अंतर्मन का निर्माण करता है. ऋतु चक्र जीवन की सनातन निरंतरता है. उसमें फागुन के रूप निराले हैं. रंग-बिरंगी, खिली-अधखिली, विविध गंधों, विपुल रंगों एवं विभिन्न स्वादों के साथ प्रकृति हमारे आंगन में सगुण सौंदर्य को ले आती है. सौंदर्य के स्वर और रूप रचना में प्रकृति के हाथ जब रूकते हैं, तब फागुन अपने माधुर्य एवं रसधार से अंतर और बाह्य मन को भिगोता ही रहता है. पत्ते, फूल, कली, फल एवं टहनी का रूप-रंग के साथ चाल-ढाल जब मस्ताना हो जाता है तो फागुन का सुवास क्षितिज और हर पहर पर इतराता फिरता है. आखिर ऐसा हो क्यों नहीं? भारत का फागुन तो ऋतुचक्र के साथ उलझकर ठहर सा गया है. इसलिए इसके राग और रंग सालोंभर ऋतुओं के साथ हमारे मन में बहते हैं.



### हमारे अस्तित्व की पहचान है राग रंग

फागुन का ऋतुरग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है. यह अकेलापन को हरता है, दुख को भरता है, आंसू को रोकता है और आहत को जोड़ता है. इसके गीत और नृत्यों की धुन वैदिक मंत्रों से लेकर रामायण और पुराणों के शब्दों में गूंजते हैं. वही राग कालीदास, कल्हड़, सूर-तुलसी के काव्य से होते हुए भक्तिकाल के संतों एवं नवजागरण के महापुरुषों के लिए जीवनधारा का काम करते हैं. उसकी ही एक धारा नृत्य, चित्र, गीत, काव्य, भक्ति, प्रेम और कर्म हर क्षेत्र में भावभूमि का आधार बनाते हैं. ऋतुराग और ऋतु का सौंदर्य हमारी पीढ़ियों के मन पर बिखरा पड़े हैं. इसकी प्रतिध्वनियां हमारे अंतर्मन को सुवासित करती है और हमारी अस्मिता को चैतन्य रखती है. भारतीय मन का सृजन भी इन ऋतुओं ने किया है. उसके रंग और राग ही हमारे खून और सांस में बहते हैं. हमारे अस्तित्व की वास्तविक पहचान उन परंपराओं और विरासत में छिपा है, जहां ऋतुओं ने अठखेलियां की. हमारे तन-मन के सूने आंगन में सृजन का मौसम लाये थे. राग और रस की धारा जो यमुना और व्रज की दहलीज पर रचा गया, वही राग मीरा और सूर के काव्य में रचा बसा. उस राग की एक धारा आज भी हमारे अंतर्मन के द्वार पर और यमुना की पानी एवं वृंदावन के पेड़ों पर अटका पड़ा है. अगर ऐसा नहीं होता तो आखिर रसखान क्योंकर कहते कि- फिर मनुष्य बन लौटूं तो इसी कदंब की छांव में बसूं ....

### खेत-गांव-आंगन की माटी रंगीन

वसंत के कांधे पर सवार फागुन आता है तो संग में तितलियां, परिदें, सरसों के फूलों की पीली चादर, पलास की आग, रंगों का त्योहार सबकुछ संग लाता है. यह जीवन में आता है और उमंग तथा उत्साह का उन्मुक्त वातावरण बनाकर चला भी जाता है. यह सावन-भादो की तरह भींगा, पूस-माघ की तरह सुबका-ठिठुरा, ज्येष्ठ-आषाढ़ की तरह तीखा-रूखा नहीं होता है. यह चैत-बैशाख की तरह पिघला और ठहरा भी नहीं होता है. यह तो बस उन्मुक्त और उड़ता सा चलता जाता है. प्रकृति की झोली में सतरंगी काया पर चमकीले लाल चेहरे, गुलाबी और पीतांबरी सांसों की धुन और हरीतिमा से सराबोर अंग-प्रत्यंग होते हैं. होली के साथ ही खेत-गांव-आंगन की माटी अबीरी और रंगीन हो जाती है. रंग के बादल घिर जाते हैं. गुलमोहर सा जीवन दहक उठता है. फिर पिचकारियों में पूरी सप्तरंगी आभा सिमट जाती है. हमारे जीवन में रंग और रस का आग्रह ही जिजीविषा का सेतु बनाता है, जो एक अपरिभाषित सुवास से आप्लावित होकर वातावरण में तैर जाती है. होलिका की लपटें आकाश छूती हैं, दूसरी ओर मानव मन उस लपटों में पकी बूटझंगरी में अमरता का बीज खोजता है. इस अमरता की खोज दूसरे दिन भी जारी रहती है. खुद रंगीन होना और दूसरे को रंगने की धुन में स्वर आता है- मन न रंगाए, रंगाए जोगी कपड़ा.

---

## पुस्तक समीक्षाएं



*नोनी हाट, दुमका... इस संक्षिप्त पते को हिंदी साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में लंबे समय से अंकित करने, पहचान दिलाने और अपनी कविताओं के मोहपाश में बांधने वाले विनय सौरभ की पहली किताब "बख्तियारपुर" हाल ही आई है. पेश है इसकी संक्षिप्त समीक्षा...*


### कहीं खो गई सी उम्र

'बख्तियारपुर' विनय सौरभ की विरासत है क्योंकि यह पिता की स्मृतियों के रूप में उनके अहसासों का एक अहम हिस्सा है. गांव-घर, परिवार, समाज, मित्र, रिश्तेदार और सहयोगियों से जुड़ी अनगिनत अनुभूतियों को सजोनेवाले इस कवि के पास अपने दायरे की गझिन संवेदनाएं बची हुई हैं. संग्रह में चहुंओर एक नैसर्गिक गंध पसरी है जो मन को एक छुटे-बिछड़े अपनत्व के अहसासों की ओर खींच ले जाती है. यहां न तो बेवजह वैश्विक होने की खबरिया तिकड़म है, न ही ज्ञान का आतंक. जबकि वर्तमान समय को फांसने वाला तंत्र जरूर कवि के निशाने पर हैं. ग्रामीण मध्यवर्ग की तमाम मुश्किलें, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक उलझनें और इसके भीतर मानवीय सरोकारों की उष्मा, इस सबसे आवद्ध है विनय सौरभ का चेतन.



सुमन कुमार सिंह

इस बख्तियारपुर में भागलपुर भी है, नोनीहाट भी, गिरिडीह और दिल्ली भी. पढ़कर नहीं लगता कि इन सघन स्मृतियों से घिरा कवि, घिरा एक व्यक्ति, एक मित्र, पिता, पड़ोसी किसी और दुनिया का भी आकांक्षी है. यह कितना सही है , कितना युगीन, अलग से विचार सकते हैं. लेकिन चुम्बकीय जरूर है. इसमें रमा होना उम्र खोने जैसा ही है -



काव्य संग्रह - बख्तियारपुर
कवि : विनय सौरभ
प्रकाशक : राजकमल प्रकाशन
पृष्ठ संख्या- 192
मूल्य - 250 रुपए

एक रात, जब मैं सफ़र पर था
बस की खिड़की से
चांद को भी साथ चलते देखा
मुझे नींद आ गई चांद को देखते हुए
एक सपना आया
मैं बचपन के एक शहर के ख़ाली हिस्से में
पतंग उड़ा रहा था
साथ पढ़ते हुए बच्चे स्कूल का बस्ता लिये
घर लौट रहे थे
इब्राहिम चा अपनी बकरियों को
खेत की तरफ़ हांक रहे थे,
पूछा कि आज तुम स्कूल नहीं गए?
मैं जग गया अचकचाकर!
बस एक पुल को पार कर रही थी
नीचे पानी था
चांद उसमें तैर रहा था
बीच की उम्र कहीं खो गई थी.

(बीच की उम्र)

संकलन की कविताएं अपने रचाव में सहजता लिए बढ़ती हैं कि अचानक कोई पंक्ति कविताई का चरम सुख लिए आ खड़ी होती है. इन्हें पढ़ना कुछ-कुछ अपने रोजनामचे से गुजरने जैसा है. फिलहाल, कवि को बधाई!



*हिंदी के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार रतन वर्मा की कृतियां सामाजिक ताना-बाना की विसंगतियों पर प्रहार करती हैं. जड़ परंपराओं पर चोट कर नवजागरण का शंखनाद करती हैं. साहित्य की तकरीबन हर विधा को सशक्त किया है, कई किताबें आई हैं. इनका उपन्यास "नेटुआ करम बहुत दुखदायी" पूरे देश में चर्चित रहा. पेश है इनके उपन्यास रसरंग अंगना की समीक्षा..*

### जमीनी सच्चाइयों को उजागर करता उपन्यास

ग्रामीण परिवेश और पृष्ठभूमि पर रतन वर्मा जी का उपन्यास 'रसरंग अंगना' अपने सीमित कलेवर में असीमित भावों एवं विचारों का संवाहक है. यह उपन्यास ग्रामीण सामंती व्यवस्था के विरुद्ध दलित और उपेक्षित वर्ग में चेतना के जागरण तथा सामंतवादी दमन चक्र के बीच वर्ग संघर्ष का एक ऐसा एलबम है, जो जेपी मूवमेंट के साथ ही विभिन्न राजनैतिक दलों के सत्ता और शासन लिप्सा को परत-दर-परत चित्रित और जीवंत रूप में रूपायित करने में सफल रहा है.




सुबोध सिंह 'शिवगीत'
हिंदी विभाग
विभावि, हजारीबाग

कहने को तो गांव बदल गये हैं, पर आज भी गांव के वे जमींदार, कैसे नाम और रूप बदल कर, दल, नीति और नीयत बदल कर अपने खानदानी रसरंग से भरे आंगन को आज तक जस का तस बनाये हुए हैं. शोषण का शिकार परिवार और जाति आज भी उस दमन चक्र से बाहर नहीं निकाल सका है. गांव के कुछ नौजवान 'आकाश' के रूप में मशाल लेकर निकल भी रहे हैं तो उन्हें वह सफलता नहीं मिल पा रही है जिसकी समाज को उम्मीद थी. दलित और शोषितों के भीतर का लिजलिजापन अचानक निकलना संभव नहीं है. आपसी फूट और भय के वातावरण से निकालने के लिए जनवादी विचारधारा से जुड़ा 'आकाश' जो जमींदारों की कोठी का ही एक नौजवान है, अपने ही घर-परिवार के विरुद्ध मुसहर टोली, मियां टोली और अन्य पिछड़ों के लिए पीलर बनकर खड़ा होता है. शोषितों को न्याय दिलाने के लिए अपनी ही जाति, राजपूतों के खिलाफ आंदोलन छेड़ देता है. घर-परिवार, जाति-समाज से निष्कासित होकर मुसहरों की ही बस्ती में रहकर निर्वासित जीवन जीता है पर समय पर उसे उन गरीबों का भी सार्थक साथ नहीं मिल पाता है जिनके लिए वह दिन-रात लड़ता-भिड़ता रहता है. गांव से निकलकर प्रखण्ड और जिला स्तर पर भी वह अपने जनवादी विचारधारा का अग्रणी संवाहक बन जाता है. राज्य स्तर के नेता भी उसकी निष्ठा और कर्मठता का लोहा मानने लगते हैं.

जमींदारों और सामंतों के खिलाफ संघर्ष में वह कई बार सफल भी रहता है जो उसके निहायत अपने ही चाचा, दादा या भैया हैं. गांव के भुईयां समाज की दयनीय स्थिति और उनके दैहिक, आर्थिक शोषण की उसे खास चिंता है. उसे भुईयां समाज की लड़कियों के दैहिक शोषण से तो घोर नफरत है. जब कभी भी उस टोले में गोरे, तगड़े, लंबे, लड़के-लड़कियों को वह देखता है तो उसे अपनी ही हवेली वालों की घिनौनी करतूतों से उबकाई आने लगती है. उसकी मुट्ठियां कृत शोषण के खिलाफ तन जाती हैं.

'कार्तिकेय' जो रहता तो शहर में हैं पर अपने उपन्यास लेखन के क्रम में गांव आया हुआ है. आकाश और उसके द्वारा किये जा रहे हकमारी के खिलाफ आंदोलन का कार्तिकेय समर्थन करता है. अपने ही घर पर 'दाई' का काम करने वाली बाल विधवा 'कलावती' के साथ सहानुभूति एवं उसके सुख दुःख में साथ देता है. झुमरी बाजार से मां के साथ-साथ कलावती के लिए भी वैसी कीमती साड़ियां लाता है जो अक्सर दाई के



उपन्यास - रसरंग अंगना
लेखक : रतन वर्मा
प्रकाशक : साहित्य संसद प्रकाशन
नई दिल्ली
मूल्य - 925 रुपए
वर्ष-2023

लिए नहीं, घर वालों के लिए खरीदी जाती है. कलावती के पिता की बीमारी में उसे अपने शहरी मकान में रख कर उसके पूर्ण स्वस्थ होने तक का सारा खर्च वहन करता है. पर इसी बीच एक रात शहर वाले घर में ही; वह सब हो जाता है जिसकी उम्मीद न कार्तिकेय को थी और न कलावती को. जवानी और जोश में युवा-प्राण अक्सर नियंत्रण से बाहर हो ही जाते हैं- रचनाकार के शब्दों में- "आहिस्ते-आहिस्ते कलावती के बप्पा का स्वास्थ्य काफी अच्छा हो गया था देह पर मांस भी चढ़ आया था... लेकिन इधर कलावती कुछ अस्वस्थ रहने लगी थी. कभी उबकाई आने लगती, तो कभी सिर में चक्कर देने लगता. हां, अचार खाने की इच्छा प्रबल रहने लगी थी." अंततः कार्तिकेय के बच्चे की मां बन बैठती है कलावतिया. घर-परिवार वालों के न चाहने के बावजूद वह उसे प्रेम की निशानी समझ कर जीवित रखने के लिए एक अघोषित युद्ध झेलती है. घर-समाज किसी को बाप का नाम नहीं पता चलने देती. उधर कार्तिकेय की शादी कर दी जाती है. कार्तिकेय प्रोफेसर बन कर समाज को पढ़ाने में व्यस्त हो जाता है तो इधर 'कलावती' अपने प्रेम की निशानी को पालने बढ़ाने और पढ़ा-लिखाकर समर्थ इंसान बनाने के अंतहीन दर्द की गुफा में आजीवन दंश और दमन का शिकार होती रहती है. कार्तिकेय का चरित्र अंततः सामंतवादी हवेली का ही एक नवीन अंग बन कर रह जाता है. रोशनी दिखाकर आंख निकाल लेना कार्तिकेय के चरित्र की अंतिम परिणति है.

आकाश का चरित्र अंत तक बेदाग बना रहता है पर समाज, जिसके लिए वह लड़ता रहा, सिद्धांत और विचारधारा, जिसे आगे और आगे ले जाने के लिए उसने सारा जीवन लगा दिया, साथ न दे सके. आकाश जिन बजरंगी सिंह जैसे सामंतवादी विचारधारा के लोगों के खिलाफ गांव के शोषित लोगों की लड़ाई लड़ता रहा, वही लोग समय के साथ समाजवादी आंदोलन के सिपहसालार बन गये. एक समय तो ऐसा भी आया कि सत्ता में भागीदारी के नाम पर समाजवाद और जनवाद दोनों विचारधाराओं का गठजोड़ हो जाता है. इस तिजारती गठबंधन में आकाश येनकेन प्रकारेन किनारे लगा दिया जाता है.

उपन्यासकार ने सजग वामपंथी विचार और सत्तालोलुप वामपंथी राजनीति के निकृष्टतम स्वार्थपरक आचरण के बीच के तुलनात्मक हालात को भी काफी संजीदगी एवं जीवंतता के साथ चित्रित किया है. परत दर परत घटनाओं और पात्रों के मेल से एक बड़े कैनवास को शब्दायित करने में रचनाकार को अद्भुद सफलता मिली है. जमीनी सच्चाइयों को उपन्यासकार रतन वर्मा ने पूरी ईमानदारी के साथ रसरंग अंगना उपन्यास में जीवंत आकार प्रदान करने में पूर्णतः सफलता हासिल की है.

भाषा और शिल्प की कारीगरी के मामले में भी यह उपन्यास काफी सफल है. सरसता और रोचकता का प्रवाह ऐसा कि चार सौ पृष्ठों के वृहद् आकार का पता पाठक को चलता ही नहीं. भावों-विचारों और शिल्पगत खासियतों के कारण यह उपन्यास काफी अहम है.

---

## कविता/ग़ज़ल



शिरोमणि राम महतो

### दूर देस से


वे आये हैं दूर देस से
जैसे आती है- हवा पानी धूप
वे आए हैं दूर देस से तो
उनके आने में एक धमक है
एक चमक
पसीने की गंध है माटी की बास
मैंने पूछा नहीं उनसे
कि-कौन-से देस से आये हैं
बस दूर से देखता रहा
उनकी धमक उनकी गमक
हवा में महसूसता रहा....
आदमी जहां भी जाता है
उसके साथ जाता है- उसका पूरा देस
उसके अंगों में धरती की गंध
बोली-बचन में हवा की गमक
आंखों में पानी की चमक
कपड़े-लतों में पूरा समाज
और पुरखों की लाज !



राकेश रमण

### फगुनाहट


हवा हो रही हलकान है,
तन तपा रहा तापमान है.
चट चट चटक चली त्वचा
आ रहा कोई मेहमान है.
महक मंजर में मिल रही
महुए के फूलों की,
मादकता का फैल रहा
वितान है.
बिना बादल बरस रही
बरसात रसधार,
गहरा नीला हो रहा
आसमान है.
चटख रंगों से सज गए
फूल सभी,
डोल डोल भौंरा बन रहा
नादान है.
भर रहा अजब उल्लास
मन के आंगन में,
फाग का राग ला रहा
नया बिहान है.
हवा हो रही हलकान है,
तन तपा रहा तापमान है.



राजीव थेपड़ा

### एक भयावह अंधेरा

आदमी आकर्षित होता है
चकाचौंध की ओर
काटने को आता है
उसे कलुषित अंधेरा
भव्यता में खोता
जाता है आदमी
इसलिए आदमी जब
कुछ लेना चाहता है तो
जाता है बड़ी दुकानों में
रौशनीदार मॉलों में
और चकाचौंध और ज्यादा
चकाचक होती जाती है
और साथ ही बढ़ता जाता है
पास ही घनघोर अंधेरा
छोटी दुकानें
और छोटी होती जाती हैं
बड़ी और ज्यादा बड़ी
इस तरह धरती के एक
छोटे से हिस्से में
फैलता जा रहा भव्य प्रकाश
और उससे कई गुना बड़े हिस्से में
फ़ैल रहा है एक भयावह अन्धेरा !



कामेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव निरंकुश

### जिंदगी एक ख्वाब है

जिंदगी एक ख्वाब है
उड़ान हौसलों को दो.
मिले खुशी कहीं से भी
हाथों हाथ थाम लो.
यहां जिंदगी के रंग अनेक
सुबह शाम देख लो.
भीग जाओ इन रंगों में
तन पे इन्हें लपेट लो.
हसीन ख्वाब जिंदगी
ये सोचते सभी यहां.
प्रयासरत रहते हैं जो
मंजिल आती है वहां.
खुशी और गमों के रेले
आते जाते हैं यहां.
जो थाम लेते वक्त को
वो जीत जाते हैं यहां.
जिंदगी की राहों में
कांटे फूल साथ साथ.
मिट्टी से ही पूछ लो
सिकंदर कहां है आज.
जिंदगी एक ख्वाब है
ख्वाबों को सजाते जाओ.
हकीकतों की दुनिया से
आंखें भी मिलाते जाओ.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

---

व्यंग्य >> बर्बरीक

## आ गया, आ गया...

पुराने समय का एक गाना था - आ गया आ गया हलुआ वाला आ गया. इसमें कवि उस हलुआ वाले के बारे में बताता है जो तसव्वुर का या काल्पनिक हलुआ खिलाने की बात करता है जिसका आश्वासन हर पांच साल में मिलता रहा है. हर बार जनता मानकर चलती है कि इसबार तो हलुआ जरूर मिलेगा लेकिन हाय रे दैव! गाती रह जाती है -वादा न तोड़ वादा न तोड़ पर... किसिम किसिम का हलुआ दिखाया जाता है- अबकी बार... फलाने की सरकार, अबकी बार... इतना पार. अभी वैसे एक बात हुई है कि जैसे पहले पांच साल बीतने पर ही हलुआ वाले के दर्शन होते थे लेकिन अब हलुआ वाला तकरीबन रोज़ दिखाई देते हैं. रोज रंग बिरंगे हलुआ लेकर... जनता हुलसकर लपकती है लेकिन अपना सा मुंह लिए लौट आती है. यह भी तसव्वुर का




ही हलुआ था. बताया जाता है कि तुम विश्व गुरु बन चुके हो... लेकिन जब देश के किसी विश्वविद्यालय का नाम जब रैंकिंग में नहीं आता तो सारा गुरुत्व चकनाचूर हो जाता है. फिर दूसरे किस्म का हलुआ पेश किया जाता है कि हम पांचवीं या तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं. आर्थिक हालत एकदम टनाटन है. फिर दूसरे ही पल अस्सी करोड़ लोग पांच किलो अनाज की लाइन में खड़े बताए जाते हैं. दोनों बातें एकसाथ कैसे सच हो सकती हैं. अब या तो हालत अच्छी हो सकती है या खराब. लोग पूछते हैं कि कैसे? सब पड़ोसी देश की साजिश पहले बताया जाता था. अब हर मोहल्ले के पड़ोस में पड़ोसी देश चिह्नित किया गया है और सब इनलोगों की वजह से है. काम मांगने वाले हाथों को या तो साजिश में शामिल बताया जाता है या फिर बताया जाता है कि चार सौ सालों में मंदिर बनाने की कूवत किसी में थी? इतना रंगीन हलुआ कैसे बनाया आपने? देशद्रोही हो क्या जी जो लोकतंत्र पर सवाल उठा रहे हो? लोकतंत्र पर कहां, हम तो यह जो अरबों का चंदा मिला है सिर्फ इसके बारे में पूछ रहे हैं. देनेवाले श्रीरामजी हैं. जब देनेवाले को कोई तकलीफ नहीं है तो तुम्हें क्या? तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें हलुआ दूंगा.

इतना बड़ा महापर्व है, सारा विश्व हमारी तरफ देखता है सबसे बड़े लोकतंत्र के तौर पर और... वह तो गिनती के कारण है न? तुम शायर लोग तो हमेशा से लोकतंत्र के खिलाफ रहते हो. तुम्हारे ही किसी भाई बंद ने कहा था न...

**जम्हूरियत वो तर्ज हुकूमत है कि जिसमें बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते**

अब बताओ तौल तौल कर देखने लगे तो हो गया महापर्व. अगली बार से तो एकसाथ और बड़ा महापर्व के बारे में सोच रहे हैं. बखर बार रंगीन हलुआ बनाते बनाते थक चुके हैं. या तो अब इसकी जरूरत ही नहीं रहेगी. फिलहाल तो यह हलुआ देखो.. और आ गया आ गया हलुआ वाला आ गया गाते हुए रोड शो पर निकल पड़े.

## बीएनपी परिबास ओपन



# फाइनल में सक्कारी से भिड़ेंगी स्वियातेक

भाषा। इंडियन वेल्स

शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को एकतरफा मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना मारिया सक्कारी से होगा. स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया है. वहीं सक्कारी ने वर्षाबाधित मैच में कोको गॉफ को 6-4, 6-7, 6-2 से हराया. स्वियातेक ने सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं.

स्वियातेक ने कोस्तियुक को 6-2,6-1 से हराया

सक्कारी ने गॉफ को 6-4,6-7,6-2 से हराया

**आमने-सामने**

कुल मैच – 05

| स्वियातेक | सक्कारी |
|---|---|
| जीत | जीत |
| 03 | 02 |
| हार | हार |
| 02 | 03 |





**मेकटिच व कूलहोफ बनें चैंपियन**

पुरूष युगल फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को सीधे गेम में हराकर खिकाब जीता. मेकटिच व कूलहोफ ने ग्रानोलेर्स व जोबालोस की जोड़ी को 7-6, 7-6 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया.

## ब्रीफ खबरें

### दीक्षा डागर संयुक्त 86वें स्थान पर



**लॉन्गवुड (अमेरिका)।** भारत की दीक्षा डागर ने एप्सन टूर पर आईओए गोल्फ क्लासिक के पहले दौर में तीन ओवर 74 का स्कोर करके संयुक्त 86वां स्थान हासिल कर लिया. दीक्षा ने चार बोगी किये और एक ही बर्डी लगाया. तीन बार की एप्सन टूर चैम्पियन सिडनी क्लांटन छह अंडर 66 के स्कोर के साथ शीर्ष पर है

### आकिब बने श्रीलंका के गेंदबाजी कोच

**कोलंबो।** श्रीलंका ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को जून में आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 तक शनिवार को टीम का तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया. इस समय 1992 विश्व कप विजेता जावेद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के क्रिकेट परिचालन निदेशक और मुख्य कोच के तौर पर काम कर रहे हैं. श्रीलंका क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले डी सिल्वा ने कहा कि हम आकिब का स्वागत करते हैं और हमारा मानना है कि खेलने और कोचिंग दोनों में उनका अपार अंतरराष्ट्रीय अनुभव हमारे गेंदबाजों को मदद करेगा.

### राम ने हासिल किया क्वालीफिकेशन मानक

**नयी दिल्ली।** भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया. हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया. यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो. ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है. पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड के समय से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड के समय से दूसरे स्थान पर रहे.

## क्रिकेट : महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र में पहले खिताब की जंग

# दिल्ली व बेंगलुरु की टीम के बीच खिताबी मुकाबला आज

**12**
अंक के साथ लीग चरण में टॉप पर थी दिल्ली की टीम

पिछले साल उपविजेता रही थी दिल्ली की टीम

भाषा। नयी दिल्ली

फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी. वहीं बेंगलोर की भी नजरें अपने पहले खिताब पर होगी पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था. इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर थी. मेग लानिंग ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए आठ पारियों में 308 रन बनाये हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला मारियाने काप और ऑस्ट्रेलिया की बायें हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिये हैं.

इस सत्र में दिल्ली को दो बार ही पराजय का सामना करना पड़ा जब उसे मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया. इसके अलावा उसका अभियान बेदाग रहा है. आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं, लेकिन फाइनल में पिछला प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा. यह नया दिन और नया मैच है, जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ही ट्रॉफी मिलेगी. दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरूआत मिलने की उम्मीद होगी. जेमिमा रौड्रिग्स भी मध्यक्रम में फॉर्म में है लेकिन हरफनमौला एलिसे कैप्सी और काप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी. गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है. बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट चटकाये हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी. दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी लेकिन शुक्रवार को रोमांचक एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को पांच विकेट से हरा दिया. हरफनमौला एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है.






**आमने-सामने**

कुल मैच - 04

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 4 जीत |
| बेंगलोर | 0 जीत |

### पुरुष टीम के साथ जो हुआ, उससे कोई संबंध नहीं है : स्मृति मंधाना

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तान स्मृति मंधाना इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की पुरुष टीम पिछले 17 साल में एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पायी है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है. लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे ही सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी महिला टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिल गया है. मंधाना ने कहा कि पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है. इसलिये हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिये ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए. पुरुष टीम के साथ क्या हुआ, हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है. आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर रही थी. लेकिन मंधाना का मानना है कि वर्तमान में रहना अहम है. उन्होंने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है




**टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम

## रात में महिला हॉस्टल में जाते पकड़े गए अचिंत शिउली

भाषा। नयी दिल्ली

**खास बातें**
- राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण विजेता हैं अचिंत शिउली
- पकड़े जाने के कारण राष्ट्रीय शिविर से बाहर हुए अचिंत

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक अचिंत शिउली को एनआईएस पटियाला में रात में महिला हॉस्टल में प्रवेश करते पकड़ा गया, जिसके बाद उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये लगाये गए शिविर से बाहर कर दिया गया है. पुरूषों के 73 किलो वर्ग में उतरने वाले 22 वर्ष के अचिंत को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा और उनका वीडियो भी बनाया. भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के एक अधिकारी ने कहा कि इस तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी. अचिंत को तुरंत शिविर से जाने के लिये कहा गया. भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और एनआईएस पटियाला के कार्यकारी निदेशक विनीत कुमार को तुरंत इसकी जानकारी दी गई. इसका वीडियो साक्ष्य मौजूद होने से साइ ने जांच पैनल का गठन नहीं किया. साई के एक सूत्र ने कहा कि वीडियो एनआईएस पटियाला के कार्यकारी निदेशक विनीत कुमार और दिल्ली में साई मुख्यालय को भेज दिया गया है. भारोत्तोलन महासंघ को अचिंत को शिविर से हटाने के लिये कहा गया है. अचिंत ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में नये रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था. पटियाला में लड़के और लड़कियों के लिये अलग हॉस्टल है. इस समय महिला मुक्केबाज, एथलीट और पहलवान एनआईएस पटियाला में है.

## ऋषभ पंत को मिला जिम्नास्टिक का फायदा : एनसीए स्टाफ

भाषा। नयी दिल्ली

**क्या कहा**
- डॉक्टरों को लगता था रिकवरी ने लगेंगे दो साल
- समय से पहले हुई ऋषभ पंत की रिकवरी

ऋषभ पंत की मानसिक दृढता और जिम्नास्टिक खेलने का अनुभव होने से इस विकेटकीपर बल्लेबाज को जल्दी रिकवरी करने में मदद मिली. दिल्ली देहरादून हाइवे पर दिसंबर 2022 में हुए भयावह कार हादसे के बाद पंत को 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में खेलने की अनुमति मिल गई है. राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फिजियोथेरेपिस्ट तुलसी युवराज ने कहा कि उसके भीतर की मानसिक दृढता और आत्मविश्वास से उसने रिहैब के दौरान हमें शत प्रतिशत देने के लिये प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को लगता था कि उसे दो साल लगेंगे. एक बार एनसीए आने के बाद वह तेजी से रिकवर करता गया. एनसीए में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच निशांता बारदोलोइ ने कहा कि पंत बचपन में जिम्नास्ट भी रहे हैं, जिससे उनकी रिकवरी में मदद मिली. उन्होंने कहा कि ऋषभ की जिम्नास्टिक की पृष्ठभूमि होने से हमें काफी मदद मिली. कई चीजों में यह बड़ा काम आया मसलन जब उसे लगता कि वह आगे नहीं बढ सकता है .

## बोधनवाला ट्रॉफी : रांची की टीम बनी चैंपियन

संवाददाता। रांची

रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले गए एचपी बोधनवाला ट्रॉफी सीनियर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में रांची ने बोकारो को हराया. शनिवार को खेले गए वर्षा प्रभावित मैच में रांची ने बोकारो को 49 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया. मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 49 ओवर में सभी विकेट खोकर 218 रन बनाए. कप्तान नाजिम ने टीम के लिए सर्वाधिक 53 रन बनाए. अश्विनी ने टीम के लिए महत्वपूर्ण 43 रन जोड़े. बोकारो के रवि कुमार यादव ने 43 रन देकर 5 विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोकारो की टीम 22 ओवर 8 विकेट के नुकसान पर 76 रन बनाकर खेल रही थी तभी बारिश आ गई, जिसके बाद मैच शुरू नहीं हो सका. अंपायर्स ने जेएससीए मेथड से रांची को विजेता घोषित किया. नाजिम को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.




## कृष्ण-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर

भाषा। ओरलियंस (फ्रांस)

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**
- ओरलियंस मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त
- आंद्रियास व जेस्पर की जोड़ी से हारे कृष्ण-प्रतीक

कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को यहां ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया. दुनिया की 70वें नंबर की इस भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली. देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी. शुरूआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था. महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी.

पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरुआती दौर में ही बाहर गये थे.




## बैडमिंटन : पिछले सप्ताह चार मैच खेलने के बावजूद रफ्तार बनाये रखने में कामयाब रहे लक्ष्य

# लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

भाषा। बर्मिंघम

भारत ने लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरूष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. 22 वर्षिय सेन 2022 में यहां उपविजेता रहे थे. उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की. विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का सेमीफाइनल में सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा. सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाये रखने में कामयाब रहे. दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रेलियों के साथ शुरूआत की लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8-3 से बढत बना ली. यह बढत जल्दी ही 12-7 की हो गई, लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12-12 और फिर 20-20 करने के बाद पहला गेम जीता. दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11- 9 की बढत बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की. निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया.




**2022** में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता थे लक्ष्य सेन

20-22, 21-16, 21-19 से लक्ष्य ने दर्ज की जीत

सेमीफाइनल में जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे लक्ष्य

यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका. यह दबाव को झेलने की बात थी. मुझे पता था कि ली जी जिया में वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है. जब मैं 18-14 से आगे था, तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे. मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था
–लक्ष्य सेन

## हमें हार्दिक की कमी खलेगी : नेहरा

भाषा। अहमदाबाद

**बोले नेहरा**
- हमने हार्दिक को कभी मनाने की कोशिश नहीं की
- शमी व हार्दिक की जगह भरना आसान नहीं

गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने शनिवार को यहां कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की. हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी. गुजरात टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल का खिताब जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी. हार्दिक हालांकि आगामी सत्र के लिए कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं. नेहरा ने पत्रकारों से कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है. हार्दिक पंड्या और (चोटिल) मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है. इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है. उन्होंने कहा कि मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की. आप जितना अधिक खेलते हो उतना आपको अनुभव मिलता है. अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता. वह यहां दो साल तक खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे. नेहरा से पूछा गया कि वह शुभमन गिल को एक कप्तान के रूप में कैसे देखते हैं तथा वह उस टीम का किस तरह से नेतृत्व करेंगे जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी हैं. नेहरा ने क कि एक कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं कि वह कैसे काम करता है और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है. उन्होंने कहा कि वह तीनों प्रारूप में खेलना और अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है, इसलिए एक फ्रेंचाइजी के रूप में हम उसे एक कप्तान के बजाय एक इंसान के रूप में बेहतर बनने में मदद करना चाहेंगे.

▼ ब्रीफ खबरें

### 16 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** एसएसबी 56वीं वाहिनी के जवानों ने शुक्रवार की रात को गुप्त सूचना के आधार पर भारत नेपाल के मुख्य द्वार जोगबनी के समीप जांच के क्रम में सफेद रंग की कार के बोनट से 16 किलो गांजा बरामद किया. कार में सवार महिला सहित एक पुरुष को मौके से गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार महिला फुलकाहा थाना क्षेत्र के भंगही पंचायत स्थित हनुमान नगर गांव के 27 वर्षीय शांति देवी पति संजीव यादव एवं पोसदाहा वार्ड 09 निवासी अरविंद कुमार यादव शामिल हैं. पुलिस दोनों से पूछताछ में जुट गयी है.

### छात्रवृत्ति नहीं मिली तो छात्रों ने किया हंगामा

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के सुगौली प्रखंड के दक्षिणी छपरा बहास उच्च विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने छात्रवृत्ति नहीं मिलने से नाराज होकर जमकर हंगामा किया.छात्रों ने सड़क को जाम कर बीच रोड पर पेपर जला कर विरोध जताया. स्थिति अनियंत्रित होते देख विद्यालय प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन के लोगो ने छात्रों को समझाया. बताया गया कि नौवीं के छात्रों का वार्षिक परीक्षा शुरू होने वाला था लेकिन उत्तेजित छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए और सड़क पर उतरकर घंटो तक हंगामा करते रहे. मौके पर पुलिस ने छात्रों को समझाया.

### अपराध की योजना बनाते चार गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के जितना थाना क्षेत्र के कोदरकट मार्ग के पास बौधि देवी मंदिर के समीप किसी बड़ी अपराध की घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे चार बदमाशों को विदेशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस एवं एक स्प्लेंडर प्लस बाइक के साथ पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में लखौरा थाना क्षेत्र के मिथलेश कुमार, खरझखिया गांव निवासी वकील कुमार, विक्की कुमार धुमनगर निवासी अमन कुमार है. जितना थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है.

250 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व चोरी का मामला

# बालू कारोबारी कृष्ण मोहन और पुंज के यहां ईडी ने की छापेमारी

- पुंज सिंह और कृष्ण मोहन सिंह ब्रॉडसन के निदेशक भी रहे हैं


धनडीहा में पुंज सिंह का घर

**संवाददाता ।पटना**

सुभाष यादव की गिरफ्तार के बाद अब भोजपुर में बालू कारोबारी पुंज कुमार सिंह और कृष्ण मोहन सिंह के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है. नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला स्थित कृष्ण मोहन सिंह के आवास पर ईडी की 6 सदस्यीय टीम ने छापेमारी की है. वहीं, कोइलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा में पुंज सिंह के हवेली पर भी छह सदस्यीय टीम संपत्ति की जांच में जुटी रही. ईडी दोनों बालू कारोबारियों की चल अचल संपत्ति की जांच पड़ताल की है. जानकारी के मुताबिक, बालू कारोबारी पुंज कुमार सिंह पर 250 करोड़ से अधिक के राजस्व चोरी का मामला है. इसके आधार पर ईडी अपनी कार्रवाई में जुटी हुई है.

पुंज सिंह और कृष्ण मोहन सिंह ब्रॉडसन के निदेशक रहे हैं. वहीं कृष्ण मोहन सिंह पर भी करोड़ों रुपए बालू के राजस्व चोरी का आरोप है. वहीं, छापेमारी के दौरान किसी भी शख्स को अंदर जाने से साफ मना कर दिया गया है. ईडी के अधिकारी कई कागजातों की तलाशी और पूछताछ कर रही थी.

**पहले ही जदयू एमएलसी व उनके बेटे को गिरफ्तार किया गया :** इससे पहले सितंबर 2023 में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने जदयू एमएलसी राधा चरण सेठ और उनके बेटे कन्हैया कुमार को गिरफ्तार किया था. इनके अलावा मिथिलेश कुमार सिंह व जगन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. वहीं पिछले दिनों ईडी की टीम ने संदेश के पूर्व राजद विधायक अरुण कुमार यादव के आवास पर भी छापेमारी की थी. इधर, एक बार फिर से शनिवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने एक साथ जिले के दो बड़े बालू कारोबारी के यहां दाबिश दी है.

**20 केस दर्ज होने के बाद खुले राज :** दरअसल, यह सभी मामले मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े हैं. बिहार पुलिस द्वारा ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड (बीसीपीएल) नामक कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज की गई 20 एफआईआर के बाद कई राज खुले. इसमें यह आरोप लगाया गया है कि वे ई-चालान का उपयोग किए बिना रेत के अवैध खनन और बिक्री में यह लोग लगे हुए थे. इस अवैध बालू कारोबार को एक सिंडिकेट द्वारा नियंत्रित किया जाता था. सिंडिकेट अवैध बालू बेचकर लाभ कमाता था. सूत्रों के अनुसार सुभाष यादव को बीसीपीएल में प्रमुख सिंडिकेट सदस्य बता रहे. ईडी ने दावा किया है कि इस मामले में 161 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई थी.

### बीपीएससी के अध्यक्ष बने परमार रवि मनुभाई

**पटना ।** बिहार सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी परमार रवि मनुभाई को राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है. बिहार कैडर के 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी परमार राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर तैनात हैं. राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने इस संबंध में शुक्रवार देर शाम यहां अधिसूचना जारी की. 12 फरवरी को बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अध्यक्ष अतुल प्रसाद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने नए अध्यक्ष की नियमित नियुक्ति तक आयोग के सदस्य इम्तियाज अहमद करीमी को बीपीएससी के अध्यक्ष का प्रभार सौंपा था.

## कार-ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ंत एक की मौत, छह घायल

**संवाददाता ।बेतिया**

बेतिया में बारातियों से भरी बोलेरो कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली में आमने-सामने भिड़ंत हो गई. इसमें एक बाराती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया गया है. जबकि एक को परिजन गोरखपुर लेकर चले गए हैं. जहां सभी का इलाज किया जा रहा है. हालांकि तीन घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है.

घटना जिले के चनपटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथवलिया-लोहियरिया मुख्य मार्ग स्थित बरवाचाप पैक्स गोदाम के पास की है. जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान बोलेरो ड्राइवर कुमारबाग थाना क्षेत्र के जबदौल गांव निवासी आनंद दूबे के बेटे मुकेश कुमार दूबे (28) के रूप में की गई है.

जबकि घायलों की पहचान कुमारबाग थाना क्षेत्र के महुआवर गांव निवासी दिवंगत विशुन महतो के बेटे अकबली प्रसाद (60), दिवंगत भोला शाह के बेटे शेषनाथ साह (65), दिवंगत रामप्रीत महतो के बेटे शत्रुघ्न प्रसाद (55), मनीलाल शर्मा के बेटे सत्येंद्र कुमार (25), विकाउ यादव के बेटे विरेंद्र यादव (25) और नखराथ पंडित (45) के रूप में की गई है. घायल शत्रुघ्न प्रसाद के परिजनों ने बताया कि शत्रुघ्न की स्थिति गंभीर है. उसे डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया तो हमलोग गोरखपुर लेकर जा रहे हैं. वहीं, पांच अन्य लोगों का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है.

मसान नदी पर गाइड बांध के निर्माण का मामला

## 14 सौ करोड़ की राज्य सरकार ने दी मंजूरी

**संवाददाता ।पटना**

मसान नदी पर गाइड बांध के निर्माण के बिहार सरकार मंत्रिपरिषद की बैठक में दो सौ चौदह करोड़ छियानवे लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है. इसके लिए वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है. सांसद लगातार मसान नदी के दोनों तरफ गाइड बांध बनवाने के लिए प्रयासरत थे. उन्होंने बताया कि 19 जनवरी 2021 को तत्कालीन जिला प्रभारी मंत्री नितिन नवीन की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में मैंने मसान नदी के किनारे गाइड बांध निर्माण करवाने की मांग की थी. उसके पश्चात 18 मई 2021 को बिहार सरकार की तत्कालीन जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित तिरहुत प्रमंडल की बाढ़ संबंधित बैठक में मैंने पुनः मसान नदी पर गाइड बांध बनाने की मांग की. फिर समस्या के निदान के लिए नियम 377 के तहत दिनांक 29 मार्च 2022 को लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया था. सांसद के अनुसार मसान नदी पर गाइड बांध के निर्माण में शीघ्रता लिए मेरे द्वारा लगातार जल संसाधन मंत्री से मुलाकात किया गया एवं पटना और दिल्ली में अधिकारियों से इसको शीघ्र स्वीकृत करने हेतु कई बैठकें की गयी.

ग्लोबल डायलॉग में पहुंचे राज्यपाल, कहा-

## दुनिया को आज भारत की करुणा और अहिंसा की आवश्यकता है

**संवाददाता ।नालंदा**

नालंदा अंतरराष्ट्रीय विवि राजगीर में आयोजित बोधगया डायलॉग के छठे संस्करण का उद्घाटन करने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर राजगीर पहुंचे. इस मौके पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि बोधगया और नालंदा वह भूमि है, जहां शस्त्र की तुलना में शास्त्रों को प्राथमिकता दी गई है. दुनिया को आज भारत के करुणा और अहिंसा के संदेश की आवश्यकता है. भारत के उसे प्राचीन गौरव को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि नालंदा की भूमि से निकला ज्ञानोदय का संदेश सदैव अहिंसा का ही रहा है.

इस देश की परंपरा कभी के दूसरे के ऊपर आक्रमण करने की नहीं रही है. भगवान बुद्ध के विचार कभी भी आक्रमणकारी नहीं रहें हैं. हमने शस्त्र के ज्यादा शास्त्र पर जोर दिया. राज्यपाल ने कहा कि हमारे सनातन विचारधारा से ही सभी आए हुए हैं. इसमें सभी धर्म के लोगों को समाहित करने की जरूरत है. वहीं, कार्यक्रम के अंत में इमेजिन बोधगया पुस्तक का भी विमोचन किया गया.

### विकास की गंगा बहती रहे इसके लिए चाहिए आपका आशीर्वाद : संतोष

**पूर्णिया ।** बिहार में डबल इंजन की सरकार है. मोदी जी और नीतीश जी देश के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं .इसका लाभ पूर्णियावसियों को भी मिलता रहा है. आपने जब 10 वर्ष पूर्व मुझे आशीर्वाद दिया तो आप सबों की उम्मीदों पर खड़ा उतरने का प्रयास किया. आगे फिर आशीर्वाद देंगे तो पूर्णिया में विकास की गंगा बहती रहेगी. उक्त बातें सांसद संतोष कुशवाहा ने केनगर प्रखण्ड के चेथरी यापीर में सबूतर से कठौतिया भाया चेथरीयापिर 7.6 किमी लंबी सड़क उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही. इस सड़क निर्माण पर 04.11 करोड़ की राशि खर्च हुई है.

चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता आश्चर्यजनक, सुशील मोदी बोले-

## राजद ने 72.50 करोड़ के बांड कैसे भुनाया

**संवाददाता ।पटना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने 18वीं लोकसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का स्वागत करते हुए शनिवार को यहां कहा कि इससे ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट ने जितनी तेजी दिखाकर चुनावी बांड के आंकड़े सार्वजनिक कराये, वह न्यायिक सक्रियता चुनावों में कालेधन का प्रवाह रोकने की मंशा के अनुकूल नहीं है. यह फैसला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को तकनीकी कारणों से बंद कर गंदे नाले (काला धन) को सीधे नदी में खोलने-जैसा है. मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को बताना चाहिए कि चुनावी बांड और

**कांग्रेस ने 1400 करोड़, टीएमसी ने 1600 करोड़ और द्रमुक ने 639 करोड़ के चुनावी बांड कैसे भुनाये**



नकद चंदे के अलावा राजनीतिक दलों को किस प्रकार चंदा लेना चाहिए? सर्वोच्च न्यायालय बताए कि यदि लोग अपनी पसंद के दल का आर्थिक सहयोग कर चुनावी लोकतंत्र को मजबूत करना चाहें, तो सही तरीका क्या होना चाहिए? उन्होंने कहा कि 20 हजार करोड़ के जो चुनावी बांड भुनाये गए उससे सर्वाधिक 303 सांसदों वाली पार्टी भाजपा को 6 हजार करोड़ रुपये मिले. शेष 14 हजार करोड़ रुपये तो 242 सांसदों वाले विपक्ष को मिले.

मोदी ने कहा कि यदि चुनावी बांड गलत हैं, तो बिहार में सबसे बड़ी पार्टी राजद ने सबसे ज्यादा 72 करोड़ 50 लाख के बांड क्यों भुना लिये? राजद चुनावी बांड भुनाने वाले टॉप टेन दलों में है. कांग्रेस ने 1400 करोड़, टीएमसी ने 1600 करोड़ और द्रमुक ने 639 करोड़ के चुनावी बांड भुनाये. इसके बावजूद इस बांड पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण था.

### देसी शराब मामले में दो कारोबारी गिरफ्तार हुए

**मुजफ्फरपुर ।** होली नजदीक आते ही एक बार फिर देसी शराब बनाने का सिलसिला इन दिनों जोरों पर है. औराई थाना की पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के बागमती नदी किनारे कुछ शराब कारोबारी द्वारा देसी शराब का निर्माण किया जा रहा है जिसके बाद सूचना मिलते ही औराई थाना की पुलिस ने दलबल के साथ थाना क्षेत्र के बागमती नदी के किनारे छापेमारी करते हुए तकरीबन 45 लीटर देसी शराब, शराब बनाने का भारी मात्रा में निर्माण सामग्री सहित एक बाइक और दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. जिसकी पहचान औराई थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी रवि यादव और सुनील यादव के रूप में हुई है.

कारोबार

### तीन स्वतंत्र निदेशकों की मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली ।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयरधारकों ने कंपनी के निदेशक मंडल में तीन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरधारकों द्वारा डाक मतपत्र प्रक्रिया के माध्यम से उत्तम प्रकाश अग्रवाल, शिशिर बाबूभाई देसाई और वेंकट रमण मूर्ति पिनिसेट्टी की नियुक्ति की मंजूरी के लिए विशेष प्रस्तावों को बहुमत से पारित किया गया. कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि सभी तीन विशेष प्रस्तावों को वैध मतों की कुल संख्या का 75% से अधिक प्राप्त हुआ.

### संशोधित उड़ान सेवा अभी लागू नहीं होगा

**नयी दिल्ली ।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है. विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है. फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था.

### बिलासपुर से विमान सेवा इसी माह शुरु होगी

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से दिल्ली और कोलकाता के लिए तथा जगदलपुर से जबलपुर के लिए नियमित विमान सेवा मार्च माह के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विमान सुविधाओं के विकास और विस्तार के क्रम में यह फैसला किया गया. इसके तहत बिलासपुर विमानतल से दिल्ली और कोलकाता तथा जगदलपुर से जबलपुर-दिल्ली के लिए नियमित वाणिज्य विमान सेवा संचालित करने के लिए राज्य सरकार और विमान सेवा प्रदाता अलायंस एयर के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए.

इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही

## निर्यात बढ़ा, हुआ 41.4 अरब यूएस डॉलर

**भाषा ।नयी दिल्ली**



भारत ने वित्त वर्ष के दौरान फरवरी में सबसे अधिक मासिक निर्यात दर्ज किया. यह 11.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 41.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया. यह निर्यात के मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर है. वाणिज्य मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही. हालांकि सोने के आयात में वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था. पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है.

वहीं सोने के मामले में भी आयात अधिक रही. वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया. यह एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था. चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के

**बढ़ा निर्यात**

- फरवरी में व्यापार घाटा 18 .7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा
- एक साल पहले व्यापार घाटा 16 .57 अरब डॉलर था

दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा. यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है. वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है. उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा. उन्होंने कहा कि अगर आप चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों को देखें तो यह सबसे अधिक निर्यात वृद्धि है. वस्तुओं के साथ ही समग्र रूप से भी ऐसा है. यह बहुत खुशी की बात है. उन्होंने भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल निर्यात पिछले साल के रिकॉर्ड निर्यात से अधिक हो जाएगा. फरवरी में वस्तुओं के निर्यात में हुई वृद्धि में इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन, दवाओं और पेट्रोलियम उत्पादों का विशेष योगदान रहा. फरवरी में इंजीनियरिंग सामान का निर्यात सालाना आधार पर 15.9 प्रतिशत बढ़कर 9.94 अरब अमेरिकी डॉलर रहा. इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात 54.81 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया. समीक्षाधीन माह में कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों का निर्यात 33.04 प्रतिशत बढ़कर 2.95 अरब डॉलर हो गया. फरवरी में दवा उत्पादों का निर्यात 22.24 प्रतिशत और पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 5.08 प्रतिशत बढ़ा. चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों यानी अप्रैल-फरवरी 2023-24 में भारत का कुल निर्यात (वस्तुओं एवं सेवाओं को मिलाकर) 709.81 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 0.83 प्रतिशत अधिक है.



लैक्मे फैशन वीक

अभिनेत्री सारा अली खान और नेहा धूपिया शनिवार को मुंबई में लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई के दौरान फैशन डिजाइनर वरुण चक्किलम की रचना का प्रदर्शन करते हुए रैंप पर चलीं.

## 1,200 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाएगा

**भाषा ।नयी दिल्ली**

**चार्जएमओडी**

स्टार्टअप, 'चार्जएमओडी' ने अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा है कि वह पूरे भारत में 1,200 और केरल में 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर लगाएगी. कंपनी ने इसी सप्ताह एक बयान में कहा था कि वह भारत के विभिन्न राज्यों में 1,000 धीमे चार्जर और 200 तेज चार्जर स्थापित करने और केरल में 500 धीमे चार्जर और 100 तेज चार्जर स्थापित करने की योजना बना रही है. बयान में कहा गया कि यह विस्तार केरल में मौजूदा 1,500 चार्जिंग स्टेशन और पूरे भारत में 2,000 स्टेशन के अतिरिक्त है. कंपनी ने कहा कि वह 120 किलोवाट से 340 किलोवाट तक की क्षमता वाले 'अल्ट्रा फास्ट' (बहुत तेज) चार्जर स्थापित करने के लिए तैयार है, जिससे देश भर में ईवी उपयोगकर्ताओं की सुविधा बढ़ेगी. चार्ज एमओडी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम रमनुन्नी ने कहा कि चार इंजीनियरिंग छात्रों की अगुवाई वाला स्टार्टअप अब एक बड़ा उद्यम बन गया है. उन्होंने कहा कि कंपनी ने भारत में ईवी चार्जिंग का एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग उद्योग में नए मानक स्थापित किए हैं.

**आंकड़ा** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार उड़ान में देरी से 1.55 लाख से अधिक यात्री प्रभावित

## घरेलू हवाई यातायात 4.8% बढ़ा, 126.48 लाख हुए यात्री

**भाषा। नयी दिल्ली**




फरवरी में घरेलू हवाई यातायात सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत बढ़कर 126.48 लाख यात्री हो गया. इस दौरान उड़ान में देरी से 1.55 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए. शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में एयर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत से बढ़कर 12.8 प्रतिशत हो गई, जबकि इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी जनवरी में 60.2 प्रतिशत से मामूली गिरावट के साथ 60.1 प्रतिशत रह गई. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि घरेलू हवाई यातायात फरवरी में बढ़कर 126.48 लाख यात्री हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 120.69 लाख यात्री था.

हालांकि, जनवरी में ट्रैफ़िक 1.31 करोड़ से कम दर्ज किया गया था. डीजीसीए ने कहा, जनवरी-फरवरी, 2024 के दौरान घरेलू एयरलाइंस से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 257.78 लाख थी, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह संख्या 246.11

**खास बातें**

- एक साल पहले की अवधि में यह 120 .69 लाख यात्री था
- फरवरी में यात्रियों की संख्या 257 .78 लाख थी

लाख थी, जिससे 4.74 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि और 4.80 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की गई. फरवरी में उड़ान में देरी के कारण 1,55,387 यात्री प्रभावित हुए और अनुसूचित वाहकों ने सुविधा के लिए 222.11 लाख रुपये खर्च किए. डीजीसीए ने कहा कि रद्दीकरण से 29,143 यात्री प्रभावित हुए और एयरलाइंस ने मुआवजे और सुविधाओं पर 99.96 लाख रुपये खर्च किए. पिछले महीने, रद्दीकरण के कारण कुल 917 यात्री प्रभावित हुए थे और इस संबंध में मुआवजे और सुविधाओं के लिए एयरलाइंस द्वारा खर्च की गई राशि 78.19 लाख रुपये थी. फरवरी में निर्धारित घरेलू एयरलाइनों को कुल 791 यात्री-संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं और प्रति 10,000 यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 0.63 थी. आंकड़ों से पता चला कि 37.8 प्रतिशत यात्रियों की शिकायतें उड़ान संबंधी समस्याओं के बारे में थीं, इसके बाद सामान (19 प्रतिशत), रिफंड (16.3 प्रतिशत) और ग्राहक सेवा (11.1 प्रतिशत) की शिकायतें थीं.

## असम में पिछले 14 महीनों में 13,000 करोड़ हुआ निवेश

- सीएम बोले-17,000 से ज्यादा लोगों के लिए प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा होंगे

**संवाददाता ।गुवाहाटी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा है कि राज्य ने पिछले 14 महीनों में 13,364 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया है, जिससे 17,000 से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे. यह निवेश असम की औद्योगिक और निवेश नीति (आईआईपीए), 2019 के तहत राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 21 प्रस्तावों के माध्यम से प्रतिबद्ध किया गया है. उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, आईआईपीए को 2023 में 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के ऐसे निवेश को आकर्षित करने के लिए संशोधित किया गया था, जहां 200 या अधिक स्थायी रोजगार के अवसर तैयार होने थे.

उन्होंने कहा कि इनमें से जहां 14 प्रस्तावों के लिए एमओयू पर पहले हस्ताक्षर किए गए थे, वहीं सात समझौतों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए गए. सरमा ने कहा, हमने बड़े निवेशकों के लिए प्रोत्साहन को अनुकूलित करने के लिए जनवरी, 2023 में एक नीति की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति के माध्यम से 17,700 नौकरियां पैदा हुई हैं.

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस के पूर्व सांसद भाजपा में हुए शामिल

**जयपुर ।** अलवर से कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव शनिवार को जयपुर में भाजपा में शामिल हो गये. उनके साथ कई अन्य कांग्रेस नेता भी पार्टी में शामिल हुए. यादव ने शुक्रवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने आगामी लोस चुनाव के लिए अलवर सीट से कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदार ठहराया था. डॉ सिंह भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में शामिल हुए.

### अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली :** प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल



लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गयीं. भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है.

### रास सदस्य अजय सिंह ने पार्टी छोड़ी

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक अकाउंट पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया. उन्होंने भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा को लिखे एक पंक्ति के पत्र में कहा, मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं. उन्होंने पत्र में अपने इस्तीफे के लिए किसी कारण का जिक्र नहीं किया है.

### सोमालियाई समुद्री डाकुओं को खदेड़ा

**नयी दिल्ली ।** भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों के अपहरण के सोमालियाई समुद्री डाकुओं के एक प्रयास को विफल कर दिया. अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समुद्री डाकू उस जहाज पर सवार थे जिसका करीब तीन महीने पहले अपहरण किया गया था. नौसेना ने कहा, समुद्र में अपहरण के कृत्यों को अंजाम देने के लिए एमवी रुएन का समुद्री डाकुओं के जहाज के रूप में इस्तेमाल किये जाने की जानकारी है. इस जहाज का 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था.

### ठाणे में मंदिर से चांदी की तीन मूर्तियां चोरी

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में एक अज्ञात महिला ने एक मंदिर से 40,000 रुपये मूल्य की चांदी की तीन मूर्तियां कथित तौर पर चुरा लीं. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि घटना गुरुवार को खंबलपाड़ा के भोईरवाड़ी स्थित शिव मंदिर में हुई. डोंबिवली पूर्व में तिलक नगर पुलिस ने बताया कि मंदिर की देखरेख करने वाले एक शख्स की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत के आधार पर अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया.

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा : ठाणे में जंभाली नाका पर लोगों को किया संबोधित**

# सरकारें गिराने के लिए चुनावी बॉण्ड का हुआ इस्तेमाल

**भाषा। ठाणे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमले तेज करते हुए चुनावी बॉण्ड योजना को सरकारें गिराने व राजनीतिक दलों को विभाजित करने के लिए इस्तेमाल किया गया जबरन वसूली गिरोह करार दिया.

उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के मुंबई के लिए रवाना होने से पहले महाराष्ट्र के ठाणे में जंभाली नाका पर लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही. गांधी ने आरोप लगाया, चुनावी बॉण्ड योजना एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का जबरन वसूली गिरोह है और जो लोग विरोध करते हैं, प्रवर्तन



निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग उनके पीछे पड़ जाते हैं. गांधी ने कहा, यह एक जबरन वसूली गिरोह है जिसका इस्तेमाल विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारों को गिराने और राजनीतिक दलों को विभाजित करने के लिए किया गया.

उन्होंने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना में हुए विद्रोह और अजित पवार की अगुवाई में राकांपा में हुई बगावत का जिक्र करते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक मुफ्त में भाग गए हैं?

गांधी ने कहा कि पिछड़े समुदायों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और सामान्य वर्ग के गरीबों की आबादी 80 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन सरकारी व निजी क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है. उन्होंने दावा किया कि कोविड-19 महामारी से भारत में 50 लाख लोगों की मौत हुई.

## कांग्रेस जाति जनगणना की गारंटी देती है : खड़गे



**बेंगलुरु ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन पारित करने और एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना कराने का वादा किया. ये वादे श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के लिए शनिवार को पार्टी द्वारा घोषित पांच अन्य गारंटियों में शामिल हैं. खड़गे ने कहा, कांग्रेस पार्टी एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक व जाति जनगणना की गारंटी देती है.

**ईडी के समन पर पेश नहीं होने का मामला**

# केजरीवाल को मिली जमानत

**भाषा। नयी दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में समन पर पेश न होने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज करायी दो शिकायतों के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी. अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने केजरीवाल को अदालत कक्ष से जाने की अनुमति भी दे दी. अदालत ने कहा, अपराध जमानती होने के कारण आरोपी अरविंद केजरीवाल को जमानत दी जाती है.

अदालत ने ईडी को केजरीवाल को शिकायतों से जुड़े दस्तावेज भी सौंपने का निर्देश दिया. ईडी ने मजिस्ट्रेट



अदालत में दो शिकायतें दर्ज कराते हुए इस मामले में केजरीवाल को जारी कई समन पर पेश होने के लिए उन पर अभियोग चलाने का अनुरोध किया था. ताजा शिकायत पीएमएलए की धारा 50 के तहत संघीय जांच एजेंसी द्वारा भेजे समन का केजरीवाल द्वारा सम्मान न करने से जुड़ी है. ईडी ने इससे पहले मजिस्ट्रेट अदालत का रुख करके अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में केजरीवाल को जारी पहले तीन समन पर पेश न होने के लिए उन पर मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था.

**पीएम ने नगरकुरनूल में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, बोले**

# कांग्रेस, बीआरएस ने विकास के सपनों को चकनाचूर कर दिया

**भाषा। हैदराबाद**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने अन्य कट्टर भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा. हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भाजपा को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है.

उन्होंने कहा, बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे कट्टर भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की. वह सच भी रोज बाहर आ रहा है. उन्होंने कहा, किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शा जाएगा. आज, मैं तेलंगाना के लोगों से वादा कर रहा हूं कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा. मुझे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में तेलंगाना के सहयोग की जरूरत है. प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और बीआरएस के कथित भ्रष्टाचार को लेकर भी



**खास बातें**

- बोले-किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा
- वंशवादी दलों में भ्रष्टाचार की साझेदारी बहुत मजबूत है

उन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया वंशवादी दलों में भ्रष्टाचार की साझेदारी बहुत मजबूत है.

**कांग्रेस और बीआरएस दोनों भ्रष्टाचार के साझेदार :** उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों भ्रष्टाचार के साझेदार हैं. मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 2जी घोटाला किया जबकि बीआरएस ने सिंचाई में घोटाला किया. कांग्रेस और बीआरएस दोनों भूमि माफिया का सहयोग करते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है. उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर तेलंगाना में भी ऐसा ही करना होगा. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़ी धनशोधन की जांच के संबंध में शुक्रवार को हैदराबाद में बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया. मोदी ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले ही लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 400 से अधिक सीटें आने पर अपना फैसला सुना दिया हैै

**अधीर रंजन का प्रधानमंत्री से आग्रह**

# आपके काफिले से लोगों को दिक्कत होती है, ध्यान दिया जाए

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि उनके काफिले की वजह से दिल्ली, विशेषकर मध्य दिल्ली में लगने वाले भारी यातायात जाम से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है तथा ऐसे में उन्हें हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि लोग कठिनाई से बच सकें. चौधरी ने मोदी को लिखे पत्र में यातायात जाम से जुड़े मुद्दे को उठाया और इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा लोगों के लिए अत्यधिक महत्व का विषय है और इसको लेकर कभी भी समझौता नहीं किया जा



सकता. उन्होंने कहा, फिर भी, यह एक तथ्य है कि सड़कों पर आने-जाने वाले लोगों को अक्सर मार्ग अवरोध होने से कठिनाई का सामना करना पड़ता है. इनमें दिहाड़ी मजदूर, मरीज, कार्यालय जाने वाले, स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे शामिल होते हैं. चौधरी का यह भी कहना है, मैंने सुना है और मुझे यह भी बताया गया है कि लोगों की उड़ानें, ट्रेन, परीक्षाएं छूट गईं.

### प्रसार भारती के अध्यक्ष बने पूर्व नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल

**नयी दिल्ली ।** सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह पद चार साल से खाली था. वह ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था. प्रकाश 70 वर्ष के हो गए थे, जो इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा है. सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च को जारी एक आदेश में कहा गया है, राष्ट्रपति को, चयन समिति की सिफारिश पर आईएएस के सेवानिवृत्त अधिकारी नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए प्रसन्नता है, जो उनके पद का कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि या उनके 70 वर्ष का होने तक प्रभावी होगी.

### 6.67 करोड़ रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त

**हैदराबाद ।** तेलंगाना के करीमनगर शहर में पुलिस ने शनिवार को एक मल्टीप्लेक्स से 6.67 करोड़ रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त कर ली. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने तलाशी ली और मल्टीप्लेक्स के एक कमरे से 6.67 करोड़ की 'बेहिसाब' नकदी बरामद की. इस मल्टीप्लेक्स का स्वामित्व कथित तौर पर करीमनगर लोस सीट से भारत राष्ट्र समिति के उम्मीदवार बी विनोद कुमार के रिश्तेदारों के पास है. अधिकारी ने कहा कि धनराशि जब्त कर ली गई है और आयकर विभाग को इस बारे में सूचित कर दिया गया है.

# भारत और ब्रिटेन के बीच 14वें चरण की एफटीए वार्ता संपन्न

**भाषा। लंदन**

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें चरण की बातचीत शुक्रवार को संपन्न हो गई. बातचीत की जानकारी रखने वाले ब्रिटेन के अधिकारियों के अनुसार, भारत में आगामी आम चुनाव के मद्देनजर यह वार्ता संपन्न होनी अपेक्षित थी और अगले चरण की औपचारिक व्यापार वार्ता लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद ही शुरू हो सकती है. जनवरी 2022 में शुरू हुई एफटीए वार्ता का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार के लिए महत्वाकांक्षी नतीजे हासिल करना है. पिछले महीने के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अभी दोनों देशों के बीच व्यापार एक साल में 38.1 अरब पाउंड के करीब है. ब्रिटेन में आधिकारिक सूत्रों ने बताया, हमारा अनुमान है कि थोड़ी बहुत बातचीत हो सकती है लेकिन अगले चरण की बातचीत भारत में चुनाव के बाद ही होगी. सूत्रों ने बताया, कोई भी पक्ष बातचीत से भाग नहीं रहा है. सिर्फ इतनी सी बात है कि हमारे पास किसी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए वह सब कुछ नहीं है जो वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के क्षेत्र में हमारी संयुक्त महत्वाकांक्षा को पूरा करता हो.

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा**

# एक डॉक्टर को किया गिरफ्तार

**भाषा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शनिवार को एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया. शनिवार को एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बिहार के डॉ. शुभम मंडल को एसटीएफ की मेरठ इकाई ने पकड़ा है.

बयान में कहा गया, मंडल उस आरोपी गिरोह का हिस्सा था जिसने अहमदाबाद के एक गोदाम में रखे परीक्षा प्रश्नपत्र को लीक किया था. मंडल को मेरठ की एसटीएफ इकाई ने बुलाया था और पूछताछ के बाद उसने उसे गिरफ्तार कर लिया. यह गिरफ्तारी पुलिस द्वारा तीन साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी की घोषणा के एक दिन बाद हुई, जो प्रश्नपत्रों की ढुलाई करने वाली कंपनी के पूर्व कर्मचारी थे. तीनों ने कंपनी के कुछ मौजूदा कर्मचारियों के साथ मिलकर फरवरी के पहले सप्ताह में भर्ती के प्रश्नपत्र को लीक करने के काम को अंजाम दिया था. पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि प्रश्न पत्र तब लीक हुआ था जब इसे एक प्रिंटिंग प्रेस से स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाया जा रहा था और इसे अहमदाबाद में एक गोदाम में रखा गया था. पुलिस के अनुसार मंडल सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का हिस्सा था. पुलिस के मुताबिक इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या अब 55 हो गयी है. राज्य में 17 और 18 फरवरी को आयोजित कांस्टेबल भर्ती की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी.

### रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए जारी रहा मतदान

**मॉस्को ।** रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान के दूसरे दिन शनिवार को मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं. चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को छह और साल का कार्यकाल मिलना तय माना जा रहा है. देश के 11 टाइम जोन के साथ ही यूक्रेन के अवैध रूप से कब्जाए क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों में मतदान जारी है. यह चुनाव स्वतंत्र मीडिया और प्रतिष्ठित अधिकार समूहों के दमन, पुतिन को राजनीतिक व्यवस्था पर पूर्ण नियंत्रण देने और यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के युद्ध के दो साल पूरे होने के बाद हो रहा है. चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब पुतिन के राजनीतिक विरोधी या तो जेल में हैं या विदेश में निर्वासित हैं. विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की फरवरी में आर्कटिक जेल में 47 वर्ष की आयु में मौत हो गई थी.

**नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान का हाल**

# सऊदी अरब ने पाकिस्तान की पूरी मदद करने का दिया भरोसा

**भाषा। इस्लामाबाद**

सऊदी अरब के युवराज और वस्तुतः शासक मोहम्मद बिन सलमान ने शनिवार को पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भरोसा दिया कि वह आर्थिक संकट से गुजर रहे उनके देश को पूरा समर्थन देंगे. सऊदी अरब ने हाल के वर्षों में पाकिस्तान के कम विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए बड़ी मात्रा में राशि पाकिस्तान के बैंक में जमा कराया और नकदी संकट से जूझ रहे देश की मदद की.

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज को सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री ने टेलीफोन पर बातचीत कर बधाई दी है. बयान में कहा गया, सऊदी युवराज ने प्रधानमंत्री को उनकी उदार भावनाओं के लिए धन्यवाद दिया.

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ भाईचारे के रिश्ते हैं और उन्होंने पाकिस्तान के प्रति सऊदी अरब के समर्थन को दोहराया. प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को सऊदी अरब के साथ अपने ऐतिहासिक, गहरे और भाईचारे वाले संबंधों पर गर्व है और दोनों देश हर सुख-दुख में हमेशा एक साथ खड़े रहे हैं. उन्होंने पाकिस्तान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए सऊदी अरब की सराहना की.

### वाईएसआरसीपी ने उम्मीदवारों की सूची जारी की

**अमरावती (आंध्र प्रदेश) ।** वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने शनिवार को आंध्र प्रदेश की सभी 175 विधानसभा सीटों और 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की. सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी ने कडपा जिले के इडुपुलुपाया में पार्टी सुप्रीमो वाईएस जगन मोहन रेड्डी की उपस्थिति में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की समाधि पर उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की. बापटला के सांसद नंदीगाम सुरेश ने लोकसभा चुनाव के लिए सूची से उम्मीदवारों के नाम पढ़कर बताए, जबकि राजस्व मंत्री डी. प्रसाद राव ने विधानसभा चुनाव के लिए सूची से प्रत्याशियों के नाम बताए.




**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# साइकोलॉजिस्ट के रूप में बना सकते है अपना कॅरियर, जानिए कैसे बनें साइकोलॉजिस्ट

**एक साइकोलॉजिस्ट वह है, जो मानव मन और मानवीय भावनाओं और व्यवहार का अध्ययन करता है और इस बात का आकलन करता है कि विभिन्न स्थितियों का लोगों पर कैसा-कैसा प्रभाव पड़ता है. साइकोलॉजिस्ट, साइकोलॉजिकल डिस्ऑर्डर्स और इश्यूज का सामना करने वाले लोगों की भी मदद करते हैं और उन्हें बेस्ट सूटेबल ट्रीटमेंट्स देते हैं. साइकोलॉजिस्ट भी कई तरह के होते हैं और उनका संबंधित क्षेत्र में कौशल होता है.**



### साइकोलॉजिस्ट कैसे बनें

1. किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से 10 2 का पाठ्यक्रम साइंस स्ट्रीम में पूरा करें.
2. साइकोलॉजी में बैचलर कोर्स का चुनाव करें और उसे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करें.
3. बैचलर कोर्स पूरा कर लेने के बाद साइकोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए मास्टर्स कोर्स करें.
4. साइकोलॉजिस्ट के लिए जरूरी स्किल्स अपनाएं या और बेहतर करें. जैसे- कम्यूनिकेशन, प्रॉब्लम सॉल्विंग, रिसर्च, एंपैथी, पेशेंस आदि.
5. अब आप साइकोलॉजिस्ट के तौर पर किसी टॉप रिक्रूटिंग कंपनी में काम करने के लिए तैयार हैं.
6. अपने लिए अच्छी सैलरी पैकेज वाली टॉप रिक्रूटिंग कंपनी की तलाश करें और वहां आवेदन करें.

### साइकोलॉजिस्ट के लिए जरूरी स्किल्स

- कम्यूनिकेशन
- प्रॉब्लम सॉल्विंग
- रिसर्च
- एंपैथी
- पेशेंस
- एथिक्स
- ऑब्जर्वेशन
- इंटरपर्सनल कम्यूनिकेशन
- क्रिटिकल थिंकिंग
- एनालिटिकल स्किल
- टाइम मैनेजमेंट
- सोशल स्किल्स
- इमोशनल इंटेलिजेंस
- सेल्फ अवेयरनेस

### साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए पाठ्यक्रम

- डिप्लोमा इन साइकोलॉजी
- बीए साइकोलॉजी
- बीएससी कोंगनिटिव साइंस
- बीएससी हेल्थ विहेवियर साइंस
- बीएससी साइकोलॉजी, बीएससी बिजनेस साइकोलॉजी
- बीएससी फोरेंसिक साइकोलॉजी
- बीएससी क्रिमिनोलोजी एंड साइकोलॉजी,
- बीएससी सोशल साइकोलॉजी
- बीए डेवलपमेंट स्टडिज
- एमए साइकोलॉजी, एमएससी साइकोलॉजी
- एमएससी आर्गनाइजेशनल साइकोलॉजी
- एमएससी क्लिनिकल साइकोलॉजी,
- मास्टर ऑफ साइकोलॉजी
- एमए काउंसिलिंग साइकोलॉजी
- एमएससी डेवलपमेंट साइकोलॉजी
- एमए डेवलपमेंट साइकोलॉजी एमएड करिकुलम इंट्रोडक्शनल एंड एजुकेशनल साइकोलॉज

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोलॉजी एंड एलायड साइंसेज, नोएडा
- एपीजे कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स, पंजाब
- आर्यभट्ट कॉलेज, दिल्ली
- अशोक विश्वविद्यालय, हरियाणा
- लेडी श्रीराम कॉलेज, नई दिल्ली
- सिंबायोसिस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, पुणे
- पटना महिला कॉलेज, पटना
- बेथ्यून कॉलेज, कोलकाता
- बीजेबी ऑटोनॉमस कॉलेज, भुवनेश्वर
- संत पॉल्स कॉलेज, रांची

### कॅरियर स्कोप

- क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
- बायोगेरोन्टोलॉजिस्ट
- चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट
- कॉग्निटिव न्यूरोसाइंटिस्ट
- कॉग्निटिव साइकोलॉजिस्ट
- कम्यूनिटी साइकोलॉजिस्ट
- कंपैरेटिव साइकोलॉजिस्ट
- कंज्यूमर साइकोलॉजिस्ट
- काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट
- क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट
- कल्चरल साइकोलॉजिस्ट
- डेवलपमेंटल साइकोलॉजिस्ट
- एजुकेशनल साइकोलॉजिस्ट
- इंजीनियरिंग साइकोलॉजिस्ट
- एनवायरमेंटल साइकोलॉजिस्ट
- एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट
- फॉरेंसिक साइकोलॉजिस्ट
- गैरीएट्रिक साइकोलॉजिस्ट
- गेरोन्टोलॉजिस्ट
- जेरोसाइकोलॉजिस्ट
- हेल्थ साइकोलॉजिस्ट
- मीडिया साइकोलॉजिस्ट
- मिलिट्री साइकोलॉजिस्ट
- नेवी साइकोलॉजिस्ट
- न्यूरोलॉजिस्ट
- न्यूरोपैथोलॉजिस्ट
- न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट
- ऑर्गेनाइजेशनल-इंडस्ट्रियल साइकोलॉजिस्ट
- साइकेट्रिस्ट
- साइकोलॉजिकल एंथ्रोपोलॉजिस्ट
- रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजिस्ट
- स्कूल साइकोलॉजिस्ट
- सोशल जिरन्टोलॉजिस्ट
- सोशल साइकोलॉजिस्ट
- स्पिरिचुअल साइकोलॉजिस्ट
- स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट
- ट्रांसपर्सनल साइकोलॉजिस्ट

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)